सूर्योदय प्रातः 6:11 | सूर्यास्त संध्या 5:52 | पखवाड़ा भाद्रपद शु. तृतीया/चतुर्थी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 26° न्यूनतम 13°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, सोमवार, 14 सितम्बर 2026, वर्ष : 17, अंक : 211, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions




**शेयर बाजार**

सेंसेक्स 72,304.88 -790.34 (-1.08%)

निफ्टी 21,951.15 -247.20 (-1.11%)

**सर्राफा बाजार** प्रति 10 ग्राम, 24 carat

सोना 57,590.00

चांदी 739.00

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पारम्परिक चिकित्सा पर ब्रिक्स विशेषज्ञ कार्य समूह के गठन पर सहमति

# नयी दिल्ली घोषणापत्र को मिला वैश्विक समर्थन

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : देश में आयोजित हुए 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में स्वीकृत 'नयी दिल्ली घोषणापत्र' में पारम्परिक, पूरक और एकीकृत चिकित्सा (टीसीआईएम) के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बड़ा बढ़ावा दिया गया है। घोषणापत्र में स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ बनाने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के लक्ष्य को हासिल करने में टीसीआईएम की बढ़ती भूमिका को औपचारिक मान्यता दी गयी है। साथ ही, ब्रिक्स हेल्थ ट्रैक के तहत टीसीआईएम पर एक विशेष 'ब्रिक्स विशेषज्ञ कार्य समूह' (एक्सपर्ट वर्किंग ग्रुप) स्थापित करने के प्रस्ताव का स्वागत किया गया है।

केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने इस निर्णय को वैश्विक स्वास्थ्य के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि नयी दिल्ली घोषणापत्र में टीसीआईएम को मान्यता मिलना पारंपरिक चिकित्सा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर है। प्रस्तावित विशेषज्ञ कार्य समूह सदस्य देशों के बीच ज्ञान साझा करने, अनुसंधान को बढ़ावा देने और साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करेगा। भारत वैज्ञानिक अनुसंधान, गुणवत्ता आश्वासन और वैश्विक साझेदारी के माध्यम से आयुर्वेद व अन्य पारम्परिक चिकित्सा पद्धतियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सुरक्षित, प्रभावी और किफायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित हो सके।

आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने बताया कि घोषणापत्र ब्रिक्स देशों के बीच टीसीआईएम पर एक संरचित सहयोग की नींव रखता है। यह कार्य समूह साक्ष्य साझा करने, शोध साझेदारी बढ़ाने और विनियामक व गुणवत्ता मानकों को सुधारने में मददगार साबित होगा। भारत अपने आयुष इकोसिस्टम के जरिए वैज्ञानिक अनुसंधान और साक्ष्य-आधारित प्रथाओं को बढ़ावा देकर इस सहयोग में सक्रिय भूमिका निभायेगा।

घोषणापत्र में उपचारात्मक और निवारक उद्देश्यों के लिए औषधीय पौधों और हर्बल उत्पादों पर केंद्रित अनुसंधान में सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया गया है। इसमें इस बात को रेखांकित किया गया कि ब्रिक्स देशों की पारम्परिक औषधीय पद्धतियां सुरक्षित और प्रभावी उत्पाद विकसित करने का बड़ा आधार बन सकती हैं। साथ ही, सदस्य देशों के राष्ट्रीय संदर्भों के अनुरूप साक्ष्य आधारित दृष्टिकोण और नियामक ढांचे के जरिये इन पद्धतियों की गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रभावकारिता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत इस वर्ष 21 जुलाई को चंडीगढ़ में पारम्परिक, पूरक और एकीकृत चिकित्सा पर एक अहम बैठक आयोजित की गयी थी। उस बैठक में विशेषज्ञ कार्य समूह की संदर्भ शर्तों (टीओआर) पर सर्वसम्मति बनी थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की वैश्विक पारम्परिक चिकित्सा रणनीति 2025-2034 के परिप्रेक्ष्य में भी ब्रिक्स के इस कदम को पारम्परिक चिकित्सा के वैज्ञानिक एकीकरण की दिशा में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है।




## ब्रिक्स समाधानों का पारिस्थितिकी तंत्र, दुनिया को बड़ी अपेक्षाएं : मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के समापन सत्र में सभी देशों की सक्रिय भागीदारी और महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों की चर्चाओं ने इस विश्वास को और मजबूत किया है कि ब्रिक्स केवल देशों का समूह नहीं, बल्कि समाधानों का एक पारिस्थितिकी तंत्र है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सम्मेलन में अपनायी गयी 'नयी दिल्ली घोषणा' साझा दृष्टिकोण और भविष्य के सहयोग को स्पष्ट दिशा देगी। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स में हुई चर्चाओं और तय परिणामों को समयबद्ध कार्रवाई और अंतिम स्तर तक प्रभाव से जोड़ना होगा। उन्होंने कहा, 'ब्रिक्स अपने तीसरे दशक में प्रवेश करने जा रहा है। दुनिया अब हमसे केवल विचारों और प्रतिबद्धताओं की ही नहीं, बल्कि ठोस परिणामों की भी अपेक्षा करती है। मुझे विश्वास है कि हमारे साझा प्रयासों से हम निश्चित रूप से इन




अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।' उन्होंने ब्रिक्स के अगले मेजबान के रूप में चीन को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स के ढांचे को केवल फाइलों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जमीन पर वास्तविक बदलाव और प्रभाव दिखाई देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी देश मिल कर इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागियों के विचारों और सुझावों ने सहयोग को व्यापक और गहरा बनाने में योगदान दिया है। उनकी उपस्थिति ब्रिक्स की बढ़ती प्रासंगिकता, खुलेपन और समावेशिता को दर्शाती है।

### ब्रिक्स में ग्लोबल साउथ का विश्वास बढ़ा, तकनीकी विकास समावेशी हो

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि ब्रिक्स में ग्लोबल साउथ के देशों का विश्वास बढ़ा है। इसका कारण यह है कि उनकी आवाज यहां सुनी जाती है और उनके अनुभव का सम्मान होता है। साथ ही, समाधान उनके लिए नहीं, बल्कि उन्हें साथ लेकर बनाये जाते हैं। इसके साथ ही उन्होंने तकनीक और दुर्लभ खनिजों को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किये जाने पर चिन्ता जतायी और इनके उपयोग को समावेशी बनाये जाने पर बल दिया।

प्रधानमंत्री ने रविवार को भारत मंडपम में आयोजित ब्रिक्स शिखर वार्ता के लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता पर आयोजित सत्र में अपने स्वागत भाषण में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स की शक्ति उसकी विविधता और सहयोग में है। ऐसे में विविधता ही हमारी पहचान बननी चाहिए, सहयोग ही हमारी प्रेरणा बनना चाहिए और हमारी प्रगति पूरी मानवता के काम आनी चाहिए।

उन्होंने कहा, 'आज यह सभागार अलग-अलग महाद्वीपों, संस्कृतियां और विकास यात्राओं को एक साथ जोड़ रहा है। यह ब्रिक्स की बढ़ती ताकत, आकर्षण और अभूतपूर्व विश्वास का प्रमाण है।'

मोदी ने कहा कि ब्रिक्स ने चार स्तम्भों के माध्यम से समावेशी वैश्विक विकास को बढ़ावा देने के प्रयास किये हैं। भारत की अध्यक्षता ● शेष पृष्ठ 11 पर




## मोदी की कजाकिस्तान और फिलीपींस के राष्ट्रपतियों से द्विपक्षीय वार्ता

### रणनीतिक साझेदारी की मजबूती पर जोर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम जोमार्ट तोकायेव और फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर से अलग-अलग मुलाकात की। दोनों बैठकों में भारत के साथ द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। कजाकिस्तान के साथ राजनीतिक, व्यापार, रक्षा एवं सुरक्षा, सम्पर्क, ऊर्जा, महत्त्वपूर्ण खनिज और उभरती तकनीक सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा हुई, जबकि फिलीपींस के साथ रक्षा, व्यापार एवं निवेश, अंतरिक्ष, रेल बुनियादी ढांचे, वित्तीय तकनीक, शिक्षा, पर्यटन, विज्ञान एवं तकनीक तथा नवाचार में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने कजाकिस्तान के राष्ट्रपति के साथ ● शेष पृष्ठ 11 पर



## प्रधानमंत्री मोदी की युगांडा की उपराष्ट्रपति जेसिका से द्विपक्षीय वार्ता

### ग्लोबल साउथ की आवाज मजबूत करने पर बल

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर युगांडा गणराज्य की उपराष्ट्रपति जेसिका रोज एपेल अलुपो के साथ गर्मजोशी भरी और सार्थक द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और युगांडा के बीच द्विपक्षीय सम्बन्धों की व्यापक समीक्षा की और 'ग्लोबल साउथ' के साझा हितों को वैश्विक मंचों पर मजबूती से उठाने के लिए आपसी जुड़ाव बढ़ाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, दोनों नेताओं ने प्रौद्योगिकी साझेदारी, क्षमता निर्माण, ज्ञान साझाकरण, निवेश सुविधा और दोनों देशों के निजी क्षेत्रों के बीच सहयोग के माध्यम से प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में साझेदारी को और विस्तार देने पर जोर दिया। दोनों पक्षों ने रेखांकित किया कि भारत और युगांडा के बीच विकास साझेदारी ● शेष पृष्ठ 11 पर



## प्रधानमंत्री ने मिस्र और इंडोनेशिया के नेताओं से की बातचीत

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो के साथ संवाद किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा करते हुए बताया कि राष्ट्रपति अल-सिसी के साथ शानदार बातचीत हुई। हमने कई मुद्दों पर चर्चा की, विशेष रूप से क्षेत्रीय मुद्दों और भारत-मिस्र की दोस्ती पर, जो हाल के दिनों में काफी मजबूत हो रही है। वहीं, राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मुलाकात को उन्होंने बेहद सुखकारी बताया। ● शेष पृष्ठ 11 पर



## एक झलक

### गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने देशवासियों को दीं शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर देश और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने भगवान श्री गणेश को बुद्धि, समृद्धि और शुभारम्भ का प्रतीक बताते हुए लोगों के जीवन में सुख, शांति, अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार, उन्होंने अपने संदेश में कहा कि गणेश चतुर्थी का पर्व जीवन में ऊर्जा, ज्ञान और सकारात्मकता लेकर आता है। यह पवित्र पर्व लोगों को नये संकल्पों के साथ प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने भगवान श्री गणेश से सभी के जीवन में सुख, शांति, अच्छा स्वास्थ्य और समृद्धि लाने की प्रार्थना की। राष्ट्रपति ने देशवासियों से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया।

### बंगाल सरकार ने दिये 252 मदरसे बंद करने के आदेश

**कोलकाता** : कोलकाता में पश्चिम बंगाल सरकार ने 252 मदरसों को बंद करने का आदेश दिया है। करीब 100 अन्य मदरसों को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है। सरकार का दावा है कि राज्यभर में हुए सर्वे में इन संस्थानों के पास जरूरी मंजूरी और बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलीं। यह कार्रवाई अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग ने की है। आदेश जारी करने के बाद सरकार ने रविवार को ये भी बताया कि जरूरी मंजूरी वाले मदरसे चलते रहेंगे।

### 30 करोड़ की हेरोइन और अफीम बरामद

**श्रीगंगानगर** : भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर श्रीगंगानगर सेक्टर के रावला क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में करीब 5 किलो 600 ग्राम हेरोइन और 500 ग्राम अफीम बरामद की है। बरामद नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 30 करोड़ रुपये आंकी गई है। प्रारंभिक जांच में यह खेप पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए भारतीय क्षेत्र में पहुंचाए जाने की आशंका जताई जा रही है।

## अंदर के पन्नों पर


3 रांची में 80.60 लाख की कथित धोखाधड़ी...

5 एसआईआर प्रक्रिया की आयुक्त ने की औचक...

7 17 सितम्बर से शुरू होगा भाजपा का सेवा संकल्प...

9 प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज दुनिया भारत का उदय देख...

10 भारत ने चीन को 1-0 से हरा कर जीता महिला जूनियर...


## कार्टून कोना




## सूखाग्रस्त क्षेत्रों की कृषि के लिए 'दिल्ली घोषणापत्र' जारी

**नयी दिल्ली** : सूखाग्रस्त और कम वर्षा वाले क्षेत्रों में खेती को टिकाऊ बनाने के लिए विज्ञान, उन्नत नवाचार और मजबूत आंकड़ा प्रणाली के साझा एजेंडे पर आधारित शुष्क भूमि पर खेती को लेकर 'दिल्ली घोषणापत्र' को सर्वसम्मति से स्वीकार किये जाने के साथ ही तीन दिवसीय ड्राइलैंड कांग्रेस 2026 का रविवार को यहां समापन हो गया।

सम्मेलन के दौरान कृषि को मजबूत बनाने के लिए वैश्विक फसल विविधता न्यास (ग्लोबल क्रॉप डायवर्सिटी ट्रस्ट) और विप्रो सहित कई संस्थानों के बीच अहम समझौते हुए। साथ ही, 34 देशों के 170 नामांकनों में से चयनित संस्थानों व वैज्ञानिकों को 'आईएसएससीए ग्लोबल अवॉर्ड्स 2026' और 16 शोधार्थियों को सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार से नवाजा गया।

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि यहां 'दक्षिण-दक्षिण सहयोग के साथ शुष्क भूमि कृषि में बदलाव' विषय पर आयोजित ● शेष पृष्ठ 11 पर

## केन्द्र सरकार ने 142 नये वृद्धाश्रम किये मंजूर

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केन्द्र सरकार ने देशभर में वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा, कल्याण और गरिमापूर्ण जीवन को सुनिश्चित करने के लिए 142 नए वरिष्ठ नागरिक गृह (वृद्धाश्रम) मंजूर किये हैं। अब तक 2.88 लाख से अधिक बुजुर्गों को आश्रय, पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य जांच और फिजियोथेरेपी जैसी अनिवार्य सहायता सेवाओं से लाभान्वित किया जा चुका है।

केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के मुताबिक, वरिष्ठ नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने, रोजमर्रा की देखभाल उपलब्ध कराने और उन्हें स्वतंत्र जीवन जीने में सक्षम बनाने के लिए बहुआयामी कदम उठाये जा रहे हैं। नये स्वीकृत वरिष्ठ नागरिक गृहों से उन वृद्धजनों ● शेष पृष्ठ 11 पर




■ 2.88 लाख से अधिक को मिली देखभाल सुविधा

## यूएन महासचिव ने बहुध्रुवीय विश्व के अनुरूप वैश्विक संस्थाओं में सुधार को बताया जरूरी

**नयी दिल्ली : संयुक्त** राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने रविवार को 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में कहा कि आज की आर्थिक, जनसांख्यिकीय और भू-राजनीतिक वास्तविकताएं 1945 जैसी नहीं हैं। वैश्विक संस्थाओं के ढांचे में समयानुसार बदलाव होना चाहिए। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और ब्रेटन वुड्स व्यवस्था में सुधार की जरूरत बतायी।

गुटेरेस ने कहा कि दुनिया तेजी से बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही है। बहुध्रुवीयता वैश्विक व्यवस्था और संस्थाओं में संतुलन और समानता लाने में मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स सम्मेलन की थीम के अनुरूप दुनिया को लचीलापन, नवाचार, सहयोग और टिकाऊ विकास पर आगे बढ़ना होगा। यह समावेशी वैश्विक विकास के लिए जरूरी है। गुटेरेस ने समावेशी वैश्विक विकास के लिए चार प्रमुख बिन्दुओं पर जोर दिया। इनमें पहला वित्तीय सुधार है। इसके तहत विकासशील देशों के लिए अधिक वित्तीय संसाधन, ऋण राहत और वैश्विक वित्तीय संस्थाओं में उनकी अधिक भागीदारी की जरूरत है।

# धनबाद की केशलपुर कुम्हारपट्टी में जोरदार आवाज के साथ भू-धंसान, तीन की मौत

■ बंद परियोजना में कोयला चुनने पहुंचे थे लोग, एक महिला गम्भीर रूप से घायल

■ कई के दबे होने की आशंका से मची अफरा-तफरी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद/बाघमार** : जिले के रामकनाली ओपी क्षेत्र के केशलपुर कुम्हारपट्टी स्थित वी पोइंट में रविवार की सुबह अचानक जोरदार आवाज के साथ भू-धंसान हुई। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी। हादसे में दो महिलाओं और एक युवक की मिट्टी व मलबे में दब कर जान चली गयी, जबकि एक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। मलबे में कुछ अन्य लोगों के दबे होने की आशंका भी जतायी गयी। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

बताया जाता है कि कतरास बाजार केवट टोला की चार महिलाएं सुबह जलावन के लिए बंद परियोजना क्षेत्र में कोयला चुनने गयी थीं। इसी दौरान अचानक जमीन में दरार पड़ी और देखते ही देखते भारी मात्रा में मिट्टी व मलबा नीचे खिसक गया। हादसे में मूंगिया देवी, आद्री देवी और धनंजय कुम्हार मलबे में दब गये। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों के परिजन शवों को अस्पताल से अपने साथ ले गये और पोस्टमार्टम नहीं कराया।

हादसे में सीमा देवी, पति भरत सोनी गम्भीर रूप से घायल हुई हैं। उनके बायें पैर में गहरी चोट लगी है और कतरास के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।



### एक वर्ष पहले दी गयी थी घर खाली करने की नोटिस

**रामकनाली** ओपी प्रभारी अलीशा कुमारी ने बताया कि कोयला चुनने के दौरान महिलाओं की मौत हुई है। घटना की जानकारी कतरास क्षेत्र के महाप्रबंधक को दे दी गयी है। वहीं, बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के महाप्रबंधक बीके झा ने कहा कि एकेडब्लूएमसी की बंद परियोजना के समीप स्थित कुम्हार बस्ती के लोगों को करीब एक वर्ष पहले ही घर खाली करने की नोटिस दी गयी थी। क्षेत्र में खतरे के संकेत वाले बोर्ड भी लगाये गये थे। इसके बावजूद लोग चेतावनी की अनदेखी कर कोयला और मिट्टी लेने वहां पहुंच रहे थे।

**अवैध उत्खनन पर रोक नहीं लगी, तो आनेवाले दिनों में इससे भी बड़ी घटना होगी : विजय कुमार झा**

**बियाडा** के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा ने घटना को गम्भीर बताते हुए कहा कि कतरास क्षेत्र में लगातार हो रहीं भू-धंसान की घटनाएं बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन की ओर इशारा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि अवैध उत्खनन पर रोक नहीं लगी, तो आनेवाले दिनों में इससे भी बड़ी घटना हो सकती है। उन्होंने छाताबाद, पूर्वी क्षेत्र, लकड़का और केशलपुर में हुई भू-धंसान की घटनाओं का हवाला देते हुए सीआइएसएफ की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाया। कहा कि टोल फ्री नम्बर जारी करने के बावजूद अवैध उत्खनन जारी रहना सुरक्षा व्यवस्था की विफलता है।

**प्रबंधन नहीं ले रहा सबक : जलेश्वर महतो**

**पूर्व** मंत्री जलेश्वर महतो भी सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंचे और मृतकों के प्रति गहरी संवेदना जतायी। उन्होंने कहा कि कतरास क्षेत्र में लगातार भू-धंसान की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन इससे कोई सबक नहीं ले रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### तीन दिनों लापता भुंदुल बड़ाइक का शव तालाब से बरामद



**बेड़ो :** बेड़ो में पिछले दिनों 11सितंबर शाम से लापता 50 वर्षीय भुंदुल बड़ाइक का शव रविवार सुबह थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली गांव के सरना स्थल के समीप बोका टिकरा तालाब में तैरता मिला। तालाब किनारे ग्रामीणों देखी इसकी सूचना पुलिस व स्वजनों को दी। सूचना मिलने पर बेड़ो थाना पुलिस के थाना प्रभारी कफील अहमद, एसआई उत्तम पासवान, एएसआई आशीष रंजन मौके पर पहुंचे और शव को तालाब से बाहर निकलवाकर पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के लिए रिम्स भेजा दिया। जानकारी के अनुसार बेड़ो बस्ती के रहने वाले भुंदुल बड़ाइक 11 सितंबर शुक्रवार शाम करीब छह बजे अचानक लापता हो गए थे। स्वजनों ने उसे बहुत ढूंढा, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने रात में ही पुलिस को सूचना दी थी। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद बेड़ो की मुखिया सुशांति भगत, पंसस राखी भगत उप मुखिया संतोष दास, झामुमो के मुन्ना बड़ाईक, शिव सेना प्रखंड प्रमुख बजरंग गोप, शिव सेना युवा प्रमुख अपूर्व लाल खन्ना, दीपक गोप, बलकु बड़ाइक, बुधुवा उरांव, चरवा उरांव, संतोष उरांव, बासु उरांव समेत बेड़ो के दर्जनों लोग पहुंचे।

### तीज को लेकर भुरकुंडा बाजार हुआ गुलजार, विश्वकर्मा पूजा की तैयारी तेज



**भुरकुंडा :** तीज पर्व को लेकर भुरकुंडा बाजार की रौनक इन दिनों देखते ही बन रही है। खासकर तीज को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।तीज सुहागिन महिलाओं का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए महिलाएं इस दिन निर्जला व्रत रखती हैं। इसे लेकर भुरकुंडा बाजार में श्रृंगार की दुकानों पर सबसे ज्यादा भीड़ है। मेहंदी, सिंदूर, चूड़ी, बिंदी, साड़ी, लहठी और आलता की जमकर खरीदारी हो रही है।स्थानीय दुकानदार ने बताया कि इस बार तीज पर नई डिजाइन की साड़ियों और चूड़ियों की मांग ज्यादा है। कई महिलाएं दो दिन पहले से ही मेहंदी लगवाने में जुटी हैं। बाजार में 50 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की चूड़ियां और श्रृंगार सामग्री उपलब्ध है। वहीं विश्वकर्मा पूजा की तैयारी भी जोरों पर है। भुरकुंडा के सुभाष चौक, अंबेडकर चौक और रेलवे कॉलोनी सहित कई जगहों पर पूजा समितियों द्वारा भव्य पंडाल बनाए जा रहे हैं। मूर्तिकार दिन-रात मेहनत कर बाबा विश्वकर्मा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे हैं।

### बारीडीह जतरा मैदान में हुई पड़हा प्रेमियों की बैठक



**बेड़ो :** 8 पड़हा, 12 पड़हा व 21 पड़हा के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को पड़हा जतरा मैदान बारीडीह में 12 पड़हा राजा विशाल उरांव की अध्यक्षता में एक विशेष पड़हा बैठक का आयोजन किया गया। सभी गांव के पड़हा सदस्यों ने पड़हा व्यवस्था को व्यवस्थित ढंग से चलाने हेतु अपना-अपना विचार व्यक्त किया। साथ ही पड़हा व्यवस्था के विषय में विस्तृत रूप से बताने हेतु गांव गांव जाकर पारंपरिक ग्राम सभा का गठन करने का निर्णय लिया गया। सभी पड़हा गांव में जाने के लिए एवं पड़हा के गति को बढाने हेतू एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सभी कमेटी के सदस्यों को अपना अपना कार्यभार सौंपा गया। जिसमें लिपिक विभाग, संगठन सशक्तिकरण विभाग एवं संपर्क विभाग, प्रचार प्रसार विभाग व सरकारी समन्वय विभाग शामिल हैं। जिसमें सरकार के द्वारा विभिन्न योजनाओं की संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर पड़हा समाज में जानकारी देना। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि ग्राम प्रधान को पड़हा बैठक में शामिल होने हेतु पत्रों के माध्यम से सूचना देकर ऐतिहासिक पड़हा जतरा मैदान बारीडीह में एक तिथि घोषित करके बुलाया जाए। जिससे पड़हा व्यवस्था और भी सुदृढ़ ढंग से चल सके। मौके पर मुख्य रूप से 21पड़हा राजा महादेव कुजूर, 8 पड़हा राजा चरवा उरांव, 12 पड़हा राजा विशाल उरांव, मीडिया प्रभारी चरवा उरांव, दीवान बिरूवा खेस, धनंजय कुमार राय, जुगेश उरांव, सुका उरांव, जगरनाथ उरांव, एतवा उरांव, पीटर तिर्की, सुका भगत, मंगु पुजार, मंगरू मुंडा, हालू उरांव, लगना उरांव सनिका मुंडा व खुशी उरांव समेत दर्जनों पड़हा प्रेमी मौजूद थे।

60 दिवसीय मेगा अभियान के तहत इंसान व वन्यजीवों के बीच टकराव के पीड़ितों के लिए न्याय तक पहुंच पर नालसा योजना-2025 जागरूकता कार्यक्रम

# वन्यजीव संघर्ष के पीड़ितों को मुआवजा दिलाना ही लक्ष्य : डालसा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** महुआजारी पंचायत भवन एवं बांसजाड़ी गांव में ग्रमीणों को नालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में से एक प्रमुख योजना इंसान और वन्यजीवों के बीच टकराव (एच.डब्ल्यू.सी.) के पीड़ितों के लिए न्याय तक पहुंच पर नालसा योजना, 2025, पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को जानकारी दी गयी। ज्ञात हो कि झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा सदस्य सचिव, झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव के नेतृत्व में 60 दिवसीय मेगा जागरूकता अभियान (चरण-1) होना सुनिश्चित हुआ है, जो कि 60 दिनों तक चलेगा। डालसा टीम में शामिल पीएलवी ने कहा कि भारत में जंगलों के सिकुड़ने और इंसानी बस्तियों के विस्तार के कारण मानव और वन्यजीवों के बीच टकराव तेजी से बढ़ा है. हाथियों, बाघों और तेंदुओं जैसे वन्यजीवों के हमलों में हर साल सैकड़ों लोग अपनी जान गंवाते हैं और फसलों को भारी नुकसान होता है. इस गंभीर समस्या से प्रभावित लोगों, विशेषकर आदिवासी और ग्रामीण समुदायों को त्वरित न्याय, कानूनी सहायता और मुआवजा दिलाने के लिए राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण ने मानव-वन्यजीव संघर्ष पीड़ितों के लिए न्याय तक पहुंच योजना-2025 की शुरूआत की है। डालसा टीम के सदस्यों के द्वारा डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से घर-घर जाकर पूछताछ की एवं उनके समस्याओं को सुना तथा उनकी समस्याओं को दूर करने की बातें कही। ग्रामीणों से प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन योजना, पी.एम. किसान योजना एवं अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन लिये गये। लगभग 350 लोग जागरूक हुए। मौके पर डालसा के कार्यरत पीएलवी कालिन्दर गोप ने उपस्थित ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की जानकारी दी आगे उन्होंने बाल बिवाह तथा बाल श्रम पर भी फोकस किये। इस अवसर पर डालसा टीम में पीएलवी कालिन्दर गोप एवं बांसजाड़ी गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

## बेड़ो में आज से पांच दिवसीय गणेश पूजा, उमड़ेगा आस्था का सैलाब



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** श्री श्री राधेकृष्ण यूथ संगम गणेश पूजा महासमिति बेड़ो के तत्वधान में पांच दिवसीय गणेश महोत्सव का आयोजन भव्य गणेश पूजा पंडाल में भारतीय संस्कृति व कथककली थीम के प्रारूप का का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। जो श्रद्धालुओं को अपनी और आकर्षित करेगा। जिसकी भव्यता रात्रि में देखते ही बनेगी। पंडाल के अंदर गणपति बप्पा का दर्शन करने के बाद श्रद्धालु चलित मूर्ति का अवलोकन कर सकेंगे। समिति की ओर से इस वर्ष भव्य विद्युत सज्जा भी की जा रही है। पूजा पंडाल आने वाले मार्गों पर कई तोरण द्वार होंगे। जिसमें एफिल टावर, ड्रैगन व तितली द्वार लोगों को अपनी और आकर्षित करेगा। साथ ही गुमला रोड,लोहरदगा रोड व थाना के समीप भव्य व आकर्षक तोरणद्वार बनाई गई है। इधर विनय पतरा स्थित द्वारसिनी गणेश मंदिर प्रांगण की साफ सफाई कैलाश कुमार की देखरेख रंग रोगन की गई। यहां गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूजा होगी जिसमें सभी भक्तगण सादर आमंत्रित हैं।

## सड़क के कालीकरण की उठी मांग, पूर्व प्रमुख ने किया स्थल निरीक्षण



- डोमा नदी पर पुल बनने के दस साल बाद भी गांवों का सम्पर्क अधूरा, सड़क निर्माण से ग्रामीणों को मिलेगी बड़ी राहत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखंड क्षेत्र के आनन्दी से बसुवा टोली, सरना टोली एवं दड़दाग को जोड़ने वाली सड़क के कालीकरण की मांग को लेकर प्रस्तावित सड़क का पूर्व कार्यकारी प्रमुख जय गोविंद साहू उर्फ लालू समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने मुआयना किया। इस दौरान सड़क की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए निर्माण कार्य को लेकर आवश्यक पहल करने पर चर्चा की गई। पूर्व प्रमुख जय गोविंद साहू उर्फ लालू साहू ने कहा कि इस सड़क का निर्माण होने से क्षेत्र के कई गांवों का आपसी संपर्क सुगम होगा। ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और उन्हें मुख्य मार्ग तक पहुंचने में होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग को देखते हुए सड़क निर्माण के लिए हरसंभव पहल की जाएगी। वहीं एकता मंच के अध्यक्ष मोतीलाल महतो ने कहा कि करीब दस वर्ष पूर्व डोमा नदी पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से पुल का निर्माण कराया गया था, लेकिन अब तक गांवों को जोड़ने वाली सड़क की समुचित व्यवस्था नहीं होने से पुल का अपेक्षित लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग से सड़क का कालीकरण कराकर गांवों को बेहतर संपर्क सुविधा से जोड़ने की मांग की। सड़क निरीक्षण के दौरान प्रो. शैलेन्द्र मिश्र, मोतीलाल महतो, ग्राम प्रधान नन्द किशोर मुंडा, सुनील नायक, नरेश महतो एवं सहज नाथ महतो सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर युवा दस्ता की नयी कार्यकारिणी गठित, राजेश गुप्ता छोटू बने अध्यक्ष

**रांची :** युवा दस्ता रांची की बैठक रविवार को श्री दुर्गा मंदिर, बड़ा तालाब परिसर में अध्यक्ष राजेश गुप्ता छोटू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वर्ष 2026 की दुगार्पूजा को सफल बनाने की तैयारियों और आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजन की रूपरेखा तैयार करने की जिम्मेदारी मुख्य सलाहकार समिति को सौंपी गई। बैठक में किशोर साहू, गोपाल पारीक, उपेंद्र रजक, महेश चंद्र लंकेश सिंह, प्रकाश चंद्र, मनीष साहू, अभय सिंह और संदीप रजक को मुख्य सलाहकार समिति में शामिल किया गया। समिति की उपस्थिति में युवा दस्ता की वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से कराया गया। नई कार्यकारिणी में राजेश गुप्ता छोटू को अध्यक्ष, राहुल सिंहा चंकी को संरक्षक और पीयूष आनंद को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया।

## डाड़ीडीह में गहदम करमा झूमर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पतरातू :** डाड़ीडीह में रविवार को को गहदम करमा झूमर प्रतियोगिता समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कुल 41 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता सुरेश महतो ने की। जबकि मंच संचालन गोविंद महतो और दिलीप कुमार महतो के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी और विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज बाजपेयी महतो, जिला पार्षद राजाराम प्रजापति, कुमेश्वर महतो, कुर्मी महासभा की प्रदेश मुखिया पानो देवी, किशोर कुमार महतो, गंगाधर महतो, जयप्रकाश सिंह, अजय सिंह, बीना कुमारी, उप मुखिया उमा कुमारी, नंदकिशोर महतो, उज्जवल सिंह आदि उपस्थित थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि हम सभी झारखंड की महान लोक-संस्कृति और परंपरा के प्रतीक महापर्व करमा के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। करमा पर्व केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि प्रकृति, भाई-बहन के प्रेम, सुख-समृद्धि और सामुदायिक एकता का पर्व है। करमा में करम देवता और करम वृक्ष की पूजा होती है, जो मेहनत, अच्छे कर्म और प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश देता है। इस अवसर पर बहनें भाइयों की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। वहीं भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज बाजपेई महतो ने कहा कि झारखंड की पहचान उसकी जल, जंगल, जमीन और समृद्ध आदिवासी एवं लोक संस्कृति से है। हमारा दायित्व है कि अपनी परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं और प्रकृति की रक्षा करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से संरक्षक गंगाधर महतो, धनेश्वर महतो, गोपाल महतो, सुखदेव महतो, वेतन महतो, कामेश्वर महतो, शंकर महतो, महेंद्र महतो, किशोर कुमार, नकुल कुमार, विकास कुमार, सुधीर कुमार, कपिल कुमार, तिलेश्वर कुमार, अजय कुमार, प्रदीप कुमार, आशीष कुमार, सुजीत कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## बुढ़मू दुर्गा पूजा समिति की बैठक में नयी कमेटी का गठन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** बुढ़मू दुर्गा पूजा समिति की बैठक रविवार को शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही पूजा को भव्य एवं सफल बनाने के उद्देश्य से नई कमेटी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से उप प्रमुख हरदेव साहू को संरक्षक तथा जलेश्वर सिंह, बहादुर साहू, गोवर्धन लोहरा, कृष्णा गुप्ता, राजू गोस्वामी और नंदकिशोर साहू को उप संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। हरिओम साहू को अध्यक्ष, ओम प्रकाश सिंह को उपाध्यक्ष, प्रदीप साहू को सचिव, नंदलाल साहू एवं प्रदीप साहू मालाकार को उपसचिव बनाया गया। वहीं अशोक साहू को कोषाध्यक्ष, विष्णु साहू को उप कोषाध्यक्ष तथा प्रकाश साहू और चंदन साहू को अंकेक्षक की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में समिति के अन्य सदस्यों को भी पूजा की तैयारियों और आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। समिति के सदस्यों ने कहा कि इस वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आपसी भाईचारे के साथ भव्य रूप से किया जाएगा। पूजा को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों ने मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# बैभव बिरसा ढाबा का हुआ शुभारम्भ



- विधायक प्रतिनिधि हरिमोहन महतो ने फीता काट कर किया उद्घाटन
- बैभव बिरसा ढाबा खुलने से राहगीरों को मिलेगी सुविधा, उद्घाटन समारोह में जुटे जनप्रतिनिधि व ग्रामीण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखंड क्षेत्र के कुच्चू रोड स्थित बरवे एचपी पेट्रोल पंप के सामने बैभव बिरसा ढाबा का विधिवत उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप के विधायक प्रतिनिधि हरिमोहन महतो ने फीता काटकर ढाबे का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि हरिमोहन महतो ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह के होटल एवं ढाबा खुलने से राहगीरों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कुच्चू रोड से आवागमन करने वाले लोगों को भोजन एवं जलपान के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं होटल संचालक विजय उरांव ने कहा कि ग्राहकों को बेहतर सेवा, स्वादिष्ट भोजन एवं उचित दर पर गुणवत्तापूर्ण व्यंजन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों एवं राहगीरों से ढाबे को अपना सहयोग देने की अपील की। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से राजेश उरांव, समाजसेवी आकाश महतो, अंबिका महतो, महेश महतो, ब्रजेश भंडारी, संजय महतो, विरसा उरांव सहित आसपास के ग्रामीण मौजूद थे।

## कस्तूरबा विद्यालय में 99 लाख के भवन निर्माण में घटिया निर्माण, बंधु तिर्की ने किया निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर में डीएमएफटी योजना से कार्यकारी एजेंसी एनआरईपी-1 रांची द्वारा 99 लाख रुपये की लागत से बन रहे छह कमरों के निमार्णाधीन कार्य का पूर्व शिक्षा मंत्री सह झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य व कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने रविवार को कार्यस्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि स्कूल भवन में घटिया निर्माण किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री से निर्माण किया जा रहा है, जिससे नवीन भवन की नींव कमजोर होने की आशंका बनी हुई है। खास बात यह है कि खुलेआम किए जा रहे इस निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग करने वाले सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी व अभियंता इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे लाखों रुपए की लागत से बन रहा स्कूल भवन का भविष्य खतरे में नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय भवन का निर्माण बहुत ही घटिया किया जा रहा है। विद्यालय में बच्चे पढ़ेंगे, अगर भवन घटिया होगा तो कभी भी कोई हादसा हो सकता है।

## नयी कमेटी का गठन, 20 अक्टूबर को होगा भव्य रावण दहन



- निर्मल मुंडा अध्यक्ष, सागर साहु व अरुण महतो कार्यकारी अध्यक्ष बने

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** पुंदाग स्थित तेंगरू मैदान में इस वर्ष विजयादशमी के अवसर पर भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर तेंगरू मैदान में कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आयोजित हुई, जिसमें पुंदाग के प्रमुख नागरिकों, विभिन्न समाजों के अभिभावकों एवं प्रबुद्ध प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से रावण दहन समिति का गठन किया गया। बैठक में झारखंड प्रदेश तेली समाज के रांची जिला अध्यक्ष जेम्स कुमार कश्यप एवं तेंगरू मैदान कोर कमेटी के अध्यक्ष शिव पूजन साहु की गरिमामयी उपस्थिति रही। सर्वसम्मति से निर्मल मुंडा को रावण दहन समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं सागर साहु और अरुण महतो को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति ने बताया कि जल्द ही कमेटी का विस्तार करते हुए अन्य पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। इस अवसर पर जेम्स कुमार कश्यप ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष निर्मल मुंडा तथा कार्यकारी अध्यक्ष सागर साहु और अरुण महतो को शुभकामनाएं दीं। वहीं शिव पूजन साहु ने पुंदाग के सभी ग्रामवासियों का स्वागत करते हुए आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की अपील की। समिति के अनुसार 20 अक्टूबर 2026, मंगलवार को विजयादशमी के पावन अवसर पर तेंगरू मैदान में रावण दहन का भव्य आयोजन किया जाएगा। समिति ने क्षेत्र के लोगों से बड़ी संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## कस्तूरबा स्कूल की छत की बालकनी टूट कर गिरी, तीन छात्राएं जख्मी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** झारखंड के सरकारी स्कूल भवनों की हालत किसी से छिपी नहीं है। पुराना निर्माण और मेंटेनेंस के अभाव में कई स्कूलों के भवन जर्जर अवस्था में हैं। ताजा मामला बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का है। जहां विद्यालय परिसर में स्थित छात्रावास के दूसरे तल्ले की बालकनी शनिवार रात लगभग 10 बजे टूटकर गिर गई। जिससे बालकनी में खड़ी चार छात्राओं में से तीन गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों में एक छात्रा की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घायलों में वर्ग 9वीं की छात्रा रंजीता मिंज, सरस्वती कुमारी व सीता उरांव का नाम शामिल है, वहीं संतोषी कुमारी पहले तल्ले की बालकनी में गिरने से बाल- बाल बच गई और उसे चोट नहीं लगी। तीनों घायलों का इलाज बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल रंजीता मिंज को बेहतर इलाज के लिए रांची सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात 10 बजे सभी छात्राएं अपने कमरे में थीं। चार छात्राएं बालकनी में खड़ी थीं, इसी दौरान बालकनी का छज्जा टूटकर लटक गया और दूसरे तल्ले से छात्राएं जमीन पर गिर पड़ीं, जिससे तीन छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। इस घटना के बाद विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही शिक्षिका राखी जयसवाल ने कार मंगाकर सभी घायलों को बेड़ो सीएचसी पहुंचाया। इधर घटना की सूचना मिलते ही पूर्व शिक्षा मंत्री सह झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य व कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के महासचिव परवेज आलम व सोमरा लोहरा स्कूल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान बंधु तिर्की ने वार्डन अल्मा कुंडु को कड़ी फटकार लगाते हुए छात्रावास का मुआयना किया। इसके बाद छात्राओं को अनुशासन बनाए रखने और मन लगाकर पढ़ाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्लास के बाद इधर-उधर नहीं घूमना है, लगन से पढ़ाई करें। शिक्षा से ही आप सभी छात्राओं का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित हो सकता है। उन्होंने शिक्षकों से आपसी समन्वय के साथ बेहतर शैक्षणिक माहौल तैयार करने को कहा ताकि छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो सके।

# दुनिया की सबसे लम्बी स्टील स्लैग रोड बना कर जिंदल स्टील ने रचा इतिहास




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में जिंदल स्टील ने देश के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी ने फैक्ट्रियों से निकलने वाले स्टील कचरे (स्टील स्लैग) का 100% इस्तेमाल करके 1.85 किलोमीटर लंबी 4-लेन सड़क बनाई है। पूरी तरह से प्रोसेस किए गए स्टील स्लैग से बनी यह दुनिया की सबसे लंबी सड़क है, जिसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है। कचरे से कंचन (वेस्ट टू वेल्थ) का सपना साकार करने वाली इस सड़क के निर्माण में लगभग 2 लाख टन प्रोसेस्ड स्टील स्लैग का इस्तेमाल हुआ है। इससे प्राकृतिक पत्थरों की खुदाई और खनन पर निर्भरता खत्म हुई है। यह सड़क सिर्फ दिखाने के लिए नहीं, बल्कि भारी कमर्शियल गाड़ियों (ट्रक आदि) की आवाजाही को ध्यान में रखकर बेहद मजबूत बनाई गई है। इससे पैसे और संसाधनों की बचत होगी। पारंपरिक सड़कों के मुकाबले यह सड़क लगभग 35% पतली है और इसे बनाने में करीब 40% लागत की बचत हुई है। जिंदल स्टील ने सीएसआईआर और सड़क अनुसंधान संस्थान के साथ मिलकर इस स्लैग को वैज्ञानिक प्रक्रिया (क्रशिंग, मेटल निकालना और ग्रेडिंग) के जरिए सड़क बनाने लायक पत्थरों में बदला और सड़क की सबसे निचली परत से लेकर ऊपरी डामर (बिटुमिन) की परत तक इसी का इस्तेमाल किया। सभी कड़े पर्यावरणीय परीक्षणों के बाद ही इसे मंजूरी दी गई है। जिन्दल स्टील के चेयरमैन नवीन जिंदल ने इस अवसर पर कहा कि भारत की तरक्की ऐसे नए प्रयोगों से होनी चाहिए जो पर्यावरण को बचाते हुए देश को फायदा पहुंचाएं। यह तकनीक दिखाती है कि कैसे उद्योग का कचरा देश निर्माण का जरिया बन सकता है। डॉ. जितेंद्र सिंह (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री) ने कहा कि यह प्रोजेक्ट 'वेस्ट टू वेल्थ' (कचरे से संपत्ति) के सपने को साकार करता है। यह साबित करता है कि हमारी स्वदेशी तकनीक से देश की बड़ी समस्याओं का हल निकाला जा सकता है। जिंदल स्टील ने इस प्रोसेस्ड स्लैग का नाम स्टील ग्रिट रखा है। इसका लोगो आज लोकार्पित किया गया। इस तकनीक को देश भर में बाकी सड़कों के निर्माण में इस्तेमाल करने के लिए एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं।

## डोरंडा में 14 से 18 सितम्बर तक गणेशोत्सव की धूम
## भंडारा, डांडिया और स्वास्थ्य शिविर होंगे आकर्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** डोरंडा काली मंदिर रोड स्थित न्यू काली पूजा परिसर में श्री गणेश पूजा समिति की ओर से भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना के साथ पांच दिवसीय 15 वां वार्षिक महोत्सव 14 से 18 सितंबर तक धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी श्रृंखला आयोजित होगी, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।महोत्सव का शुभारंभ 14 सितंबर, सोमवार को शाम 5 बजे पूजा पंडाल परिसर में भव्य उद्घाटन समारोह के साथ होगा। उद्घाटन के बाद विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती की जाएगी। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम आरती तथा भजन-कीर्तन का आयोजन होगा।15 सितंबर को दोपहर 1 बजे से श्रद्धालुओं के बीच भोग वितरण किया जाएगा। वहीं शाम 6 बजे से विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें बच्चों और श्रद्धालुओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। 16 सितंबर को दोपहर 1 बजे विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इसके बाद शाम 6 बजे से डांडिया कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## एक झलक

### हस्ताक्षर सह जागरूकता अभियान चलाया गया



**रांची** : रविवार को पिस्का मोड़ चौक पर गरीबी आधारित आर्थिक आरक्षण , यूजीसी वापस लेने एवं एसटी एससी एक्ट को संशोधित कर यूनिफॉर्म एट्रोसिटी एक्ट लाने समेत अन्य मांगों को लेकर व्यवस्था परिवर्तन आन्दोलन के बैनर तले हस्ताक्षर सह जागरूकता अभियान चलाया गया। हस्ताक्षर सह जागरूकता अभियान में सैकड़ों की संख्या में सभी जातियों के गरीब, वंचित युवाओं तथा छात्रों ने मांगों का समर्थन करते हुए हस्ताक्षर किया। हस्ताक्षर सह जागरूकता अभियान का नेतृत्व समाजसेवी अमृतेश पाठक, मनमोहन पांडे, दीपू जी , राजीव सिंह, निलेश षाडंगी विजय मिश्रा, संजीव पाठक नरेन्द्र कुमार आदि ने किया। अमृतेश पाठक ने बताया कि फिलहाल रांची के हरेक चौक चौराहों व स्थानों पर हस्ताक्षर व जागरूकता अभियान तथा नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाएगा।

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन



**रांची** : बिरसा मुंडा सेवा संस्थान द्वारा आज मेसरा स्थित संस्थान के नूतन परिसर में नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बिरसा मुंडा सेवा संस्थान एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रांची महानगर के संयुक्त तत्वावधान में IRIS हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित हुआ। शिविर में स्थानीय लोगों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई। अनुभवी चिकित्सकों एवं चिकित्सा दल द्वारा नेत्र संबंधी विभिन्न समस्याओं की जांच की गई तथा आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। जरूरतमंद मरीजों को आगे के उपचार के संबंध में भी उचित चिकित्सकीय सलाह दी गई। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि समाज के जरूरतमंद एवं वंचित लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना संस्थान का प्रमुख उद्देश्य है। ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से समय पर जांच और उचित चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा। शिविर के सफल आयोजन में बिरसा मुंडा सेवा संस्थान, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रांची महानगर तथा IRIS हॉस्पिटल के चिकित्सकों एवं कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### रहमत कॉलोनी में एसआईआर हेल्पडेस्क सेंटर का उद्घाटन

**रांची** : वार्ड पार्षद अमित मिंज ने रविवार को डोरंडा स्थित रहमत कॉलोनी में एसआईआर हेल्पडेस्क सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर सेंट्रल एसआईआर हेल्पडेस्क की आधिकारिक वेबसाइट भी जारी की गई। कार्यक्रम में तकनीकी टीम के सदस्य वहाब दानिश ने वेबसाइट की सुविधाओं और कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हेल्पडेस्क और वेबसाइट का उद्देश्य एसआईआर से संबंधित सही जानकारी, प्रक्रिया और आवश्यक मार्गदर्शन आम लोगों तक सरल तरीके से पहुंचाना है। बताया गया कि डोरंडा, कडरू और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को इस हेल्पडेस्क से विशेष लाभ मिलेगा। यहां एसआईआर से संबंधित समस्याओं, प्रक्रियाओं और आवश्यक दस्तावेजों को लेकर लोगों को उचित मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इससे लोगों को संबंधित जानकारी हासिल करने में सुविधा होगी और प्रक्रिया को समझने में भी मदद मिलेगी। कार्यक्रम में हुमायूं रशीद, खैरुल्लाह, हफीजुद्दीन अंसारी, मो. इकबाल, मुमताज खान, मो. शमीम और सुरैया जबीं सहित सेंट्रल एसआईआर हेल्पडेस्क की कानूनी टीम के अधिवक्ता तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

## रांची में 80 .60 लाख की कथित धोखाधड़ी
# छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र में 80.60 लाख रुपये की कथित धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला सामने आया है। डॉ. दिवेश कुमार भगत के लिखित आवेदन पर पुलिस ने निखिल कुमार, उसकी पत्नी बबीता गुप्ता सहित छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(2), 318(4) और 61(2) के तहत कार्रवाई की गई है। प्राथमिकी के अनुसार, डॉ. दिवेश कुमार भगत ने आरोप लगाया है कि उनके रिश्तेदार निखिल कुमार और उसकी पत्नी बबीता गुप्ता ने व्यवसाय बढ़ाने के नाम पर उनसे और उनकी पत्नी शालिनी भगत से आर्थिक सहयोग मांगा था। पारिवारिक संबंधों पर भरोसा करते हुए उन्होंने बबीता गुप्ता के फर्म और संबंधित लोगों को कुल 41 लाख 60 हजार रुपये दिए। शिकायतकर्ता के मुताबिक, इसमें 30 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से अलग-अलग बैंक खातों से आयुष इंटरप्राइजेज के खाते में भेजे गए, जबकि 11 लाख 60 हजार रुपये अलग-अलग तारीखों में नकद दिए गए। आरोप है कि रकम वापस मांगने पर आरोपित पक्ष लगातार टालमटोल करता रहा। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि रुपये लौटाने के बजाय उन्हें कथित तौर पर धमकी दी गई और पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों का भय दिखाकर मुकदमे में फंसाने की बात कही गई। शिकायत में हजारीबाग स्थित न्यू होम्स के टोप्पीदी केशव टावर से जुड़ा एक अन्य मामला भी दर्ज कराया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, निखिल कुमार, जिसे एमएम न्यू होम का संचालक बताया गया है, ने फ्लैट-भवन निर्माण के नाम पर शिकायतकर्ता से 39 लाख रुपये लिए थे। आरोप है कि इसके बदले ग्राउंड फ्लोर पर 2600 वर्गफीट व्यावसायिक जगह, दूसरे तल पर 1540 वर्गफीट आवासीय जगह और पार्किंग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था। प्राथमिकी में पार्किंग संख्या 01, 05, 06 और 07 का उल्लेख है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि प्रोजेक्ट में अड़चन का हवाला देकर लंबे समय तक उन्हें टालते रहे और वादा पूरा नहीं किया गया। मामले में जालसाजी का आरोप भी लगाया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उन्हें 21 जनवरी 2014 की तारीख वाला एक कथित फर्जी अलॉटमेंट लेटर दिया गया था।

## मुख्यमंत्री ने गढ़वा की छात्राओं को पत्र लिख कर दिया आशीर्वाद

- आर.के.सी.एम. स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गढ़वा की छात्राओं ने रक्षा बंधन पर भेजी थीं राखियां
- मुख्यमंत्री ने पत्र भेज कर जताया आभार, उज्ज्वल भविष्य की दीं शुभकामनाएं

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रक्षा बंधन के अवसर पर गढ़वा स्थित आर. के. सी.एम. स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छात्राओं सुश्री काजल कुमारी एवं सुश्री महालक्ष्मी केशरी द्वारा भेजी गयीं हस्तनिर्मित राखियों का उत्तर पत्र भेज कर दिया है।

**पत्र भेज कर जताया आभार**

**मुख्यमंत्री** ने अपने पत्र के माध्यम से छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया और लिखा कि रक्षा बंधन भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और स्नेह का पावन पर्व है। आपके द्वारा भेजी गयी राखी प्राप्त हुई। आपका यह आत्मीय स्नेह एवं अपनापन पाकर मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हुई, इसके लिए हृदय से धन्यवाद। ईश्वर से प्रार्थना है कि आप एवं आपका समस्त परिवार सदैव सुखी, स्वस्थ एवं प्रसन्न रहे।

**विद्यालय परिवार ने जताया आभार**

**मुख्यमंत्री** का पत्र प्राप्त होने पर विद्यालय की प्राचार्या ने सोशल मीडिया पर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा छात्राओं की राखियों का मान रखना और उन्हें प्रोत्साहन देना पूरे विद्यालय एवं गढ़वा जिले के लिए प्रेरणादायी है। यह संदेश छात्राओं को शिक्षा और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

## श्री गणेश पूजा एवं गणपति महोत्सव का शुभारम्भ आज से : आचार्य ए के मिश्रा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड के जाने-माने ज्योतिषी आचार्य ए के मिश्रा ने बताया है कि भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि सोमवार 14 सितम्बर से श्री गणेश पूजा एवं गणपति महोत्सव का शुभारम्भ हो रहा है। उन्होंने कहा कि विघ्नहर्ता गणाधिपति गणपतिदेव के पूजन सोमवार 14 सितम्बर की प्रातः 7:18 बजे के बाद किसी भी समय किया जा सकता है। किन्तु, पूजन हेतु शुभ मुहूर्त दिवा 8:38 बजे से दिवा 10:08 बजे तक एवं दिवा 1:14 बजे से रात्रि 7:16 बजे तक है। जबकि, सर्वोत्तम मुहूर्त दिवा 11:17 बजे से दिवा 12:04 बजे तक है।

**श्री गणेश भगवान की पूजा विधि**

**आचार्य** ए के मिश्रा ने बताया कि प्रातः काल स्नान आदि से निवृत्त होकर पूजा स्थल पर पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख कर के आसान पर विराजमान हो कर सामने श्री गणपतिदेव की प्रतिमा, चित्र अथवा यन्त्र की स्थापना करें। शुद्ध आसन में बैठ कर सभी पूजन सामग्री को एकत्रित कर पुष्प, धूप, दीप, कर्पूर, रोली, मौली, लाल चंदन, ऋतु फल बूंदी के लड्डू एवं मोदक आदि गणेश भगवान को पूर्ण श्रद्धा के साथ समर्पित कर सविधि पूजन कर प्रथम पूज्य गणपति देव की आरती करें। अंत में भगवान गणपति देव का ध्यान करते हुए 'ॐ गं गणपतये नमः' मंत्र का जाप 108 बार लाल चंदन की माला से करना चाहिए। आचार्य ए.के. मिश्रा ने गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर समस्त देशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

# आगामी दुर्गा पूजा को लेकर पूजा समितियों के लिए दिशा-निर्देश जारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : आगामी दुर्गा पूजा 2026 के अवसर पर जिले में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने, श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा पूजा आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सभी पूजा समितियों एवं आयोजकों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन ने पूजा समितियों से अपील की है कि वे सभी निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें तथा प्रशासन एवं पुलिस को आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए एवं शांति-व्यवस्था तथा विधि व्यवस्था संधारण हेतु सभी पूजा समितियों/आयोजकों के लिए निम्नांकित दिशा-निर्देश दिये गये हैं।

1. पण्डाल एवं गेट का निर्माण किसी मकान तथा स्थान / गैस गोदाम / ट्रांसफॉर्मर / विद्युत तार / रेलवे लाइन / हाई टेंशन तार आदि से सुरक्षित दूरी पर ही किया जाये।
2. पण्डाल बनाने में ज्वलनशील एवं सिंथेटिक कपड़ों का उपयोग न किया जाये।
3. पण्डाल में महिला एवं पुरुष दर्शनार्थियों के प्रवेश/निकास के लिए अलग-अलग रास्ते बनाये जायें, द्वार की चौड़ाई पर्याप्त रखी जाये तथा महिलाओं एवं बच्चों के लिए दर्शन की विशेष व्यवस्था की जाये। पण्डाल के पीछे भी सफाई एवं रास्ते की व्यवस्था की जाये।
4. आकस्मिक स्थिति में निकास के लिए अलग व्यवस्था की जाये।
5. अस्थायी पण्डाल निर्माण के रूप में भवन निर्माण विभाग के संबंधित अभियंता द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों/सुझावों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पण्डाल निर्माण के सुदृढ़ता के संबंध में प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जाये।
6. पण्डाल की वायरिंग सुरक्षित तरीके से की जाये तथा अर्थिंग की समुचित व्यवस्था की जाये।

## विश्वकर्मा मंच झारखण्ड, रांची ने सुदिव्य कुमार 'सोनू' के निधन पर की शोक सभा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड के खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री स्वर्गीय सुदिव्य कुमार 'सोनू' के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। यह समाचार अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। विश्वकर्मा मंच झारखण्ड के अध्यक्ष ने कहें कि 54 वर्ष की अल्पायु में उनका असमय निधन झारखंड के राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं खेल एवं शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। खेल एवं युवाओं के विकास के लिए उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। विश्वकर्मा लोहार समाज, झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि स्वर्गीय सोनू सर्वसमाज एवं राज्य के विकास में संबंध रहे हैं। उनका यूँ अचानक असमय चले जाना मेरे लिए अत्यंत पीड़ादायक है। उन्हें भूल पाना समाज के लिए असंभव है।

## सेवा ही भारत को पुन: 'विश्व गुरु' के शिखर पर स्थापित करेगी : डॉ. प्रदीप वर्मा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सेवा भारती की की लोकप्रिय पत्रिका'सेवा सुरभि' के 27वें वार्षिक विशेषांक 'विश्व गुरु भारत' का भव्य लोकार्पण रांची, 13 सितंबर (रविवार) पीपी कंपाउंड, मेन रोड स्थित गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में राज्यसभा सांसद एव भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री डा प्रदीप वर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो.सारंग मेधेकर,कार्यकारी कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची ने की। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा एवं मंचासीन प्रबुद्धजनों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने कहा कि भारत विश्व गुरु था, विश्व गुरु है और सदैव विश्व गुरु रहेगा। उन्होंने कहा कि सेवा भारती समाज में सेवा भाव जगाकर निरंतर सेवा कार्य करती है। कोविड जैसी महामारियों और वैश्विक संकटों में भारत पूरे विश्व के प्रति हमेशा सहायक रहा है, जो हमारी विश्वगुरु की भूमिका को सिद्ध करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ पम्पा सेन विश्वास एवं 25 सदस्यों के द्वारा गाए सामूहिक 'वंदे मातरम' से हुआ। इसके बाद बच्चों ने 'शिव स्तुति' पर मनमोहक भाव नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की अर्चना कुमारी, ऋतिका ने सुमधुर एकल गीत गाया।

## श्री श्याम मोहत्सव 17 से 20 सितम्बर तक आयोजित करने का हुआ निर्णय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री श्याम मण्डल रांची, की एक आम सभा श्री श्याम मन्दिर के सभागार में आयोजित की गई जिसमें झारखण्ड राज्य की प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्री श्याम मण्डल, रांची का 59वें चार दिवसीय वार्षिक श्री श्याम मोहत्सव आगामी 17 सितम्बर 2026 से 20 सितम्बर 2026 रविवार तक अत्यंत धूमधाम व उत्साह के साथ आयोजित करने का निर्णय किया गया। मोहत्सव के आयोजन श्री श्याम मण्डल रांची द्वारा निर्मित अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में आयोजित होगा। आज की सभा में विभिन्न उप-समातियों कर उनके माध्यम से मोहत्सव की तैयारियों में समर्पण भाव से कार्य पर विचार विमर्श कर मन्दिर परिसर की साफ सफाई व रंग रोगन का कार्य पर चर्चा की गई। ज्ञात्व है की प्रति वर्ष मोहत्सव में श्री श्याम दरबार का श्रृंगार एक विशिष्ट स्थान रखता है - श्री श्याम प्रभु व मन्दिर में विराजमान बजरंगबली व कामना शिव परिवार के मनमोहक श्रृंगार के लिए कोलकाता से ही कुशल मालाकार से करने का निर्णय किया गया।

## गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कांके के प्रशिक्षु शिक्षकों ने भी बीवाईएलडी-2027 में कराया पंजीकरण
# हर कदम पर अव्वल रहेंगे महाविद्यालय के प्रशिक्षु शिक्षक : प्रभारी प्राचार्य



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कांके, रांची के सत्र 2026-28 के प्रशिक्षु शिक्षकों ने विकसित भारत यॉन्ग लीडर्स डायलॉग 2027 की क्विज प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक पंजीकरण कराया है। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित इस पहल का उद्देश्य युवाओं के नवोन्मेषी विचारों और नेतृत्व क्षमता को विकसित भारत के निर्माण से जोड़ना है। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. समीर चौधरी ने बताया कि महाविद्यालय के प्रशिक्षु शिक्षक भी बी वाई एल डी- 2027 के विभिन्न आयामों एवं प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु शिक्षकों में नेतृत्व, रचनात्मक चिंतन, ज्ञान एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता विकसित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. भागीरथ आर्य ने कहा कि विकसित भारत यॉन्ग लीडर्स डायलॉग 2027 में हमारे विद्यार्थियों का हर कदम पर अव्वल स्थान रहेगा। प्रशिक्षु शिक्षक अपनी प्रतिभा, ज्ञान और नवोन्मेषी सोच के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी प्रशिक्षु शिक्षकों को प्रतियोगिता में पूरे उत्साह के साथ भाग लेने तथा महाविद्यालय का गौरव बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

## श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची के पुंदाग स्थित एम.आर. एस.श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में डॉक्ट्र संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज जी के सानिध्य में 283 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का श्रद्धापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्री राधा-कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर मंदिर में श्री राधा रानी जी का दिव्य एवं अलौकिक श्रृंगार आकर्षक आभूषणों एवं मनोहारी पुष्पों से किया गया, दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडेय द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ महाप्रसाद का भोग लगाया गया। इसके पश्चात महाप्रसाद में मसालेदार वेजिटेबल खिचड़ी,लीची जूस, एवं आलू चिप्स का पैकेट का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित लगभग 2 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण किया।

# खेलो इंडिया अस्मिता ट्रैक साइकिलिंग स्टेट लीग का समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भारतीय खेल प्राधिकरण एवं साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में झारखंड साइकिलिंग संघ द्वारा आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता ट्रैक साइकिलिंग स्टेट लीग-2026 का दो दिवसीय आयोजन रांची स्थित खेलगांव के सिंधु-कान्हू वेलोड्रोम स्टेडियम में शानदार ढंग से समापन। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शुभेंदु दुबे, झारखंड रोइंग संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार एवं झारखंड वुशु संघ के अध्यक्ष चंचल भट्टाचार्य ने संयुक्त रूप किया। इस अवसर पर अतिथियों को झारखंड साइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह द्वारा मोमेंटो एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अतिथियों ने खिलाड़ियों के उत्साह, प्रतिभा एवं अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं महिला एवं बालिका खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच प्रदान करती हैं।

### दूसरे दिन के पदक विजेता खिलाड़ियों का परिणाम

**कैरिन (वूमेन जूनियर)**
- स्वर्ण पदक - निकिता सोरेंग
- रजत पदक - सीमा उरांव
- कांस्य पदक - अनीता उरांव

**कैरिन ( वुमन एलीट)**
- स्वर्ण पदक - सबीना कुमारी
- रजत पदक - सिंधु लता हेंब्रम
- कांस्य पदक - श्वेता कुमारी

**इंडिविजुअल परस्यूट (वूमेन जूनियर )**
- स्वर्ण पदक- शीला बांरा
- रजत पदक - मरियम हेम्ब्रम
- कांस्य पदक - बुदनी समर

**स्क्रैच रेस (वूमेन एलिट )**
- स्वर्ण पदक - सिंधु लता हेंब्रम
- रजत पदक - श्वेता कुमारी
- कांस्य पदक - पुष्प कुमारी

## डीएवी नन्दराज पब्लिक स्कूल में सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा का भव्य समापन



**रांची** : डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल, बरियातू में आर्य ज्ञान प्रचार समिति, रांची के तत्वावधान में वरिष्ठ नागरिक आश्रम के सौजन्य से आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी श्रीकृष्ण कथा का आज श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ भव्य समापन हुआ। कथा का वाचन श्रद्धेय आचार्य कुलदीप जी, मेरठ द्वारा किया गया। समापन अवसर पर प्रातः हवन एवं यज्ञ के पश्चात श्रीकृष्ण कथा का आयोजन हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति, ज्ञान, संस्कार, परिवार एवं जीवन-मूल्यों से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंगों का श्रवण किया।

## जीवन में अनुशासन की लक्ष्मण रेखा खींचनी चाहिए : पुष्पा जी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री साधुमार्गी जैन संघ रांची के तत्वावधान में पर्यूषण महापर्व का छठा दिन पूरी श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत समता शाखा की सामूहिक आराधना से हुई, जिसमें नवकार मंत्र, चार शरण, श्री सिद्ध स्तुति, आचार्य श्री नानेश की चिंतन मणियाँ, बारह भावना, श्री राम गुरु चालीसा और संघ समर्पणा गीत का सामूहिक गान किया गया। धर्म और संस्कार पर विशेष संदेश कार्यक्रम के दौरान स्वाध्यायी ज्योति जी ओस्तवाल ने अंतगढ़ सूत्र का वाचन करते हुए अर्जुन माली और सुदर्शन श्रावक के जीवन चरित्र को भगवान महावीर के संदर्भ में प्रस्तुत किया। उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को ज्ञानशालाओं में भेजकर धर्म का ज्ञान अवश्य दिलाएं, क्योंकि संस्कार ही सबसे बड़ी पूंजी है। गर्भकाल से ही बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण होना चाहिए, जैसा



कि अभिमन्यु ने गर्भ में ही चक्रव्यूह भेदने का ज्ञान प्राप्त किया था। आज के समय में हमारे पास हर सुविधा है, परंतु बुजुर्गों के पास बैठने और बच्चों को संस्कार देने का समय कम पड़ रहा है। समय का सदुपयोग करने की प्रेरणा देते हुए वक्ता ने कहा कि जिस प्रकार लक्ष्मण जी ने सीता माता की रक्षा के लिए लक्ष्मण रेखा खींची थी, वैसे ही हमें भी जीवन में अनुशासन की लक्ष्मण रेखा खींचनी चाहिए, जिससे सही और गलत की पहचान बनी रहे। लैम्प और उसके कांच का उदाहरण देते हुए अनुशासन के महत्व को समझाया गया। पर्युषण पर्व के इस अवसर पर जैन समाज के कई श्रावक-श्राविकाएं तपस्या में लीन हैं।

# झारखंड में 17 सितम्बर तक गरज-चमक के साथ बारिश के आसार, येलो अलर्ट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में 17 सितंबर तक गरज के साथ बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसे लेकर रविवार को येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त की तरह सितंबर में भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में अच्छी बारिश हो रही है। इससे राज्य में बारिश की कमी में काफी सुधार हुआ है। एक जून से 13 सितंबर तक झारखंड में 869.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से महज चार प्रतिशत कम है। मौसम विभाग के अनुसार यह स्थिति सामान्य मानी जाती है। पिछले 24 घंटों के दौरान जामताड़ा जिले के नारायणपुर में सबसे अधिक 31.6 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। इस दौरान पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा में राज्य का सर्वाधिक तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लातेहार में न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह मौसम साफ रहा और धूप खिली रही। दोपहर बाद आसमान में बादल छाए रहे। दिनभर गर्मी और उमस से लोग परेशान रहे। रांची में अधिकतम तापमान 29.6 डिग्री और न्यूनतम 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के प्रमुख शहरों में जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 30.4 और न्यूनतम 25.2 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 33.2 और न्यूनतम 24.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 32.1 और न्यूनतम 25.2 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 32.4 और न्यूनतम 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## चैम्बर चुनाव में उम्मीदवारों व वोटरों सहित चैम्बर के सभी सदस्यों ने गर्म आलूचॉप और समोसे का लुत्फ उठाया



**रांची** : फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वार्षिक चुनाव के उपलक्ष पर हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ, रांची के द्वारा गरम समोसे , आलुचप, चाय एवं पानी की व्यवस्था रखी गई थी। अध्यक्ष अमरचंद बेगानी ने बताया प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10000 से ज्यादा समोसे,आलू चोप का स्वाद चुनाव में आने वाले सभी लोगों ने लिया। झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के लिए सौभाग्य की बात है कि यह अवसर उन्हें साल में एक बार प्राप्त होता है। इस अवसर पर महुआ माजी, न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल सहित शहर के कई विशिष्ट लोगों ने भी समोसे की तारीफ की। संघ की ओर से मुख्य रूप से अध्यक्ष अमरचंद बेगानी, उपाध्यक्ष विवेक मोहता,सचिव हैप्पी किंगर,सह सचिव सौरभ कटारुका, कोषाध्यक्ष आशीष सिंघानियां,मनोरंजन समिति के संयोजक गौरव काबरा, महेश बजाज, बिपुल जैन,सुशील सोमानी,मुकेश काबरा, अनिल जालान, प्रमोद सारस्वत,मनोज पोद्दार, ब्रजेश जालान संघ के मुन्ना कुमार, राजेश कुमार सहित काफी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

## यूसीमास अबेकस की नेशनल प्रतियोगिता में रांची के अर्पित दुबे ने लहराया परचम, मिला सम्मान



**रांची** : मुंबई में आयोजित 25वीं यूसीमास नेशनल अबेकस एंड मेंटल अरिथमेटिक चैम्पियनशिप में रांची के छात्र अर्पित दुबे ने राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया है। रविवार को रांची के ओसीसी कंपाउंड स्थित लिटिल एंजेल्स स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में अर्पित को सम्मानिति कया गया। समारोह में मेयर रोशनी खलखो ने अर्पित को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं केरलि स्कूल के प्रिंसिपल राजेश पिल्लई गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहे। अर्पित वर्तमान में डीपीएस बरियातू के छात्र हैं। वह मूल रूप से पलामू और फिलहाल रांची में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। अर्पित का सपना भविष्य में इसरो में वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा करना है। उनकी सफलता पर परिवार और समाज के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया है। वह अपनी दादी सुशीला दुबे को अपना प्रमुख प्रेरणास्त्रोत मानते हैं। अर्पित का परिवार शिक्षा और समाजसेवा से जुड़ा रहा है। उनके दादा प्रोफेसर डॉ. केएन दुबे विश्वविद्यालय के कुलपति रह चुके हैं, जबकि पिता अजय नाथ दुबे इंजीनियर हैं। दादी सुशीला दुबे महिला भक्ति परिषद की अध्यक्ष रह चुकी हैं।

## पर्युषण पर्व के पांचवें दिन हुई पूजा, प्रवचन, धर्म आराधना व भक्ति



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : पर्युषण पर्व के पांचवे दिन पूजा, प्रवचन, धर्म आराधना एवं भक्ति हुई। मंदिर मे मुंबई से पधारें साधर्मी बंधु श्री धैर्य पियूष भाई एवं तीर्थ धर्मवीर शाह जी के द्वारा धर्म आराधना करवायी जा रही है, जिसमे भक्तगण काफी उत्सुकता पूर्वक लाभ लें रहे हैं। पर्युषण पर्व के आज पांचवे दिवस मे डोरंडा जैन मन्दिर के प्रांगण मे स्नात्र पुजा बहुत ही आनंद के साथ संपन्न हुई, ततपश्चात कल्प सूत्र का वांचन किया गया। जिसमे भगवान महावीर के जन्म का वांचन किया गया ! उनके जन्म के समय उनकी त्रिशला माता ने चौदह स्वपन देखे थे, जिसका विस्तार पूर्वक विवेचन किया गया। बताया गया की देवो द्वारा बताया गया था की तुम्हारा पुत्र सुर्य की तरह तेजस्वी एवं चन्द्रमा के समान शांत पुत्र होगा, सभी सपनो के बारे मे विवेचन किया गया। जैन मन्दिर के प्रांगण में चौदह सपनो का चढ़ावा हुआ, पालनाजी का भी चढावा हुआ, आज के कार्यक्रम मे काफी संख्या मे समाज के सदस्य उपस्थित हुए। सुरेश जी बोथरा के आज 6 उपवास की तपस्या साता पूर्वक चल रही है। आज के कार्यक्रम मे मुख्य रूप से उपस्थित लोगो में सम्पतलाल रामपुरिया, अनिल कोठारी, प्रकाश पारख, प्रमोद बोथरा,संजय नाहटा, प्रेमलता नाहटा, कुसुम पारख, उषा सेठिया, आदि उपस्थित थे।

## एक झलक

### खेल प्रेमियों के बीच फुटबॉल जर्सी का वितरण

**चरही :** चुरचू प्रखंड के ग्राम पंचायत बहेरा के होनहार खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल जर्सी एवं खेल सामग्री का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत के मुखिया देवकी महतो के द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि हमारे पंचायत में छुपी हुई प्रतिभा को आगे निखारने की जरूरत है। इसी उद्देश्य से बच्चों के बीच लगातार खेल सामग्री का वितरण किया जा रहा है ताकि वे खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। इस दौरान गांव के कई खेल प्रेमी और युवा मौजूद रहे।

### सोलहवें वित्त योजनाओं के निर्धारण को लेकर पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आयोजित

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शनिवार को 16 वें वित्त योजना से 2026 –2027 सत्रावधि में निर्धारण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विष्णुगढ़ प्रखंड प्रमुख जैबुन निशा ने किया जबकि इसका संचालन विष्णुगढ़ बीडीओ मधुश्री मिश्रा के द्वारा किया गया। बैठक में प्रखंड प्रमुख जैबुन निशा ने कहा कि सरकारी फंड का बेहतर सदुपयोग हो, इसलिए सभी सदस्य अपने क्षेत्रों के जो अत्यंत महत्वपूर्ण व अत्यंत उपयोगी योजनाएं हो उसी को नामांकित करें, जिससे ग्रामीणों तक सही योजनाएं पहुंच सके। वहीं बैठक में विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी मधुश्री मिश्रा ने कहा कि प्रखंड के सर्वांगीण विकास का लक्ष्य सभी सदस्यों को रखना होगा, मापदंडों का ख्याल रखते हुए योजनाओं को लेना है, जो भविष्य में और भी उपयोगी बन सके, इस पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा, साथ ही उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों का सम्मान के साथ उन्हें उचित योजनाएं मिल सके, इसका उन्हें ख्याल भी रखना है। बैठक के अंत में झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य सोनू के आकस्मिक निधन पर सभागार भवन में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद बैठक का समापन किया गया। इस बैठक में विष्णुगढ़ उपप्रमुख सरयू साव, पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक, महताब हुसैन, बिनोद सोरेन, मुन्नी देवी, राजो देवी, प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल अंसारी समेत कई पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

### घरेलू सहायिका पर खाने में धतूरे का बीज मिला कर परिवार को बीमार करने का आरोप

**हजारीबाग :** शहर के रानी सती मंदिर गली निवासी डॉ. चंदन कुमार के घर सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि घरेलू सहायिका ने चोरी की नीयत से डॉक्टर के परिवार और रिश्तेदारों के खाने–पीने की चीजों में धतूरे के बीज मिलाकर उन्हें बीमार कर दिया। मामले में लोहसिंघना थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। डॉ. चंदन कुमार ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि उन्होंने सेविमिर सिक्योरिटी एजेंसी के मैनेजर नंदन के माध्यम से लालपुर निवासी पूनम कुमारी को घर में साफ–सफाई और खाना बनाने के लिए रखा था। वह 25 मई 2026 से उनके घर में काम कर रही थी। शिकायत के अनुसार, 25 से 27 मई के बीच घर से सोने की चेन और हनुमान जी का लॉकेट गायब हो गया। इसके बाद डॉक्टर की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें इलाज के लिए हजारीबाग के बाद रांची स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर के बाद उनकी पत्नी, मां, मामा और अन्य रिश्तेदारों की भी तबीयत बिगड़ने लगी। सभी में लगभग एक जैसे लक्षण पाए गए। मेडिकल जांच में कोई स्पष्ट बीमारी सामने नहीं आने पर परिवार को किसी जहरीले पदार्थ के सेवन का संदेह हुआ। घर की तलाशी के दौरान किचन में छिपाकर रखा गया धतूरे का बीज मिलने की बात कही गई है। शिकायत के अनुसार, डॉक्टर के क्लिनिक के कर्मचारियों ने भी सहायिका को नारियल पानी में संदिग्ध बीज मिलाते हुए देखा था। मामले की जानकारी होने और पूछताछ शुरू होने पर सहायिका अपना मोबाइल फोन घर में छोड़कर फरार हो गई।

# कटकमसांडी में हत्याकांड का त्वरित उद्भेदन, दो और आरोपी गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कटकमसांडी :** कटकमसांडी थाना क्षेत्र में अवैध संबंध के आरोप में एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की लगातार कार्रवाई से मामले के उद्भेदन की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार, 06 सितंबर 2026 की रात ग्राम तोयर निवासी जगेश्वर भुईयां की हत्या कर दी गई थी। मृतक की पत्नी के आवेदन पर कटकमसांडी थाना कांड संख्या 140/26, दिनांक 07.09.2026, धारा 103(1)/3(5) BNS के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के नेतृत्व में



स्क्वाड का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्व में दो आरोपियों मंगरा कच्छप एवं रतन कुजूर को गिरफ्तार किया था। इसके बाद आगे की जांच और छापेमारी के क्रम में 12 सितंबर को दो और आरोपियों विकास गंझू एवं प्रकाश गंझू को गिरफ्तार किया गया। पूरे मामले में पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश की सक्रियता और तत्परता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। जांच टीम के साथ लगातार समन्वय बना कर कार्रवाई को गति देने और आरोपियों की गिरफ्तारी में उनकी भूमिका की सराहना की जा रही है। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक सपन महथा, थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश एवं कटकमसांडी थाना सशस्त्र बल शामिल रहे। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से यह संदेश स्पष्ट है कि गंभीर अपराधों में कटकमसांडी पुलिस आरोपियों तक पहुंचने के लिए पूरी तत्परता से काम कर रही है।

## चोरी के सामान के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गये



**दारू (हजारीबाग) :** दारू थाना पुलिस ने बीती रात गश्ती के दौरान चोरी के सामान के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में मो. मारूफ पिता रफीक खान, ग्राम बासोबार, रोशन कुमार पिता गोपाल राम, छोटका इरगा तथा बलराम विश्वकर्मा उर्फ राहुल पिता महेंद्र विश्वकर्मा, ग्राम बड़का इरगा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों के पास से चोरी का सामान बरामद हुआ। मामले में दारू थाना कांड संख्या 82/26, दिनांक 13 सितंबर 2026, धारा 317(2) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज कर तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## जनता संवाद में कुरीतियों पर बरही पुलिस का प्रहार
### महिला उत्पीड़न से लेकर नशे के खिलाफ किया जागरूक



**बरही :** बरही पुलिस की ओर से जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने को लेकर बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत विजैया पंचायत के गुड़िया में संचालित माउंट ऑलिवेट स्कूल में एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर के नेतृत्व में जनता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रखंड उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम, बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार एवं महिला थाना प्रभारी मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम में महिला उत्पीड़न, डायन-बिसाही, नशा उन्मूलन तथा मोबाइल फोन के दुरुपयोग जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने कहा कि समाज में व्याप्त अंधविश्वास और कुरीतियां विकास में बाधक हैं। खासकर डायन-बिसाही जैसी कुप्रथाओं के कारण महिलाओं को प्रताड़ित किए जाने की घटनाओं को रोकने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना जरूरी है। महिला उत्पीड़न के मामलों में पीड़ितों को आगे आकर शिकायत करने तथा पुलिस का सहयोग लेने की अपील की गई। संवाद के दौरान नशे के बढ़ते दुष्प्रभाव पर भी चर्चा की गई। युवाओं को नशे से दूर रहने और अभिभावकों से बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने की अपील की गई।

## गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गुंजायमान हुआ विष्णुगढ़

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के सातमील मोड़ पर गणपति बप्पा की प्रतिमा आगमन पर रविवार को एंबीशन पब्लिक स्कूल विष्णुगढ़ के छात्रों के द्वारा शानदार डांडिया नृत्य की प्रस्तुति कर गणपति बप्पा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर एम्बीशन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने विष्णुगढ़ के सातमील मोड़, रामुआ स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर रमुआ, संकट मोचन मंदिर हॉस्पिटल चौक, बंशीधर अखाड़ा चौक, विष्णुगढ़ के पूर्व मुखिया संजय प्रसाद कसेरा के घर के समीप, विष्णुगढ़ चैती दुर्गा मंदिर, कसेरा मुहल्ला कुशवाहा दुकान के समीप, बिरजू कसेरा घर के समीप एवं शंकर कसेरा के घर के समीप समेत विभिन्न चौक-चौराहों पर विद्यालय के छात्रों द्वारा डांडिया



नृत्य प्रस्तुत किया गया। डांडिया प्रस्तुति से मौके पर उपस्थित ग्रामीणों का खूब मनमोहा, वहीं महिला पुरुष और बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालु भक्तगण गाजे-बाजे की धुन पर झूमते हुए गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए प्रतिमा के साथ-साथ चल रहे थे। इस पांच दिवसीय गणेश महोत्सव का आगाज सोमवार की सुबह विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ होगा। इस अवसर पर भव्य मेला का भी आयोजन किया गया है। इस गणेश महोत्सव को लेकर विष्णुगढ़ वासियों का उत्साह पूरे चरम पर है। पांच दिवसीय मेले में झूला, नाव झूला, जंपिंग, मोनो रेल एवं चरखा समेत खाने-पीने की दुकानें लगाये गये हैं। गणपति बप्पा मंदिर परिसर से लेकर बड़की बांध एवं रमुआ यादव टोला के अंतिम छोर तक आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। जिससे रात्रि में पूरा मंदिर परिसर दूधिया रोशनी से जगमगा देखते ही बन रहा है। इस मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष शंकर कुमार, सचिव नीतीश कुमार, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार, उपाध्यक्ष अनूप कसेरा, सुरेंद्र कसेरा, रोहित कसेरा, अंकित कसेरा, विजय कुमार, शेखर सुमन, विवेक कुमार समेत बड़ी संख्या में पूजा समिति के सदस्यगण व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की कामना करेंगी सुहागिनें

**बरही :** सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की रक्षा,पति की दीर्घायु एवं सुख-समृद्धि की कामना को लेकर 14 सितम्बर को सुहागिन महिलाएं हरितालिका तीज का निर्जला व्रत रखेंगी। वहीं कुंवारी कन्याएं भी भविष्य में अपने मनोवांछित वर की प्राप्ति के लिए कामना के साथ व्रत का पालन करेंगी। यह व्रत भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को रखा जायेगा। पंडित आचार्य शिवकुमार पाण्डेय के अनुसार सुबह के मुख्य पूजा मुहूर्त सुबह 6:05 बजे से लेकर सुबह 7:06 बजे तक, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:32 बजे से लेकर सुबह 5:19 बजे तक। अमृत काल मुहूर्त सुबह 5:36 बजे से सुबह 7:08 बजे तक, अभिजित मुहूर्त सुबह 11:52 बजे से दोपहर 12:41 बजे तक है। सुहागिन महिलाएं यदि सुबह पूजा नहीं कर पाते हैं, तो शाम को प्रदोष काल में भी पूजा की जा सकती है।

### हजारीबाग यूथ विंग ने सामूहिक रूप से देखी हनुमान अंश फिल्म, सिनेमा हॉल में गूंजा सीताराम का जयघोष

## भक्ति और संस्कार के संदेश के साथ लिया फिल्म का आनन्द

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों एवं उनके परिवारजनों ने हजारीबाग शहर में स्थित लक्ष्मी सिनेमा हॉल में सामूहिक रूप से हनुमान अंश फिल्म देखा। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन के निर्देश तथा अध्यक्ष करण जायसवाल के मार्गदर्शन में आयोजित यह सामूहिक फिल्म दर्शन भक्ति, परिवार और सामाजिक एकजुटता का सुंदर उदाहरण बनकर सभी के सामने आया। फिल्म देखने से पहले सभी सदस्य एवं परिवारजन सिनेमा हॉल के बाहर एकत्र हुए और सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद सीताराम के जयघोष के बीच सभी ने सिनेमा हॉल में प्रवेश किया और एक साथ



बैठकर फिल्म देखी। हनुमान अंश महान संत नीम करौली बाबा (नीब करौरी बाबा) के जीवन और भगवान श्रीहनुमान के प्रति उनके अटूट समर्पण पर आधारित फिल्म है। फिल्म में संत नीम करौली बाबा के जीवन के संघर्ष, साधना और उनके जीवन से जुड़ी चमत्कारों की मान्यताओं को दर्शाने के साथ प्रेम, सेवा, मानवता तथा ईश्वर के प्रति समर्पण जैसे भावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। फिल्म के माध्यम से भक्ति और मानव सेवा को जीवन का महत्वपूर्ण आधार बनाने का संदेश भी मिलता है। फिल्म का भजन मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान, सागर में नैया डाल दीहूं भी दर्शकों के बीच विशेष रूप से भावपूर्ण रहा। फिल्म देखने से पहले सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के कारण पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सदस्यों एवं उनके परिवारजनों ने पूरी श्रद्धा, भक्ति भावना और उत्साह के साथ फिल्म देखी। धार्मिक एवं आध्यात्मिक विषय पर आधारित फिल्म को परिवार के साथ सामूहिक रूप से देखना सभी के लिए विशेष अनुभव रहा हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के बाद सभी ने पूरी भक्ति भावना और आनंद के साथ हनुमान अंश फिल्म का आनंद लिया।

## बरकट्ठा में 4 जी 5 जी सेवा ठप्प, उपभोक्ता परेशान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरकट्ठा :** बरकट्ठा में पिछले दो दिनों से जियो का 4जी और 5जी नेटवर्क पूरी तरह ठप है, जिससे उपभोक्ताओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नेटवर्क सेवा पूरी तरह बाधित रहने के कारण क्षेत्र के लोगों की कॉलिंग और इंटरनेट सेवाएं ठप पड़ी हैं। स्थानीय निवासियों और कारोबारियों का कहना है कि यह समस्या पिछले करीब एक-दो महीने से लगातार बनी हुई है। बिजली कटते ही क्षेत्र में जियो का नेटवर्क भी गायब हो जाता है और बिजली आने के बाद ही सेवा बहाल होती थी, लेकिन पिछले दो दिनों से स्थिति और गंभीर हो गई है। क्योंकि बिजली रहने के बावजूद 4जी और 5जी नेटवर्क पूरी तरह गायब है। नेटवर्क सेवा ठप होने से विद्यार्थियों की ऑनलाइन पढ़ाई, व्यापारियों के डिजिटल भुगतान और आम नागरिकों के दैनिक कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। वर्तमान समय में मोबाइल नेटवर्क संचार और कामकाज का मुख्य जरिया बन चुका है, ऐसे में लगातार आ रही इस तकनीकी बाधा से उपभोक्ताओं में कंपनी के खिलाफ काफी नाराजगी है। प्रभावित लोगों ने जियो प्रबंधन से शीघ्र ही क्षेत्र की नेटवर्क व्यवस्था की जांच कर सेवा सुचारू रूप से बहाल करने की मांग की है। इस बाबत हजारीबाग जिले के जियो कंपनी में कार्यरत मुकेश सिंह से कई बार बात करने का प्रयास किया गया, पर उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं बरकट्ठा में कंपनी के कर्मी प्रभात कुमार ने बताया कि जेनरेटर खराब हो जाने के कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है, जिसकी रिपोर्ट कंपनी के वरिय अधिकारियों को दो-तीन महीने पहले ही रिपोर्ट भेजा जा चुका है।

## कजरी गांव में अधिकारियों ने किया वाड़ी प्लॉट का निरीक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही/हजारीबाग :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के सहयोग से भारतीय एग्रो इंडस्ट्रीज फाउंडेशन द्वारा संचालित 'एकीकृत सामुदायिक विकास परियोजना', चरही के तहत बहेरा पंचायत के कजरी गांव में वाड़ी विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उच्च उरफ मैनेजर (चरही) एवं उच्च नोडल ऑफिसर ने क्षेत्र भ्रमण कर परियोजना की प्रगति और धरातलीय स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किसानों के खेतों पर पहुंच कर BAIF संस्थान के सहयोग से विकसित वाड़ी प्लॉटों का अवलोकन किया। अधिकारियों ने वाड़ी विकास कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन, किसानों की सक्रिय सहभागिता



और BAIF टीम के प्रयासों की जमकर सराहना की। इस दौरान अधिकारियों ने किसानों से सीधे संवाद कर पौधों की वृद्धि, पैदावार, कृषि लाभ और भविष्य की जरूरतों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही, आगामी कार्ययोजना और किसानों को दिए जाने वाले तकनीकी सहयोग को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। BAIF के परियोजना अधिकारी राजीव कुमार ने जानकारी दी कि CCL उरफके सहयोग से लक्षित गांवों में कुल 100 वाड़ी प्लॉट तैयार किये गए हैं। ये वाड़ी प्लॉट उन भूखंडों पर विकसित किये गये हैं, जो पहले पूरी तरह बंजर और अनुपयोगी थे। आज किसान इन जमीनों पर अमरूद, नींबू, मुनगा (सहजन), पपीता और विभिन्न बहुउपयोगी पौधों का रोपण कर चुके हैं। इसके अलावा, अंतरवर्ती खेती (Intercropping) अपनाकर किसान भूमि का बेहतर उपयोग कर रहे हैं, जिससे उन्हें शुरुआती वर्षों में ही अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य बंजर भूमि को उपजाऊ बनाकर ग्रामीणों को टिकाऊ आजीविका से जोड़ना है। CCL अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की पहल ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आधारित आजीविका को सुदृढ़ करने, बंजर भूमि को उत्पादक बनाने और किसानों की आय में वृद्धि करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इससे किसानों में आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने और आत्मनिर्भर बनने की भावना सशक्त हो रही है।

## विश्वकर्मा मंदिर में चैय विश्वकर्मा समाज की बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण :** चैय विश्वकर्मा समाज समिति, आरपगार पांडेबारा की रविवार को बाबा विश्वकर्मा मंदिर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डोमन राणा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष विश्वकर्मा पूजा पूर्ण रूप से सादगी के साथ मनाई जाएगी। इस दौरान झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री स्व. सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। समिति ने तय किया कि पूजा संपन्न होने के उपरांत स्व. सोनू के चित्र पर माल्यार्पण कर सार्वजनिक शोक सभा व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान हरिकीर्तन का आयोजन किया गया है। पूजा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। सांसद मनीष जायसवाल, विधायक मनोज यादव, बरही एसडीओ, एसडीपीओ, बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियो को आमंत्रित किया गया है। बैठक में चैय विश्वकर्मा समाज के सचिव डोमन राणा, राणा, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, युगल राणा, बिरेन्द्र राणा, बिरेन्द्र कुमार राणा, प्रभु राणा, केदार राणा, जगरनाथ राणा, अवध राणा, बालेश्वर राणा, किशोर कुमार राणा, शंकर राणा, बच्चू राणा, मुकेश राणा, संजय राणा, मनोज राणा, पिन्टू राणा सहित अन्य थे।

## विभावि के राजनीति विज्ञान विभाग में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में 13 सितंबर को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने इसकी अध्यक्षता की। अभिभावकों की ओर से विद्यार्थी वर्षा के पिता लालमणि साव ने विभागीय व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए आग्रह किया कि विद्यार्थियों के कैरियर निर्माण की तैयारी में भी विभाग सहयोग करे। विद्यार्थी सन्नी प्रिया के अभिभावक नरेश कुमार गुप्ता ने शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी को अच्छी पहल बताते हुए इसके आयोजन की खूब प्रशंसा की। उन्होंने सुझाव दिया कि समय-समय पर विद्यार्थियों की करियर काउंसलिंग की व्यवस्था की जाये। विद्यार्थी प्रज्ञा आर्य की माता शोभा आर्य ने बताया कि विभाग के द्वारा





विद्यार्थियों का प्रशंसनीय मार्गदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने आग्रह किया कि आगे भी इसी प्रकार विद्यार्थियों का ख्याल रखा जाए। विद्यार्थी रवि रंजन के अभिभावक सियाराम ठाकुर ने बताया कि वह कठिन पृष्ठभूमि में रहकर अपने बच्चे को पढ़वा रहे हैं। उन्होंने भी शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी के आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि बच्चों के भविष्य निर्माण में विभाग महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि विभाग अभिभावकों के मोबाइल नंबर रखे और आवश्यकता पड़ने पर बच्चों के विषय में सीधे अभिभावक से बात करें। विद्यार्थी रेखा कुमारी के पिता नरेश कुमार यादव ने राजनीति विज्ञान विभाग के संचालन शैली की खूब प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि वह खुद चाहते हैं कि उनकी धर्मपत्नी हर हालत में अपनी पढ़ाई को पूरी करें। उनकी इस योजना में विभाग का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। विभाग में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले विद्यार्थी राहुल कुमार के पिता मनोज कुमार ने बताया कि बच्चों की खामियों को शिक्षक बताएं और दूर करें। यह भी कहा कि पढ़ाई पूर्ण होने पर बच्चों को यह भी बतायें कि उनके लिए कौन सा करियर विकल्प उपयुक्त है। प्राध्यापक डॉ अजय बहादुर सिंह ने अभिभावकों से अपील की कि वह वर्ग में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति को सुनिश्चित करें।

### जंगलपुर एफसी ने जीता अमन भारती क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब

**धनबाद :** अमन भारती क्लब, आसनबनी-2 पंचायत के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का रविवार को रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ समापन हुआ। खिताबी मुकाबले में जंगलपुर एफसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए करमाटांड़ एफसी को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। फाइनल मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। हालांकि जंगलपुर एफसी ने एक गोल कर बढ़त बना ली और अंतिम सीटी तक बढ़त कायम रखते हुए खिताब पर कब्जा जमा लिया। समापन समारोह में सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विजेता जंगलपुर एफसी और उपविजेता करमाटांड़ एफसी के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

## भाजपा सरकार ने ओबीसी समाज को ठगने का किया काम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** जनगणना में ओबीसी जातियों के लिए अलग कॉलम निर्धारित करने और आबादी के अनुपात में आरक्षण सुनिश्चित करने की मांग को लेकर रविवार को कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के बैनर तले कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर बिनोद कुशवाहा ने कहा कि भाजपा सरकार ने ओबीसी समाज को ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के कार्यकाल में ओबीसी आरक्षण को 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत किया गया था आज ओबीसी समाज ठगा महसूस कर रहा है। कांग्रेस पार्टी ओबीसी समाज को उनका अधिकार दिलाने के लिए आंदोलन का रास्ता





अख्तियार किया है। बिनोद कुशवाहा ने कहा कि कांग्रेस ओबीसी समाज को उसकी आबादी के अनुपात में आरक्षण देने की मांग कर रही है। इसी मांग को लेकर 16 सितंबर को लोकभवन का घेराव किया जायेगा। इसमें हजारीबाग से हजारों की संख्या में ओबीसी समाज के लोग रांची पहुंचेंगे और लोकभवन का घेराव करेंगे। हमारा एक ही मांग है की जनगणना में सभी ओबीसी जातियों के लिए अलग कॉलम हो जिससे पता चल सके कि ओबीसी के किस जाति की कितनी आबादी है। आगे उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की सोच को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस ओबीसी समाज को उसकी जनसंख्या के अनुरूप आरक्षण और अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष कर रही है। आबादी के अनुसार आरक्षण में भागीदारी सुनिश्चित करना जरूरी है। कांग्रेस के प्रदेश नेता दिगंबर कुमार मेहता ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में लोकभवन घेराव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें हजारीबाग समेत पूरे झारखंड से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। प्रेस वार्ता को ओबीसी जिला अध्यक्ष अजय कुमार प्रजापति, प्रकाश कुमार, मनोज नारायण भगत और ओमप्रकाश गोप ने भी संबोधित किया।

# सेवा संकल्प अभियान से हर नागरिक को विकसित भारत 2047 के संकल्प से जोड़ना लक्ष्य

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** भाजपा जिला कार्यालय, कालीबाड़ी में रविवार को 'सेवा संकल्प अभियान' को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद और भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक देशव्यापी सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य जनसेवा को जनआंदोलन का स्वरूप देते हुए लोगों को विकसित भारत





2047 के संकल्प से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर शाम सात बजे 'आशीर्वाद का दिया' जला कर अभियान की शुरुआत होगी। बूथ, घर, दुकान, कार्यालय, स्कूल, पंचायत भवन सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के घरों में भी दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक स्कूलों में चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने बताया कि अभियान के तहत जिले के सभी मंडलों और बूथों पर 25 प्रमुख सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें सेवा ज्योति यात्रा, रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर, अंगदान संकल्प, अनाथालय और वृद्धाश्रम में सेवा, पौधरोपण, प्लास्टिक मुक्ति, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं कचरा पृथक्करण अभियान शामिल हैं। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिजिटल साक्षरता, नशा मुक्ति, सड़क व साइबर सुरक्षा जागरूकता, दिव्यांगजन सहयोग, फिट इंडिया गतिविधियां तथा सैनिकों का सम्मान किया जायेगा। आंगनवाड़ी केंद्रों पर विशेष शिविर लगाकर माताओं और बच्चों को सम्मानित करने के साथ पोषण व स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। जनप्रतिनिधियों द्वारा पिछड़े गांवों को गोद लेकर विकास कार्यों को बढ़ावा देने की भी योजना है। अभियान का समापन 17 अक्टूबर को विभिन्न प्रमुख केंद्रों पर जनप्रतिनिधियों के सम्मेलन के साथ होगा। नेताओं ने आम लोगों और सामाजिक संगठनों से अभियान से जुड़ने की अपील की। प्रेस वार्ता में जिला महामंत्री जयनारायण कुशवाहा, कार्यालय प्रभारी विवेक सिंह, दीपक मेहता, सुमित लाहेरी सहित कई पदाधिकारी और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सेवा संकल्प अभियान को लेकर कटकमसांडी पश्चिमी मंडल की बैठक आयोजित
### 14 कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा

**कटकमसांडी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा कटकमसांडी पश्चिमी मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव ने की, जबकि मंच संचालन मंडल महामंत्री अरविंद कुमार यादव ने किया। बैठक में अभियान के तहत आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कटकमसांडी पश्चिमी मंडल के सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद प्रसाद, मंडल अध्यक्ष कैलाश



यादव, महामंत्री अरविंद कुमार यादव, रामकृपाल सिंह, निर्मल साव, मिथलेश सिंह, महावीर सिंह, संदीप मुंडा, शंकर यादव, नरेश मेहता, राजकिशोर प्रसाद, मनोज पांडेय, जयशंकर सिंह, कुलदीप सिंह भोक्ता, शंभु पासवान, राजकुमार यादव, प्रमोद यादव, मनोज अग्रवाल,सोहर राणा, सहदेव यादव, सुभाष यादव, रिंकू राणा लेखराज यादव सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक झलक

### तीज को लेकर धनबाद कोयलांचल में बढ़ी रौनक पूजन सामग्री की खरीदारी तेज

**धनबाद:** हरितालिका तीज पर्व को लेकर धनबाद कोयलांचल के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। आगामी 14 सितंबर को सुहागिन महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर अखंड सौभाग्य, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करेंगी। तीज पूजा में भगवान गणेश की भी विधि-विधान से पूजा की जाएगी। पर्व को लेकर धनबाद, झरिया सहित आसपास के बाजारों में रविवार को दिनभर चहल-पहल रही। पूजन सामग्री, फल-फूल, बेलपत्र, पूजा-पत्री और फूल-मालाओं की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ देखी गई। महिलाएं तीज व्रत और पूजा के लिए आवश्यक सामग्री की खरीदारी में जुटी रहीं। बाजार में फल, पूजा सामग्री और श्रृंगार से जुड़ी दुकानों पर भी ग्राहकों की संख्या बढ़ी है। व्यापारियों के अनुसार, पिछले कई दिनों से तीज को लेकर खरीदारी में लगातार तेजी आई है। खासकर फूल-माला, पूजा-पत्री और अन्य पूजन सामग्री की मांग बढ़ी है। पर्व को लेकर बाजार में उत्साह का माहौल है। महिलाएं घरों में पूजा की तैयारियों के साथ व्रत की तैयारी में भी जुट गई हैं। बाजारों में बढ़ी भीड़ से कारोबारियों को भी अच्छे व्यापार की उम्मीद है।

### सिन्दरी टीओपी मैदान में आज से गणेश पूजा मेला

**सिन्दरी (धनबाद):** झारखंड गणेश पूजा समिति के तत्वावधान में रांगामाटी स्थित टीओपी मैदान में गणेश पूजा सह मेला की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 14 सितंबर से शुरू होने वाले इस मेले को लेकर आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। करीब ढाई लाख रुपये की लागत से पूजा पंडाल का निर्माण कराया गया है। पंडाल की ऊंचाई करीब 60 फीट और चौड़ाई 50 फीट है। पंडाल में 10 फीट ऊंची भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है, जो श्रद्धालुओं और मेले में आने वाले लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगी। गणेश पूजा मेला के संस्थापक मिंटू मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष आयोजन का 24वां वर्ष है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी पूजा को भव्य रूप देने का प्रयास किया गया है। पूजा सह मेला को सफल बनाने के लिए इस बार महिला समिति की सदस्य विशेष रूप से सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। आयोजन में आशा देवी महतो, नीलम मिश्रा, चंद्रावती देवी, रूपा मिश्रा, रिंकु देवी, संजू देवी, सोनम देवी, अर्पिता मुखर्जी, रीता चंद्रा, कमला देवी, अंजना देवी, सीमा देवी, जोशना देवी, मीरा देवी और रेशमा देवी सहित अन्य सदस्य सक्रिय हैं। पूजा के मुख्य यजमान बंशीधर मिश्रा होंगे। मुख्य पुरोहित भास्कर झा तथा सहयोगी पुरोहित के रूप में मुरारी पंडित और चंदन पंडित पूजा संपन्न करायेंगे।

### पर्युषण महापर्व पर निकली भव्य पदयात्रा, महावीर स्वामी के जन्म वाचन में उमड़े श्रद्धालु

**बाघमारा (धनबाद)** : श्री पर्युषण महापर्व के अवसर पर श्री श्री श्वेतांबर जैन सराक मूर्तिपूजक संघ, कुमारडीह की ओर से रविवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कुमारडीह स्थित जैन मंदिर परिसर में भगवान महावीर स्वामी का जन्म वाचन हुआ। इस दौरान भगवान महावीर की माता त्रिशला द्वारा देखे गए चौदह शुभ स्वप्नों का चढ़ावा किया गया और श्रद्धालुओं ने उनके दर्शन किये। कार्यक्रम के तहत सुबह छह बजे कुमारडीह जैन मंदिर से गाजे-बाजे के साथ भव्य पदयात्रा सह धार्मिक रैली निकाली गई। पदयात्रा कचरी, हाथुडीह और महुदा रेलवे कॉलोनी होते हुए महुदा बाजार स्थित जैन मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पदयात्रा में कुमारडीह गांव के बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु शामिल हुए। मुंबई से पहुंचे समकित ग्रुप के जैन भक्तों ने भी धार्मिक आयोजन में भाग लिया। महिला, पुरुष और बच्चों ने उत्साह के साथ पदयात्रा में हिस्सा लिया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। मौके पर संजय सराक, विनय कुमार सराक, रंजीत कुमार सराक, महेश सराक, शिवकुमार सराक, मनोरंजन सराक, मिताली सराक, पुरन सराक, पूर्णिमा देवी, मुकेश सराक, वृष्टि कुमारी, गोरंग सराक, केशव सराक, तारकेश्वर सराक सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## एसआईआर प्रक्रिया की आयुक्त ने की औचक जांच, बीएलओ से ली प्रगति की जानकारी

# निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का करें पालन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 को लेकर शनिवार को मतदाता सूची प्रेक्षक-सह-प्रमंडलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग, विजय कुमार गुप्ता ने धनबाद एवं सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत चल रहे पुनरीक्षण कार्य की जमीनी स्थिति का जायजा लिया।



आयुक्त ने सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के पंचायत सचिवालय दमकाड़ा बरवा स्थित बूथ संख्या 59 व 60 तथा धनबाद विधानसभा क्षेत्र के पुराने समाहरणालय भवन स्थित बूथ संख्या 112, 113, 114 व 115 और माडा कार्यालय भवन स्थित बूथ संख्या 180 व 181 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से एसआईआर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ और मौके पर मौजूद मतदाताओं से सीधे संवाद कर पुनरीक्षण प्रक्रिया में आ रही समस्याओं तथा कार्य की वास्तविक स्थिति को समझा।

उन्होंने दावा-आपत्तियों की सुनवाई, फॉर्म-6 के माध्यम से प्राप्त आवेदनों और अनमैप्ड मतदाताओं को जारी नोटिस सहित अन्य मामलों की भी जानकारी ली। सुनवाई के लिए पहुंचे लोगों से उनकी समस्याएं पूछीं और संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित समाधान का निर्देश दिया। आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि एसआईआर-2026 के तहत दावा एवं आपत्तियों की सुनवाई पारदर्शी, निष्पक्ष और सुलभ तरीके से की जाये। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने को कहा।

## चासनाला सूर्य मंदिर में विहिप ने मनाया 62वां स्थापना दिवस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**पाथरडीह (धनबाद):** चासनाला सम्राट नगर स्थित श्रीश्री सूर्य मंदिर प्रांगण में रविवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) का 62वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम दरबार की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में पहुंचे अतिथियों का केसरिया गमछा ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए विहिप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उम्मीदवार शंकर तिवारी ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन 29 अगस्त 1964 को विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई थी। इसी के उपलक्ष्य में देशभर में स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में विहिप और बजरंग दल की ओर से करीब पांच हजार स्थानों पर स्थापना दिवस मनाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे संगठन को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद सनातन धर्म की रक्षा, भारत की गौरवशाली गरिमा को बनाए रखने और देश को विश्व गुरु बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहा है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए अधिक से अधिक सनातनियों को संगठन से जुड़ने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अमल रज शेखर को विहिप के उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। समारोह में विभाग संगठन मंत्री मिथिलेश महतो, विभाग सह मंत्री सोनू गिरी, जिला मंत्री आनंद महतो, प्रखंड अध्यक्ष रणधीर सिंह, सीडी मिश्रा, नीरज तिवारी, कैलाश विश्वकर्मा, राजू शेखर, सतेंद्र सिंह, सनोज सिंह, राजेंद्र दुबे, आकाश रजक, सुनील, सागर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बीआईटी सिन्दरी में नवप्रवेशित छात्रों का 14 दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम सम्पन्न

# विशेषज्ञों ने छात्रों को अनुशासन, शोध, स्टार्टअप और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की दी सीख

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिंदरी में बीटेक के नवप्रवेशित छात्रों के लिए आयोजित 14 दिवसीय इंडक्शन सह ओरिएंटेशन कार्यक्रम का रविवार को शानदार समापन हुआ। यूजीसी के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित यह कार्यक्रम 31 अगस्त से शुरू हुआ था। कार्यक्रम का उद्देश्य नये छात्रों को संस्थान के शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन, शोध, रोजगार और भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराना था। चेयरमैन इंडक्शन प्रोग्राम डॉ. आरके वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए। धनबाद के उपायुक्त आदित्य रंजन ने प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र में अभियंताओं की भूमिका पर विचार रखे। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने अनुशासन और कड़ी मेहनत को सफलता की कुंजी बताया। आईआईटी आईएसएम धनबाद के निदेशक डॉ. सुकुमार मिश्रा ने छात्रों को शोध और स्टार्टअप की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। भारतीय रेलवे के वित्त प्रबंधक हर्षवर्द्धन सिंह ने छात्र जीवन में हमेशा जिज्ञासु बने रहने की सीख दी। ईसीएल के निदेशक चित्तरंजन प्रसाद ने छात्रों को अपने जुनून के प्रति सजग रहने की सलाह दी। बीआईटी सिंदरी के निदेशक डॉ. पंकज राय ने लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए कठिन परिश्रम करने पर जोर दिया। डॉ. प्रकाश कुमार ने शोध और स्टार्टअप पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही, जबकि डॉ. धनश्याम ने छात्रों को रोजगार और चयन प्रक्रिया में सफलता के मंत्र बताए। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को तकनीकी शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए भी प्रेरित किया गया।



## संविधान बचाओ महारैली को लेकर जनसम्पर्क तेज



**धनबाद :** संविधान बचाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर 19 सितंबर को धनबाद में प्रस्तावित संविधान बचाओ महारैली को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। समिति ने महारैली में हजारों लोगों के शामिल होने का दावा किया है। आरक्षण एवं यूजीसी एक्ट को मजबूती से लागू करने की मांग को लेकर आयोजित महारैली को सफल बनाने के लिए समिति के नेता और कार्यकर्ता जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। अभियान के दौरान लोगों को महारैली के उद्देश्य और मांगों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में धनबाद पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की जा रही है। समिति के नेताओं के अनुसार, महारैली को लेकर लोगों में उत्साह है और विभिन्न इलाकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। जनसंपर्क के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। धनबाद, झरिया, भूली, पुटकी, गोधर-केन्दुआ और गोविंदपुर में अभियान चलाया जा रहा है। बलियापुर, सिंदरी, निरसा और चिरकुंडा में भी जल्द अभियान चलाया जायेगा।

## ओबीसी के लिए अलग कॉलम की मांग, कांग्रेस का राजभवन मार्च



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जातिगत जनगणना 2027 के जनगणना प्रपत्र में पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए पृथक कॉलम की मांग को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस 16 सितंबर को रांची में राजभवन मार्च करेगी। इसे लेकर रविवार को धनबाद परिसदन में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो के नेतृत्व में प्रेस वार्ता हुई। जलेश्वर महतो ने कहा कि जनगणना प्रपत्र में ओबीसी के लिए अलग कॉलम और उसके अंतर्गत ड्रॉपडाउन की व्यवस्था नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है। अलग-अलग जाति, उपजाति और गोत्र के नाम दर्ज कराने की व्यवस्था से ओबीसी समाज को विभाजित करने की कोशिश की जा रही है। इससे पिछड़े वर्ग की वास्तविक संख्या का सही आकलन प्रभावित हो सकता है और इसका असर आरक्षण समेत आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक अधिकारों पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ओबीसी को बांटने की किसी भी साजिश को सफल नहीं होने देगी और सामाजिक न्याय की लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने धनबाद से कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और सामाजिक न्याय में विश्वास रखने वाले लोगों से अधिक संख्या में रांची पहुंचने की अपील की। प्रदेश कांग्रेस समन्वयक रवींद्र वर्मा ने कहा कि 16 सितंबर को बापू वाटिका से राजभवन तक विशाल मार्च निकाला जाएगा। वरिष्ठ नेता राजेश्वर सिंह यादव ने भी सामाजिक न्याय के लिए सभी वर्गों से एकजुट होने का आह्वान किया।

## सिन्दरी की आवासीय समस्या के समाधान को मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव से चर्चा करेंगे विधायक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**सिन्दरी (धनबाद) :** सिन्दरी की आवासीय समस्या के स्थायी समाधान को लेकर विधायक चंद्रदेव महतो ने सिंदरी बचाओ सामूहिक मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल को हर स्तर पर पहल करने का आश्वासन दिया है। विधायक ने कहा कि वे इस मामले को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्य सचिव के समक्ष रखकर समाधान की दिशा में बातचीत करेंगे। जरूरत पड़ने पर मोर्चा के प्रतिनिधियों के साथ दिल्ली जाकर संबंधित मंत्रालय के स्तर पर भी वार्ता की जायेगी। अपने आवास पर मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल के साथ सिंदरी की आवासीय समस्या पर चर्चा करते हुए विधायक ने कहा कि पूर्व की अपेक्षा अब सिंदरी के लोग अपने आवास के अधिकार और समस्या के समाधान को लेकर अधिक एकजुट हुए हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि लोगों को इस मुद्दे पर और जागरूक एवं संगठित होने की जरूरत है। सामूहिक प्रयास से ही समस्या का प्रभावी समाधान संभव है। विधायक ने कहा कि सिंदरीवासियों की आवासीय समस्या को लेकर वे लगातार प्रयास करेंगे और मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रालय स्तर तक इस मुद्दे को उठाएंगे। उन्होंने मोर्चा को भरोसा दिलाया कि समस्या के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में मोर्चा के संयोजक सेवानिवृत्त डीएसपी रविंद्र प्रसाद सिंह, सिंदरी फैमिली ग्रुप के संस्थापक डीएन सिंह, शशि सिंह, अरुण सिंह, पवन शर्मा और अनामिका तिवारी शामिल थीं।

## भव्य दुर्गा पूजा के लिए समिति गठित, राणा सिंह बने अध्यक्ष

**रातू :** वैष्णवी दुर्गा पूजा समिति, भवानी नगर पिर्रा , रातू की बैठक रविवार को शंभू सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा को भव्य एवं आकर्षक तरीके से आयोजित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। आयोजन को सफल बनाने के लिए सर्वसम्मति से पूजा समिति का गठन किया गया। बैठक में राणा सिंह को अध्यक्ष, सूरज सिंह को उपाध्यक्ष, राकेश तिवारी को सचिव और विनोद ठाकुर को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं राजेंद्र पांडे, बलराम सिंह एवं मिथिलेश दुबे को समिति का संरक्षक बनाया गया। समिति के सदस्यों में श्रीराम सिंह, दीपक पांडे, बसंत महतो, केके दुबे, दिलीप सिंह, आलोक सिंह, डीएन सिंह, कृष्णा पाठक, सोनू सिंह, अंकित सिंह, आशीष दुबे, मधेश्वरी राय एवं प्रताप अनिल पांडे जी डोंगी शामिल हैं।

## डॉ. सरिता कुमारी को अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी परिषद व ब्राह्मण समाज ने किया सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** टुंडी थाना क्षेत्र के ओझाडीह गांव निवासी गौतम कुमार ओझा की पत्नी डॉ. सरिता कुमारी को शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद, झारखंड एवं संयुक्त ब्राह्मण समाज की ओर से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सह संयुक्त ब्राह्मण समाज के महासचिव सुरेश चंद्र तिवारी ने उन्हें शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. सरिता कुमारी ने वर्ष 2019 में यूजीसी-नेट परीक्षा में सफलता हासिल कर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने छह अलग-अलग विषयों में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है। इसके अलावा इतिहास विषय में शोध करते हुए उन्होंने पूर्व एवं मध्यकाल में वैश्य समाज की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक विषय पर पीएचडी की उपाधि हासिल की है।



सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए सुरेश चंद्र तिवारी ने डॉ. सरिता कुमारी की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उनकी सफलता समाज की युवा पीढ़ी, विशेषकर छात्राओं के लिए प्रेरणादायक है। निरंतर अध्ययन, मेहनत और लगन के बल पर महिलाएं आज हर क्षेत्र में सफलता के नये आयाम स्थापित कर रही हैं। मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी सपन कुमार ओझा, गौतम कुमार ओझा, नीतू ओझा, सुमन ओझा, नेहा ओझा, निलेश ओझा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## संकल्प एजुकेशन में हिन्दी दिवस समारोह, विद्यार्थियों ने दिखायी प्रतिभा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**बाघमारा/धनबाद :** अंगारपथरा स्थित संकल्प एजुकेशन में रविवार को राष्ट्रीय हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जय धरती मां फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं फाउंडेशन के संस्थापक रवि कुमार निषाद, इंडियन नोबेल स्कूल के प्राचार्य गौतम चौरसिया, संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो, प्रबंध निदेशक मनोरमा देवी, गांधी स्मारक उच्च विद्यालय के शिक्षक विनोद कुमार दास एवं कुणाल कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य हिंदी के प्रचार-प्रसार और संवर्धन के साथ प्रशासनिक एवं दैनिक कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देना है। हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि देश की संस्कृति, भावनाओं और अभिव्यक्ति से जुड़ी समृद्ध भाषा है। विद्यार्थियों को हिंदी के प्रति रुचि विकसित करने के साथ इसके समृद्ध साहित्य और गौरवशाली विरासत से भी परिचित होना चाहिए। समारोह में हिंदी पांडुलिपि लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। समूह ह्यकह्न में अंजना कुमारी, रुद्रवीर कुमार, विदयानी कुमारी, आराध्या चरण शर्मा, तनय राज, मिस्टी चौहान एवं कृतिका साहनी ने बेहतर प्रदर्शन किया। समूह 'J' में आलोक महतो, आदित्य राज, शिवन्या कुमारी, आरोही कुमारी, रिया कुमारी एवं अंबा कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम छह स्थानों में जगह बनाई। संस्था की ओर से सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

## सुरंगा व मुकुंदा में भाकपा माले की पंचायत कमेटियों का गठन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/बलियापुर :** भाकपा माले की सांगठनिक मजबूती को लेकर रविवार को सुरंगा एवं मुकुंदा पंचायत में पंचायत व शाखा कमेटियों का गठन किया गया। पूर्व विधायक आनंद महतो की विशेष उपस्थिति एवं नेतृत्व में आयोजित सांगठनिक प्रक्रिया के दौरान कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से नई कमेटियों के पदाधिकारियों का चयन किया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी भी मौजूद रहीं।

सुरंगा पंचायत कमेटी के सचिव के रूप में विजय कुमार रजक तथा उप सचिव के रूप में नारद कालिंदी का चयन किया गया। वहीं, मुकुंदा पंचायत शाखा कमेटी के सचिव लखन गोराई एवं सह सचिव महेंद्र निषाद बनाये गये।



इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत कर ग्रामीणों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए ग्रामीणों को संगठित कर संघर्ष को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि हीरालाल मोदक, देवाशीष पांडे, मंगल महतो, सरवन चंद्र महतो, अप्पू मिश्रा, बनवारी शर्मा, अजय मोदक, धीरेन महतो, रिंकू निषाद, परेश गोराई, निशाकर मोदक, विश्वनाथ गोराई, जोटु मोदक, गिरधारी महतो, पप्पू महतो समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## सांसद ढुल्लू महतो ने अनमोल रेस्टोरेंट का किया उद्घाटन, वेज-नॉनवेज व्यंजनों का मिलेगा स्वाद



**धनबाद :** शहरवासियों को स्वादिष्ट और स्वच्छ भोजन के लिए एक और नया विकल्प मिल गया है। रविवार को सांसद ढुल्लू महतो ने फीता काटकर अनमोल रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर रेस्टोरेंट संचालक मुकेश कुमार गुप्ता सहित अतिथियों ने सांसद को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि रेस्टोरेंट संचालक मुकेश कुमार का बरटांड़ बस स्टैंड के समीप स्थित मुकेश होटल पहले से ही स्वादिष्ट और स्वच्छ भोजन के लिए लोगों के बीच लोकप्रिय है। अब अनमोल रेस्टोरेंट के माध्यम से धनबादवासियों को वेज और नॉनवेज के विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का सपरिवार आनंद लेने का अवसर मिलेगा। उन्होंने संचालक को बेहतर सेवा और सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं। संचालक मुकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि अनमोल रेस्टोरेंट शुरू करने का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर माहौल में गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की पसंद, भोजन की गुणवत्ता और उचित मूल्य का विशेष ध्यान रखा जाएगा। मध्यदेशीय समाज के जिलाध्यक्ष विशाल कुमार गुप्ता ने भी संचालक को बधाई देते हुए धनबादवासियों को बेहतर व्यंजन उपलब्ध कराने की शुभकामनाएं दीं। मौके पर भाजपा नेता चंद्रशेखर सिंह, संजय झा, नितिन भट्ट, शशि प्रकाश गुप्ता, राजेश गुप्ता, उमेश गुप्ता, बरटांड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रणजीत सिंह, संतोष चौरसिया, रवि राज, मनोज गुप्ता, कैलाश गुप्ता समेत कई अतिथि और ग्राहक मौजूद थे।

## गोपालन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती : गो रक्षा विभाग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** श्री गंगा गौशाला कतरास के प्रांगण में रविवार को विश्व हिंदू परिषद भारतीय गोवंश रक्षण संवर्धन परिषद के गौ रक्षा विभाग की ओर से किसानों एवं गोपालकों के लिए संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। संगोष्ठी में धनबाद के अलावा देवघर और जमशेदपुर से भी बड़ी संख्या में किसान एवं गोपालक शामिल हुए।

संगोष्ठी में गोपालन को बढ़ावा देने और जैविक खेती के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष विपिन मंडल ने कहा कि वर्तमान समय में नई पीढ़ी में गोपालन के प्रति रुचि कम हो रही है। पहले ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग हर घर में गाय पाली जाती थी, लेकिन बदलती जीवनशैली के कारण गोपालन से लोग दूर हो रहे हैं। इसका असर ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है।



प्रांत गो रक्षा प्रमुख कमलेश सिंह ने किसानों से रासायनिक खाद की जगह गोबर से तैयार जैविक खाद का इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गोबर की खाद मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने में सहायक है। उन्होंने मिलावटी दूध, पनीर, खोवा और घी की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए शुद्ध खाद्य पदार्थों की उपलब्धता को समय की जरूरत बताया।

गोशाला समिति के सचिव महेश अग्रवाल ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए जैविक खाद पर 50 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि गौशाला में तैयार खाद की कीमत आठ रुपये प्रति किलो है, लेकिन किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए इसे चार रुपये प्रति किलो की दर से उपलब्ध कराया जायेगा।

किसानों ने पंचायत और प्रखंड स्तर पर नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की। मौके पर प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन कुमार, विजय अग्रवाल, मंटू दुबे, संजय देव, मेघलाल महतो, दीपक अग्रवाल, कृष्ण कन्हैया राय समेत सैकड़ों किसान और गोपालक मौजूद थे।

# वारंट निष्पादन में धनबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अगस्त में 912 वारंटों का निपटारा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए धनबाद पुलिस ने लंबित वारंटों के निष्पादन को लेकर विशेष अभियान तेज कर दिया है। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में फरार एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ लंबित वारंटों के निष्पादन की कार्रवाई लगातार की जा रही है। अगस्त माह में पुलिस ने अभियान के तहत कुल 912 लंबित वारंटों का निष्पादन किया। इनमें 874 अभियुक्त वारंट, 28 स्थायी वारंट और 10 कुर्की वारंट शामिल हैं। पुलिस टीमों ने संबंधित थाना क्षेत्रों में लगातार छापेमारी और कार्रवाई कर फरार आरोपितों की तलाश की तथा लंबित मामलों में वारंटों का निष्पादन सुनिश्चित किया।

इसी दौरान विभिन्न आपराधिक मामलों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 134 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। पुलिस की इस कार्रवाई से लंबे समय से फरार और विभिन्न मामलों में वांछित आरोपितों पर दबाव बढ़ा है। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को सितंबर में वारंट निष्पादन अभियान में और तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिक से अधिक लंबित वारंटों का निष्पादन करते हुए वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा है। पुलिस का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## लोकोबाजार हटिया से सब्जी विक्रेता की बाइक चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**पाथरडीह (धनबाद) :** सुदामडीह थाना क्षेत्र के लोकोबाजार हटिया से शनिवार को एक सब्जी विक्रेता की बाइक चोरी हो गई। भुक्तभोगी राजन गोराई ने घटना को लेकर सुदामडीह थाना में लिखित शिकायत देकर पुलिस से बाइक बरामद करने की गुहार लगायी है। राजन गोराई ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह अपनी काले रंग की सुपर एक्सप्लेंडर बाइक (जेएच 10 एवी/6353) से लोकोबाजार हटिया सब्जी बेचने आया था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उसकी बाइक पर हाथ साफ कर दिया। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। बाइक चोरी होने से उसके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है और उसे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ संदिग्धों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुदामडीह थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आने से लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

## बारूद से लदी ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**बाघमारा (धनबाद) :** महुदा थाना क्षेत्र के तेलमोचो में रविवार को भीषण सड़क हादसे में करीब 19 वर्षीय युवक सूरज कुमार की मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक तेलमोचो निवासी युधिष्ठिर महतो का इकलौता पुत्र था। बताया जाता है कि सूरज किसी काम से तेलमोचो बाजार गया था। सामान लेकर वह मोटरसाइकिल से तेलमोचो की ओर लौट रहा था। इसी दौरान बाजार की ओर मुड़ते समय बोकारो से धनबाद की ओर जा रहे बारूद लदे ट्रक (जेएच 09 जेड-3001) ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक बाइक को कई मीटर तक घसीटता हुआ ले गया।

## सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों के कारण हादसा, चालक को भी लगी चोट

**पाथरडीह (धनबाद) :** झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग स्थित चासनाला के के-गेट के समीप रविवार को सड़क पर अचानक एक सवारी ऑटो पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार सिंदरी निवासी आलोक कुमार घायल हो गए। उन्हें अंदरूनी चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया। वहीं ऑटो चालक को भी हल्की चोटें आई हैं। बताया जाता है कि ऑटो झरिया की ओर से सिंदरी की तरफ जा रहा था। इसी दौरान केके-गेट के समीप सड़क पर अचानक पलट गया।

## सम्पादकीय.....

# फिर खड़ा हुआ विवाद

**संयुक्त** राष्ट्र की एक पहल के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच फिर से जम्मू-कश्मीर को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। 04 सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दुनिया के वर्तमान नक्शे को बदलने के लिए वोटिंग की है। दावा है कि यह नक्शा अफ्रीका के आकार को अधिक सटीक रूप से दर्शाता है। इस प्रस्ताव के समर्थन में 164 देशों ने वोट किया, जिसमें भारत भी शामिल है। छह देशों ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। जबकि, अमेरिका एकमात्र ऐसा देश था, जिसने इस प्रस्ताव का विरोध किया। दरअसल, अफ्रीका चाहता था कि नक्शे में सुधार हो, क्योंकि उसे उसके वास्तविक आकार से काफी छोटा दिखाया जाता था। इसलिए जब वोट देने की बारी आयी, तो भारत ने भी इसमें साथ दिया। लेकिन, इस नये नक्शे में जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों को पाकिस्तान और चीन के हिस्से के तौर पर दिखाया गया है। इसी पर भारत ने अपनी आपत्ति जारी की है। 06 सितम्बर को भारत के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि संयुक्त राष्ट्र की ओर से प्रस्तावित विश्व मानचित्र में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केन्द्र-शासित प्रदेशों को भारत के आधिकारिक मानचित्र के अनुसार ही दिखाया जाना चाहिए। कोई भी 'गलत' या 'गुमराह करने वाला' चित्रण स्वीकार्य नहीं होगा। वक्तव्य के अनुसार, 'संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 04 सितम्बर को समान क्षेत्रफल वाले विश्व मानचित्र से सम्बन्धित एक प्रस्ताव पारित किया। इसका उद्देश्य ऐसे मानचित्र के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है, जिसमें महाद्वीपों के भू-भाग के वास्तविक आकार को बनाये रखा जाता है। इस प्रस्ताव में किसी खास विश्व मानचित्र को अपनाया या प्रमाणित नहीं किया गया है। न ही इसमें राजनैतिक मानचित्र से जुड़े मुद्दों ; जैसे अंतरराष्ट्रीय सीमाओं, विवादित क्षेत्रों या जगहों के नामों पर कोई बात कही गयी है।' वक्तव्य में कहा गया है कि भारत ने इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया और अपने वोट की वजह बताते हुए समान क्षेत्रफल वाले मानचित्रों के इस्तेमाल के मूल सिद्धांत पर जोर दिया। भारत ने स्पष्ट कर दिया कि इस नक्शे को राजनैतिक मानचित्र की तरह नहीं देखा जा सकता और न ही ऐसी कोई कोशिश स्वीकार्य होगी। लेकिन, पाकिस्तान ने इस अवसर पर अपनी संकीर्ण स्वार्थी प्रवृत्ति का परिचय दिया। पाक विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सज्जाद हैदर खान ने कहा, 'पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर की स्थिति को लेकर भारत के बेबुनियाद दावों को पूरी तरह खारिज करता है। भारत के दावे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त तथ्यों के उलट हैं। भारत की एकतरफा कार्रवाई और लगातार जारी अवैध कब्जा जम्मू-कश्मीर की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विवादित स्थिति को नहीं बदल सकता।' पाकिस्तान सम्भवतः यह बात समझ नहीं रहा है कि संयुक्त राष्ट्र के इस प्रस्ताव के राजनैतिक विवाद को सुलझाने या उलझाने का उद्देश्य नहीं था। यह महज एक ऐतिहासिक और परम्परागत रूप से चले आ रहे नक्शे को इस तरह से सुधारना था, जिसमें किसी देश के आकार को गलत नहीं दिखाया जाये। इस प्रयास में किसी भी किस्म की राजनीति नहीं होनी चाहिए, लेकिन पाकिस्तान के हुक्मरान आदत से मजबूर हैं। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र में इस प्रस्ताव पर वोटिंग बाध्यकारी नहीं थी, लेकिन फिर भी अधिकतर देशों ने इसमें हिस्सा लिया। अब दुनिया भर की संस्थाओं की ओर से इस्तेमाल होनेवाले दुनिया के नक्शे में बदलाव देखने को मिलेंगे। दरअसल, इस समय जो नक्शा दुनिया में इस्तेमाल किया जाता है, वह 16वीं सदी का बना हुआ मर्केटर मानचित्र है। इसमें अफ्रीका का आकार ग्रीनलैंड के बराबर दिखता है, जबकि वास्तव में यह उससे 14 गुना ज्यादा बड़ा है। बहरहाल, नये नक्शे को समर्थन मिलने के बाद अफ्रीका को क्या नाइंसाफी दूर होने का अहसास होगा, यह देखना होगा। साथ ही, यह भी इंतजार रहेगा कि संयुक्त राष्ट्र में भारत के साथ हुई गलती को सुधारा जाता है या नहीं।

## ● किसने क्या कहा



ब्रिक्स में ग्लोबल साउथ का विश्वास बढ़ा, तकनीकी विकास समावेशी हो

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**



खटीक समाज का वैदिक काल से राष्ट्र रक्षा और धर्म के प्रति महत्त्वपूर्ण योगदान

**राजनाथ सिंह**
**रक्षामंत्री**

# विदेशी मुद्रा भंडार का चौथे स्थान पर आना भारत की बड़ी सफलता !

विशेष | डॉ. मयंक चतुर्वेदी



04 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 44.9 अरब डॉलर बढ़ कर 785.7 अरब डॉलर पहुंच गया। इस असाधारण वृद्धि में आरबीआई की फॉरेन करेंसी नॉन–रेसिडेंट यानी एफसीएनआर (बी) जमा योजना के विशेष अभियान की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। प्रवासी भारतीयों की ओर से बैंकिंग व्यवस्था में आयी विदेशी मुद्रा ने भंडार को मजबूती दी। वास्तव में यह वृद्धि भारत की अर्थव्यवस्था के प्रति वैश्विक भरोसे का भी संकेत है। केन्द्र सरकार की नीतियों, राज्यों द्वारा निवेश आकर्षित करने के प्रयासों और रक्षा, विनिर्माण, नागरिक उड्डयन तथा डिजिटल अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में विदेशी निवेश के विस्तार ने विदेशी मुद्रा के प्रवाह को मजबूत किया है।

**भारत** का विदेशी मुद्रा भंडार इस माह सितंबर में 785.7 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचना और रूस को पीछे छोड़कर दुनिया में चौथे स्थान पर आ जाने ने सभी को चौकाया है। अब भारत से आगे केवल चीन, जापान और स्विट्जरलैंड हैं। यह उपलब्धि निश्चित रूप से आर्थिक आत्मविश्वास बढ़ाने वाली है, क्योंकि मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के दौर में देश के लिए सुरक्षा कवच का काम करता है। अब इससे बड़ा प्रश्न यह है कि इस स्थिति को स्थायी कैसे बनाया जाए। 04 सितंबर को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 44.9 अरब डॉलर बढ़कर 785.7 अरब डॉलर पहुंच गया। इस असाधारण वृद्धि में आरबीआई की फॉरेन करेंसी नॉन-रेसिडेंट यानी एफसीएनआर (बी) जमा योजना के विशेष अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रवासी भारतीयों की ओर से बैंकिंग व्यवस्था में आई विदेशी मुद्रा ने भंडार को मजबूती दी।

वास्तव में यह वृद्धि भारत की अर्थव्यवस्था के प्रति वैश्विक भरोसे का भी संकेत है। केंद्र सरकार की नीतियों, राज्यों द्वारा निवेश आकर्षित करने के प्रयासों और रक्षा, विनिर्माण, नागरिक उड्डयन तथा डिजिटल अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में विदेशी निवेश के विस्तार ने विदेशी मुद्रा के प्रवाह को मजबूत किया है। गुजरात की गिफ्ट सिटी को अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र के रूप में विकसित किए जाने से भारत में डॉलर आधारित वित्तीय गतिविधियों के लिए नया पारिस्थितिकी तंत्र भी तैयार हुआ है। विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे महत्वपूर्ण लाभ रुपये की स्थिरता से जुड़ा है। पर्याप्त भंडार होने पर भारतीय रिजर्व बैंक स्पॉट और फॉरवर्ड करेंसी बाजार में हस्तक्षेप कर सकता है। जरूरत पड़ने पर बाजार में डॉलर की उपलब्धता बढ़ाकर रुपये पर पड़ने वाले दबाव को कम किया जा सकता है। क्योंकि रुपये में कमजोरी के दौर में यह क्षमता विशेष महत्व रखती है। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार से आवश्यक आयातों के भुगतान में सुविधा रहेगी और आयातित महंगाई के दबाव को नियंत्रित करने में भी मदद मिलेगी।

इस संदर्भ में यदि हम पीछे अतीत में मुड़कर देखते हैं तो भारत के विदेशी मुद्रा भंडार की यात्रा देश के आर्थिक परिवर्तन की कहानी भी है। वर्ष 1991 में भारत गंभीर विदेशी मुद्रा संकट से गुजर रहा था। देश के पास लगभग दो सप्ताह के आयात के लिए ही विदेशी मुद्रा बची थी और सोना गिरवी रखने की नौबत आ गई थी। उस संकट से निकलकर आज 785.7 अरब डॉलर के भंडार तक पहुंचना भारतीय अर्थव्यवस्था के बदलाव की असाधारण यात्रा है। कहना होगा कि इस विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने में भारत की विनिर्माण और निर्यात क्षमता की बड़ी भूमिका है। मेक इन इंडिया और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन यानी पीएलआई योजनाओं ने इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल फोन, फार्मास्यूटिकल्स, उन्नत रसायन सेल बैटरियों और रक्षा उपकरणों के घरेलू उत्पादन को गति दी है। वस्तुतः इसका दोहरा लाभ हुआ है। एक ओर कुछ क्षेत्रों में आयात पर निर्भरता घटाने में मदद मिली, दूसरी ओर भारतीय उत्पादों की निर्यात क्षमता बढ़ी। सेवा क्षेत्र भी विदेशी मुद्रा अर्जन का मजबूत आधार बना हुआ है। आईटी सेवाओं, बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटरों से भारत में लगातार विदेशी मुद्रा आती है। विभिन्न देशों के साथ व्यापारिक समझौतों ने भी आज भारतीय उत्पादों के लिए नए बाजार खोलने में मदद की है। इस पूरी प्रक्रिया ने भारत की विदेशी मुद्रा अर्जन क्षमता को पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत बनाया है, किंतु इसके साथ इसका एक दूसरा पक्ष भी है, वस्तुतः विदेशी मुद्रा का बड़ा प्रवाह जहां भारत के लिए शक्ति है, वहीं इसके प्रबंधन की चुनौती भी है। एफसीएनआर (बी) जैसी जमा योजनाओं से विदेशी मुद्रा आती है, पर ऐसी निधियों का एक हिस्सा परिपक्वता के बाद वापस भी जा सकता है। इसी कारण विदेशी मुद्रा भंडार में हुई वृद्धि के स्वरूप को समझना भी जरूरी है।

जब आरबीआई बाजार में डॉलर खरीदता है तो उसके बदले रुपये बैंकिंग प्रणाली में आते हैं। इससे अतिरिक्त तरलता बढ़ सकती है। यदि इसका समय पर प्रबंधन नहीं किया जाए तो महंगाई का दबाव पैदा होने की आशंका रहती है। इसी अतिरिक्त तरलता को नियंत्रित करने के लिए आरबीआई ने एक लाख करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड की ओपन मार्केट ऑपरेशन यानी ओएमओ बिक्री की घोषणा की है। 17 सितंबर को 50 हजार करोड़, 21 सितंबर को 25 हजार करोड़ और 28 सितंबर को 25 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां बेची जानी हैं। इससे स्पष्ट है कि विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ना महत्वपूर्ण है, पर उसके प्रभावों का मौद्रिक प्रबंधन भी उतना ही आवश्यक है। भारत के सामने अब सबसे बड़ा प्रश्न 785.7 अरब डॉलर के इस स्तर को लंबे समय तक बनाए रखने का है, इसलिए स्थायी समाधान एफडीआई, निर्यात, विनिर्माण, सेवा क्षेत्र, नवाचार और उत्पादक निवेश से लगातार विदेशी मुद्रा अर्जित करने में है। भारत को अस्थायी पूंजी प्रवाह को दीर्घकालिक आर्थिक क्षमता में बदलना होगा। विदेशी मुद्रा भंडार का आधार जितना अधिक वास्तविक उत्पादन और निर्यात होगा, उसकी स्थिरता उतनी ही मजबूत होगी।

# शिया-सुन्नी एकता : अभी नहीं तो कभी नहीं

गौरतलब | तनवीर जाफरी



कहा जा सकता है कि भारत जैसे विश्व की तीसरी सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाले देश में ईरान इस मुस्लिम जगत एकता मुहिम को तेजी देकर पूरे विश्व की मुस्लिम एकता का आवाहन कर रहा है। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैयद मुज्तबा खामेनेई ने पिछले दिनों पैगम्बर मुहम्मद के जन्मदिन पर तेहरान में हुए एक धार्मिक सम्मेलन में मुस्लिम देशों को एक लिखित संदेश भेजा था।

**ईरान** के मुख्य न्यायाधीश आयतुल्लाह गुलाम-हुसैन मोहसिनी-अजेई ने पिछले दिनों भारत का 3 दिवसीय आधिकारिक दौरा किया। वैसे तो उनकी यह यात्रा मुख्य रूप से ब्रिक्स मुख्य न्यायाधीश मंच के नई दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय न्यायिक शिखर सम्मेलन को लेकर हुई थी । परन्तु इसके अतिरिक्त न्यायाधीश आयतुल्लाह अजेई ने दिल्ली की जामा मस्जिद में शाही इमाम मौलाना सैयद शाबान बुखारी की इमामत में आम नमाज़ियों के साथ जुमे की नमाज अदा की। गोया जामा मस्जिद में शिया सुन्नी की संयुक्त जमाअत का दृश्य देखने को मिला। इस मस्जिद में आम दिनों में या शुक्रवार को भी दुनिया भर से आने वाले शिया पर्यटक, राजनयिक और प्रतिनिधिमंडल बिना किसी रोक-टोक के सुन्नी इमाम के पीछे या उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर नमाज अदा करते रहते हैं। सुन्नी भाइयों ने भी कश्मीरी गेट स्थित शिया मस्जिद में आकर शिया इमाम के पीछे नमाज अदा की थी इससे पहले भी भारत में ईरान के सर्वोच्च नेता के विशेष प्रतिनिधि डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही भारत के विभिन्न राज्यों में होने वाले शिया-सुन्नी एकता सम्मेलनों और धार्मिक कार्यक्रमों में ईरान के प्रतिनिधि के रूप में शामिल होते रहे हैं ताकि मुस्लिम समुदायों के बीच भाईचारे को बढ़ावा दिया जा सके। इस दौरान हकीम इलाही ने भी अनेक स्थानों पर शिया सुन्नी संयुक्त जमाअत में एक साथ नमाज अदा की। कहा जा सकता है कि भारत जैसे विश्व की तीसरी सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाले देश में ईरान इस मुस्लिम जगत एकता मुहिम को तेजी देकर पूरे विश्व की मुस्लिम एकता का आवाहन कर रहा है। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैयद मुज्तबा खामेनेई ने पिछले दिनों पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन पर तेहरान में हुये एक धार्मिक सम्मेलन में मुस्लिम देशों को एक लिखित संदेश भेजा था। इस संदेश में उन्होंने वैश्विक स्तर पर मुस्लिम एकजुटता की पुरजोर वकालत की थी। उन्होंने अपनी इस अपील में पश्चिम एशिया और विशेष रूप से फारस की खाड़ी के मुस्लिम शासकों से सीधा आग्रह किया कि वे अपने असली दुश्मन को पहचानें, उसकी योजनाओं को समझें और मिलकर उसका मुकाबला करें। खामेनेई ने अमेरिका और इजराइल को पूरी मुस्लिम उम्माह का पक्का और साझा दुश्मन करार दिया। उन्होंने यह भी आगाह किया कि इस्लाम के दुश्मन मुसलमानों की सामूहिक ताकत को कमजोर करने के लिए उनके बीच नस्लीय, सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और भौगोलिक अंतरों का फायदा उठाकर फूट डालना चाहते हैं।

## अंकजाल - 8389



*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है।*

*अंकजाल 8388 का हल*



Jagrutidaur.com, Bangalore

## जीवन एक क्रिकेट मैच

**प्रांतिकारी** संत तरुणसागरजी ने क्रिकेट की व्याख्या करते हुए कहा कि जीवन एक क्रिकेट है, धरती की विराट पिच पर समय बॉलिंग कर रहा है। शरीर बल्लेबाज है, परमात्मा के इस आयोजन पर अम्पायर धर्मराज हैं। बीमारियाँ फील्डिंग कर रही हैं, विकेटकीपर यमराज हैं, प्राण हमारा विकेट है, जीवन एक क्रिकेट है। इस डे-नाइट मैच में हमें रचनात्मकता के जलवे दिखाने हैं और साँसों के सीमित ओवर में सृजन के रन बनाने हैं। गिल्लियाँ उड़ने का अर्थ साँस का टूट जाना है, एलबीडब्ल्यू यानी हार्ट-अटैक। दुर्घटना में मरने वाला रन आउट कहलाता है और सीमा पर शहीद होने वाला कैच आउट कहा जाता है। आत्महत्या का अर्थ हिट विकेट और हत्या स्टम्प आउट हो जाना है। कभी-कभी कुछ आप्रामक खिलाड़ी जल्दी ही पैवेलियन लौट जाते हैं, लेकिन पारी ऐसी खेलते हैं कि कीर्तिमान बना जाते हैं, सबका अपना-अपना रन रेट है, जीवन एक क्रिकेट है। घर आए अतिथि को भोजन के लिए पूछा करो, भोजन के लिए नहीं पूछ सकते तो पानी के लिए पूछा करो, पानी का नहीं पूछ सकते हैं तो बैठने के लिए आसन दिया करो। बैठने के लिए आसन भी नहीं दे सकते तो दो मीठे बोल बोला करो। दो मीठे बोल नहीं बोल सकते, मुस्कुराहट भी नहीं दे सकते तो चुल्लू भर पानी में डूब मरो।

## आज का इतिहास

- डेनमार्क में 1770 को प्रेस की स्वतंत्रता को मान्यता मिली।
- फ्रैंसिस कॉटकी द्वारा 1814 में अमेरिका के राष्ट्रगान स्टार स्पैंगिल्ड बैनर लिखा गया।
- विलियम वेंटिक, भारत में 1833 को पहला गवर्नर जनरल बनकर आया।
- अमेरिकी राष्ट्रपति विलियम मैकेंजी की 1901 को अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गयी।
- पीटर स्टॉलिपिन रूसी क्रांतिकारी 1911 में शहीद हुए।
- रूस आधिकारिक तौर पर 1917 को एक गणतंत्र घोषित हुआ।
- संविधान सभा ने 1949 में हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया था।
- लूना- 2 1959 में चंद्रमा की सतह पर उतरा। यह चंद्रमा की सतह तक पहुंचने वाली मानव निर्मित पहली वस्तु थी। इसने सोवियत संघ और अमेरिका में अंतरिक्ष स्पर्धा की शुरुआत की।
- खनिज तेल उत्पादक देशों ने मिलकर ओपेक की स्थापना 1960 में की।
- ऑर्गेनाइजेशन ऑफ द पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज का गठन 1960 में किया था।
- ब्रिटेन का पूर्व सोवियत संघ के 25 राजनयिकों को 1985 में जासूसी के आरोप में देश छोड़ने का आदेश देने के बाद जैसे को तैसा की नीति अपनाते हुए सोवियत संघ ने भी रूस में कार्यरत 25 ब्रितानी राजनयिकों को फौरन देश छोड़ने का आदेश जारी कर दिया।
- मोनैको की राजकुमारी ग्रेस, जो कार दुर्घटना में घायल हो गयी थीं, की मौत 1982 में हुई ।
- माइक्रोसॉफ्ट, जेनरल इलेक्ट्रिक को 1998 में पीछे छोड़ कर दुनिया की सबसे बड़ी कम्पनी बनी। न्यूया'स्टॉक एक्सचेंज में उसकी कीमत 261 अरब डॉलर आँकी गयी।
- किरीबाती, नाउरू और टोंगा 1999 को संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
- माइक्रोसॉफ्ट ने 2000 में विंडोज एम.ई. की लांचिंग की।
- प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 2000 में अमेरिकी सीनेट के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित किया, ओलम्पिक मशाल सिडनी पहुंची।

## सुविचार

चिड़चिड़ेपन को हमें हीनता की भावना का लक्षण समझना चाहिए।

**एल्फ्रेड एडलर**

मेरे विचार से विद्वानों के पत्र मानव के समस्त कथनों से श्रेष्ठ हैं।

**फ्रांसिस बेकन**

## राशिफल

**मेष** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जायेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जायेगी।

**तुला** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से सम्पन्न हो जायेंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**वृष** विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। सचेत रहें।

**वृश्चिक** शत्रुभय, चिन्ता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की सम्भावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। समय ठीक है।

**मिथुन** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से सम्पन्न हो जायेंगे। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जायेगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**धनु** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जायेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। 'कर भला, तो हो भला' वाली कहावत याद रखें।

**कर्क** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे।

**मकर** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने हितैषी समझे जानेवाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**सिंह** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**कुंभ** शनैः शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जायेगा।

**कन्या** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। सचेत रहें।

**मीन** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

# गणेशोत्सव : प्रथम पूज्य गणपति में समाहित है बुद्धि, विवेक और मंगल का संदेश

**उदय कुमार सिंह**

**देशभर** में गणेशोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 14 सितंबर से शुरू होने वाले इस महोत्सव की धूम 25 सितंबर तक रहेगी। लोग श्रद्धा-भक्ति के साथ भगवान गणेश का पूजन-अर्चन कर संपूर्ण मनोकामनाओं की पूर्ति का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। वास्तव में विघ्नहर्ता, मंगलमूर्ति, गणनायक, एकदंत, लंबोदर और गजानन जैसे अनेक नामों से पूजे जाने वाले भगवान गणेश भारतीय धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन में विशिष्ट स्थान रखते हैं। किसी भी शुभ कार्य के आरंभ में प्रथम पूज्य के रूप में गणपति का स्मरण करने की परंपरा रही है। धार्मिक मान्यताओं में उन्हें बुद्धि, विवेक, विद्या और शुभारंभ का देवता माना गया है। यही कारण है कि विवाह, गृहप्रवेश, यज्ञ, पूजा, व्यापार और शिक्षा जैसे मांगलिक कार्यों में सबसे पहले गणेश पूजन किया जाता है। इस वर्ष गणेश चतुर्थी 14 सितंबर को मनाई जाएगी। इसी दिन घरों और सार्वजनिक पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के दिन होगा। हालांकि परंपरा के अनुसार कई परिवार डेढ़, तीन, पांच या सात दिन बाद भी अपनी सुविधा और कुलाचार के अनुसार गणपति विसर्जन करते हैं।

गणेशोत्सव अब केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है। यह कला, लोकसंस्कृति, सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक चेतना से जुड़ा व्यापक पर्व बन चुका है। महाराष्ट्र में सार्वजनिक गणेशोत्सव ने सामाजिक एकता और स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में जनजागरण का माध्यम बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समय के साथ यह पर्व देश के विभिन्न हिस्सों और विदेशों में बसे भारतीय समुदायों तक पहुंच गया।

गणेश : बुद्धि और मंगल के प्रतीकसनातन परंपरा में भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और बुद्धि-विवेक का अधिष्ठाता माना जाता है। धार्मिक विश्वास है कि किसी भी शुभ कार्य से पहले गणेश पूजन करने से कार्य निर्विघ्न संपन्न होता है। गणेश शब्द की व्याख्या ह्यगणों के ईशह्न के रूप में की जाती है। वे भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र तथा शिवगणों के अधिपति माने जाते हैं।

धार्मिक परंपराओं में गणेश को विद्या, बुद्धि, सिद्धि, समृद्धि और आनंद से भी जोड़ा गया है। बुधवार को भी गणेश आराधना का विशेष महत्व माना जाता है। धार्मिक और ज्योतिषीय मान्यताओं में बुध ग्रह को बुद्धि, वाणी, गणना और व्यापार से जोड़ा जाता है। हालांकि इससे जुड़े फल धार्मिक और ज्योतिषीय विश्वासों का हिस्सा हैं। गणेश चतुर्थी का धार्मिक महत्वभाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी तिथि को भगवान गणेश का प्राकट्य हुआ था। श्रद्धालु इस दिन विधि-विधान से गणपति की स्थापना कर दूर्वा, मोदक, लड्डू और पुष्प अर्पित करते हैं। घरों और पंडालों में पूजा, आरती, भजन-कीर्तन तथा अन्य धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

अंतिम चरण में गणपति प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। धार्मिक भाव में इसे भगवान गणेश के अपने धाम लौटने और अगले वर्ष फिर आने के निमंत्रण से जोड़ा जाता है। वर्ष 2026 में गणेश चतुर्थी 14 सितंबर को और अनंत चतुर्दशी 25 सितंबर को होगी। चतुर्थी तिथि 14 सितंबर से 15 सितंबर की सुबह तक रहने के बावजूद पर्व का पालन उदयातिथि के अनुसार 14 सितंबर को किया जाएगा।

# साहित्य केवल शब्दों का संग्रह नहीं

गौरतलब | डॉ. प्रह्लाद मिश्रा



यह समाज का दर्पण है, संस्कृति की पहचान है, इतिहास की स्मृति है, मानव जीवन की संवेदनाओं की अभिव्यक्ति है और सामाजिक जागरूकता तथा नैतिक मूल्यों को दिशा देने का माध्यम है। साहित्य हमें अपने इतिहास से जोड़ता है, वर्तमान को समझने की दृष्टि देता है और भविष्य को बेहतर बनाने की प्रेरणा देता है। कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक और निबंध; साहित्य की प्रत्येक विधा किसी न किसी रूप में हमारे जीवन को प्रभावित करती है। प्रेमचंद ने साहित्य को जीवन की आलोचना कहा है...अर्थात साहित्य हमारे जीवन को आईना दिखाता है और उसे बेहतर बनाने की प्रेरणा देता है।

**आज** 14 सितंबर है। आप सभी को साहित्य दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

आज मैं आपसे केवल साहित्य की बात नहीं करना चाहता, बल्कि हमारे जीवन में साहित्य के महत्व की बात करना चाहता हूँ। कहा गया है– 'सहितस्य भावः साहित्य', अर्थात जिसमें सबका हित निहित हो, वही साहित्य है।

साहित्य समाज और संस्कृति का दर्पण है। यह भाषा के माध्यम से हमारे मन की भावनाओं, अनुभवों और विचारों को शब्दों में अभिव्यक्त करता है।

साहित्य केवल शब्दों का संग्रह नहीं है। यह समाज का दर्पण है, संस्कृति की पहचान है, इतिहास की स्मृति है, मानव जीवन की संवेदनाओं की अभिव्यक्ति है और सामाजिक जागरूकता तथा नैतिक मूल्यों को दिशा देने का माध्यम है।

साहित्य हमें अपने इतिहास से जोड़ता है, वर्तमान को समझने की दृष्टि देता है और भविष्य को बेहतर बनाने की प्रेरणा देता है। कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक और निबंध–साहित्य की प्रत्येक विधा किसी न किसी रूप में हमारे जीवन को प्रभावित करती है। प्रेमचंद ने साहित्य को जीवन की आलोचना कहा है–अर्थात साहित्य हमारे जीवन को आईना दिखाता है और उसे बेहतर बनाने की प्रेरणा देता है। विदेशी साहित्यकार हडसन के अनुसार, भाव और कल्पना के माध्यम से जीवन की व्याख्या ही साहित्य है। और जब भाव की बात आती है, तो निदा फाजली की पंक्तियाँ मन को छू जाती हैं...

'मैं रोया परदेस में, भीगा माँ का प्यार,
दुःख ने दुःख से बात की, तुम चिट्ठी बिन तार ।'

इन पंक्तियों में एक माँ की याद, दूरी का दर्द और भावनाओं की गहराई है। साहित्य कई बार बिना बहुत कुछ कहे, हमारे मन की पूरी बात कह देता है।

साहित्य में तीखा व्यंग्य भी है। दुष्यंत कुमार ने व्यवस्था की विडंबना को कितनी प्रभावशाली ढंग से कहा...

'कहाँ तो तय था चरागाँ हरेक घर के लिए,
कहाँ चिराग मयस्सर नहीं शहर के लिए।'

और साहित्य केवल भाव और संवेदना तक सीमित नहीं है। उसमें कल्पना है, संभावना है, सौंदर्य है और आवश्यकता पड़ने पर विद्रोह भी है।

इसीलिए दिनकर की हुंकार सुनाई देती है...
'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।'

यही साहित्य की शक्ति है। वह कभी हमें रुलाता है, कभी हँसाता है, कभी सोचने पर मजबूर करता है और कभी अन्याय के विरुद्ध खड़े होने का साहस देता है। साहित्य केवल शब्द नहीं होता...साहित्य वह शक्ति है, जो इंसान के भीतर इंसानियत जगाती है!

जब शब्दों में सच्चाई होती है, तो समाज जागता है। जब विचारों में क्रांति होती है–तो व्यवस्था बदलती है। और जब हृदय में संवेदना होती है, तो मानवता मुस्कुराती है!

आज हम डिजिटल युग में जी रहे हैं। मोबाइल और सोशल मीडिया ने हमारे जीवन में बहुत बड़ी जगह बना ली है। इसका उपयोग ज्ञान और विकास के लिए अवश्य करें, लेकिन एक बात हमेशा याद रखें–

मोबाइल हमें सूचना दे सकता है, लेकिन पुस्तक हमें दृष्टि देती है। मोबाइल हमें व्यस्त रख सकता है, लेकिन साहित्य हमें विचारशील बनाता है। इसलिए पुस्तकों से अपना रिश्ता कभी मत तोड़िए। क्योंकि एक अच्छी पुस्तक केवल ज्ञान नहीं देती, बल्कि हमारे जीवन की दशा और दिशा–दोनों बदल सकती है। आइए, आज हम सब मिलकर एक संकल्प लें...

हम प्रतिदिन कुछ समय अच्छी पुस्तक पढ़ेंगे। अपनी भाषा और संस्कृति का सम्मान करेंगे। साहित्य के माध्यम से संवेदनशील और जागरूक नागरिक बनेंगे। और अपने ज्ञान एवं संवेदना का उपयोग समाज और मानवता की सेवा के लिए करेंगे। तभी हमारा हिन्दी दिवस मनाना वास्तव में सार्थक होगा।

...और अंत में मैं बस इतना कहना चाहूंगा
शब्द केवल लिखे नहीं जाते,
शब्द समाज बनाते हैं।
विचार केवल पढ़े नहीं जाते,
विचार परिवर्तन लाते हैं।

और जब शब्दों में संवेदना और विचारों में मानवता जुड़ जाती है, तभी जन्म लेता है सच्चा साहित्य। पुनः आप सभी को साहित्य दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651–3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# लोहा स्क्रैप चोरी में तीन गिरफ्तार

- पिकअप वैन व दो बाइक बरामद, आरोपियों को भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : चंदवा थाना क्षेत्र में लोहा स्क्रैप चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में विकास उरांव उर्फ दामोदर, मैनाथ गंझू निवासी चतरो और रवि कुमार सिंह निवासी महुवामिलान शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से चोरी का करीब पांच टन लोहा स्क्रैप बरामद किया है। साथ ही एक पिकअप वैन और दो मोटरसाइकिल भी जब्त की गई हैं। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई चंदवा थाना कांड संख्या 171/26 के तहत की गई। मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 303(2), 317(2) और 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। चोरी की सूचना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और मिले सुरागों के आधार पर तीनों आरोपियों तक पहुंची। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनकी निशानदेही पर मौके से लगभग पांच टन लोहा स्क्रैप बरामद किया। चोरी के सामान को ले जाने में इस्तेमाल पिकअप वैन और दो मोटरसाइकिलों को भी पुलिस ने जब्त कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है। जांच के दौरान चोरी की घटना में शामिल अन्य लोगों और बरामद स्क्रैप के स्रोत व गंतव्य के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# 17 सितम्बर से शुरू होगा भाजपा का सेवा संकल्प अभियान, जिले में होंगे 12 कार्यक्रम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीतिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर भाजपा जिले में एक महीने तक सेवा संकल्प अभियान चलायेगी। अभियान 17 सितंबर से शुरू होकर 17 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान पार्टी की ओर से 12 अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। रविवार को प्रदेश प्रवक्ता अजय कुमार शाह ने एक प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभियान के जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के राजनीतिक सफर और उनके सेवा व सुशासन से जुड़े कार्यों को लोगों तक पहुंचाया जायेगा। इसके साथ ही विभिन्न सेवा गतिविधियों में आम लोगों की भागीदारी बढ़ाने की कोशिश होगी।



अभियान में आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम के तहत दीप प्रज्वलन और जन आभार कार्यक्रम होगा। मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता करायी जायेगी। नमो सेवा-अनकही कहानियां में संगीतमय नाट्य प्रस्तुति होगी। गांवों में आंगन मिलन सेवा के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं का सम्मान और मातृ संवाद आयोजित किया जायेगा। सेवा की कहानी के माध्यम से लोगों के जीवन में आये बदलाव की कहानियां सामने लायी जायेंगी। वहीं अलग-अलग लोगों को केंद्र में रखकर 10 रील भी बनायी जायेंगी। सेवा ज्योति कलश यात्रा के जरिये विकसित भारत का संकल्प लिया जायेगा। वडनगर-वाराणसी सेवा यात्रा में जल, जन और सेवा से जुड़े संदेश के साथ यात्रा निकाली जायेगी। सेवा मेरा योगदान के तहत जनभागीदारी से सेवा कार्य होंगे, जबकि सेवा सेतु में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। सेवा के रंग, राष्ट्र के संग में रंगोली के माध्यम से आभार और संकल्प का संदेश दिया जायेगा। सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज में पांच क्षेत्रीय प्रतियोगिताएं होंगी। सुशासन सेवा संवाद के तहत पंचायत से लेकर विधानसभा और लोकसभा स्तर तक जनसेवक महाकुंभ होगा।

## एक झलक

### पीडीएस खाद्यान्न लदा ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त, चालक व लेबर बाल-बाल बचे

**लातेहार** : चंदवा प्रखंड परिसर से पीडीएस दुकानों तक खाद्यान्न की डोर स्टेप डिलिवरी के लिए निकला एक ट्रैक्टर रविवार को चंदवा-कुडू मुख्य पथ पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक और उस पर सवार लेबर बाल-बाल बच गए। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।बताया जाता है कि ट्रैक्टर पर जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) का खाद्यान्न लदा था। प्रखंड परिसर से खाद्यान्न का उठाव करने के बाद वाहन डोर स्टेप डिलिवरी के लिए निर्धारित स्थान की ओर जा रहा था। इसी दौरान चंदवा-कुडू पथ पर अचानक ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में वाहन को नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है। हालांकि चालक और लेबर को गंभीर चोट नहीं आई और दोनों सुरक्षित बच गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की पड़ताल शुरू कर दी है। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त वाहन और उसमें लदे खाद्यान्न के संबंध में भी आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है। हादसे के बाद यह सवाल भी उठ रहा है कि खाद्यान्न वितरण की जिम्मेदारी लेकर निकले वाहनों की सुरक्षा और परिवहन व्यवस्था को लेकर संबंधित स्तर पर कितनी सतर्कता बरती जा रही है। फिलहाल पुलिस की जांच के बाद ही दुर्घटना की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भी चर्चा बनी हुई है।

### बारिश में गिरा राहुल यादव का घर, आवास नहीं मिलने से बढ़ी परेशानी

**चतरा** : बारिश के बीच हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के घंघरी गांव में एक गरीब परिवार का घर गिर जाने से परिवार के सामने रहने की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। कटिया पंचायत के घंघरी गांव निवासी राहुल यादव, पिता सीरी कालू यादव का घर बारिश के कारण गिर गया। घर गिरने के बाद परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित राहुल यादव ने बताया कि बारिश के कारण उनका घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घर गिरने से घरेलू सामान को भी नुकसान पहुंचा है। फिलहाल परिवार के सामने सुरक्षित आश्रय की समस्या बनी हुई है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह अपने स्तर से नया घर बनाने में असमर्थ हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि उन्हें अब तक सरकारी आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। ऐसे में घर गिरने के बाद उनकी परेशानी और बढ़ गई है। बारिश के मौसम में परिवार को किसी तरह सुरक्षित स्थान पर रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। पीड़ित ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मामले की जांच कर सरकारी आवास उपलब्ध कराने तथा तत्काल राहत सहायता देने की मांग की है। ग्रामीणों ने भी जरूरतमंद परिवार को जल्द सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# झारोटेफ प्रतिनिधिमंडल ने गिरिडीह पहुंच कर दिवंगत मंत्री को दी श्रद्धांजलि



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (झारोटेफ) के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह के नेतृत्व में रविवार को राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे पदाधिकारियों और कार्यकारी सदस्यों ने गिरिडीह स्थित दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने दिवंगत मंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान झारोटेफ के पदाधिकारियों ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। उन्होंने दिवंगत मंत्री की पत्नी और बच्चों को ढांढस बंधाते हुए इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू के निधन से समाज और झारखंड ने एक संवेदनशील जनप्रतिनिधि को खो दिया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी वर्ग भी इस दुख से मर्माहत है और झारखंड के कर्मचारी हर सुख-दुख में शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े हैं। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से झारोटेफ के पदाधिकारी और कार्यकारी सदस्य शामिल हुए। लातेहार जिला कमेटी की ओर से जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, जिला सचिव प्रदीप कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अनीष कुमार सिंह, संयुक्त सचिव संजीव कुमार चंद्र तथा जिला कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कुमार सिंह ने प्रतिनिधिमंडल में शामिल होकर दिवंगत मंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सेवानिवृत्ति के बाद पुनर्नियुक्ति पर सवाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : नेतरहाट आवासीय विद्यालय में प्रशासनिक निर्णयों को लेकर एक बार फिर विवाद सामने आया है। विद्यालय में सरकारी सेवा से 31 अगस्त 2026 को सेवानिवृत्त हुए राम प्रताप प्रसाद की पुनर्नियुक्ति को लेकर कई सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें रवि रंजन की ओर से एडहॉक सभापति के निर्देश पर दोबारा कार्य पर रखा गया है। इस फैसले को लेकर अब नियुक्ति की प्रक्रिया, अधिकार और वित्तीय दायित्व को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग उठ रही है।जानकारी के अनुसार, राम प्रताप प्रसाद को सेवानिवृत्ति के बाद पुनः कार्य सौंपने संबंधी निर्देश तो जारी किया गया, लेकिन इसमें नियुक्ति की अवधि और उनके कार्य एवं दायित्व का स्पष्ट उल्लेख नहीं है।इसके अलावा सेवा की शर्तें, मानदेय अथवा वेतन की राशि तथा




भुगतान की प्रक्रिया को लेकर भी स्थिति साफ नहीं है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि भविष्य में संबंधित व्यक्ति की ओर से मानदेय या किसी अन्य वित्तीय लाभ का दावा किया जाता है, तो उसका भुगतान किस नियम के तहत किया जाएगा। सबसे अहम सवाल यह है कि पुनर्नियुक्ति का निर्णय लेने के लिए संबंधित प्राधिकारी को अधिकार प्राप्त था या नहीं। सेवानिवृत्ति के बाद किसी कर्मचारी को दोबारा सेवा में रखने के लिए निर्धारित नियमों, शर्तों और सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति का पालन किया गया या नहीं, इसकी जानकारी भी सामने नहीं आई है। विद्यालय की वित्तीय व्यवस्था को देखते हुए इस तरह के आदेश में सेवा अवधि, कार्यक्षेत्र और भुगतान का स्पष्ट निर्धारण होना जरूरी माना जाता है। मामले में एडहॉक सभापति राज कुमार से स्थिति स्पष्ट करने के लिए मोबाईल पर बात किया गया। लेकिन उन्होंने अस्पताल में रहने की बात कह कर फोन काट दिया। गौरतलब है कि विद्यालय में प्राचार्य पद के प्रभार और एडहॉक समिति की कार्यप्रणाली को लेकर पहले से ही सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में सेवानिवृत्त कर्मी की पुनर्नियुक्ति ने विद्यालय की प्रशासनिक पारदर्शिता, निर्णय प्रक्रिया और वित्तीय जवाबदेही को लेकर बहस को और तेज कर दिया है।

# पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुरुप का 32 सदस्यीय दल शैक्षणिक भ्रमण पर भुवनेश्वर रवाना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुरुप के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ वास्तविक परिस्थितियों में सीखने का अवसर देने के उद्देश्य से रविवार को 32 सदस्यीय दल भुवनेश्वर के लिए रवाना हुआ। दल में विद्यालय के विद्यार्थी और शिक्षक शामिल हैं। सभी हटिया रेलवे स्टेशन, रांची से ट्रेन के माध्यम से ओडिशा के लिए रवाना हुए। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अभय कुमार पांडेय ने बताया कि दल सोमवार को भुवनेश्वर पहुंचेगा। चार दिनों के भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को ओडिशा के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। इस क्रम में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों के साथ वैज्ञानिक एवं




शैक्षणिक महत्व वाले स्थानों की जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को पुस्तकों में पढ़ी बातों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर देना है। किसी ऐतिहासिक स्थल को सामने से देखना, वहां की संस्कृति को करीब से जानना और वैज्ञानिक संस्थानों की गतिविधियों को समझना विद्यार्थियों के लिए सीखने का अलग अनुभव होगा। इससे उनमें सवाल पूछने और नई चीजों को जानने की रुचि भी बढ़ेगी। प्रधानाध्यापक ने कहा कि शैक्षणिक यात्राएं बच्चों के व्यक्तित्व विकास में भी मदद करती हैं।

# कैलान जंगल में हथियारबंद लोगों की सूचना से दहशत

## दो दर्जन से अधिक लोगों को देखने का ग्रामीणों ने किया दावा, पुलिस ने शुरू किया सत्यापन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर (गढ़वा)** : भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कैलान जंगल में शनिवार सुबह दो दर्जन से अधिक हथियारबंद लोगों को देखे जाने की सूचना से आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों की सूचना के बाद पुलिस ने जंगल क्षेत्र में जांच और तलाशी अभियान तेज कर दिया है। पुलिस इस बात का सत्यापन कर रही है कि जंगल में देखे गए लोग कौन थे और उनका उद्देश्य क्या था। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह कैलान जंगल के पूर्वी हिस्से में गुलेरियाडेरा के समीप मवेशी चराने गए कुछ ग्रामीणों ने हथियार



लिए लोगों के एक समूह को देखने का दावा किया। ग्रामीणों के मुताबिक, समूह में दो दर्जन से अधिक लोग थे। इनमें कुछ लोग सादे कपड़ों में थे और उनके पास छोटे हथियार थे। ग्रामीणों ने तत्काल गांव लौटकर इसकी जानकारी अन्य लोगों को दी।

### लकड़ी काट रहे व्यक्ति को रोकने का दावा

**ग्रामीणों** के अनुसार, जंगल में लकड़ी काट रहे एक व्यक्ति को भी हथियारबंद लोगों ने रोक दिया और हरे पेड़ नहीं काटने की हिदायत दी। इस घटना के बाद ग्रामीणों में भय और बढ़ गया है। लोग फिलहाल जंगल की ओर जाने से बच रहे हैं।

### पुलिस ने बढ़ायी सक्रियता

**सूचना** मिलने के बाद भवनाथपुर पुलिस ने शनिवार देर रात तक जंगल क्षेत्र में भ्रमण किया। रविवार को भी संदिग्ध लोगों की तलाश में जांच और कार्रवाई जारी रही। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि जंगल में मौजूद लोगों की पहचान क्या है, वे वहां किस उद्देश्य से जुटे थे और उनके पास हथियार कहां से आए। भवनाथपुर थाना प्रभारी रंजनी रंजन ने बताया कि हथियारबंद लोगों के देखे जाने की सूचना मिली है और पुलिस उसका सत्यापन कर रही है। उन्होंने कहा कि अभी जांच जारी है। सत्यापन के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मामला उग्रवादी गतिविधि से जुड़ा है या किसी अन्य आपराधिक घटना से। गौरतलब है कि भवनाथपुर, खरौंधी और केतार थाना क्षेत्रों में वर्ष 2013 के बाद उग्रवादी गतिविधियों में काफी कमी आई है। ऐसे में लंबे अंतराल के बाद जंगल में बड़ी संख्या में हथियारबंद लोगों के देखे जाने की सूचना ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी है।

# ग्राम सभा हुए महीना बीता, धरातल पर नहीं उतरी 'जी राम जी' योजना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा)** : डंडई प्रखंड क्षेत्र में मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने और ग्रामीण विकास को गति देने के उद्देश्य से जी राम जी योजना के तहत ग्राम सभा हुए करीब एक माह बीत गया है, लेकिन अब तक एक भी योजना का काम धरातल पर शुरू नहीं हो सका है। इससे रोजगार की उम्मीद लगाए ग्रामीण मजदूरों में निराशा है। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि ग्राम सभा में योजनाओं का चयन होने के बाद जल्द ही काम शुरू कराया जाएगा। लेकिन एक माह से अधिक समय बीतने के बावजूद योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं होने से मजदूरों के सामने रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है। मजदूरों का कहना है कि सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाला रोजगार उनके परिवार के भरण-पोषण का प्रमुख सहारा है। काम नहीं मिलने के कारण उन्हें रोजगार की तलाश में दूसरे स्थानों पर जाने की मजबूरी हो रही है। ग्रामीण मजदूरों ने बताया कि पहले मनरेगा के तहत मौसम की परवाह किए बिना नियमित रूप से काम मिलता था। जी राम जी योजना शुरू होने के बाद से काम के अवसर कम हो गए हैं। ग्राम सभा होने के बाद उन्हें उम्मीद थी कि नई योजना के तहत भी रोजगार मिलेगा, लेकिन अब तक एक दिन का भी काम नहीं मिल सका है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन शुरू हो जाता तो उन्हें रोजगार की तलाश में बाहर नहीं जाना पड़ता। वहीं प्रखंड की कई पंचायतों के मुखियाओं ने बताया कि अधिकारियों के निर्देश पर करीब एक माह पूर्व जी राम जी योजना को लेकर ग्राम सभा आयोजित कर योजनाओं का चयन किया गया था। इसके बाद योजनाओं को धरातल पर उतारने के संबंध में अब तक अधिकारियों की ओर से कोई नया निर्देश नहीं मिला है।



- डंडई प्रखंड में रोजगार की आस लगाये बैठे मजदूरों को अब तक नहीं मिला योजना का लाभ
- काम शुरू नहीं होने से बढ़ी परेशानी

# कवलदाग जंगल में पिस्तौल के बल पर लूटी अपाची बाइक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर** : भवनाथपुर-कांडी मुख्य पथ के कवलदाग जंगल में रविवार को एक बाइक पर सवार तीन नकाबपोश अपराधियों ने पिस्तौल के बल पर अपाची बाइक लूट ली और भवनाथपुर की ओर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। लूट की घटना के पीड़ित की पहचान केतार थाना क्षेत्र के पड़ोसोडीह निवासी मूना विश्वकर्मा के रूप में हुई है। घटना के बाद मूना ने फोन पर भवनाथपुर निवासी मंजर अंसारी को इसकी जानकारी दी। मंजर अंसारी ने भवनाथपुर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद थाना प्रभारी रजनी रंजन पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। मूना विश्वकर्मा ने बताया कि वह टाइल्स मिस्त्री हैं। रविवार को चौबे-मझिगवां में काम करने के बाद अपने गांव के हेल्पर प्रवेश साह के साथ अपाची बाइक से भवनाथपुर आ रहे थे। कवलदाग जंगल में रुकने के दौरान बुलेट बाइक पर सवार तीन नकाबपोश युवक वहां पहुंचे और भवनाथपुर, खरौंधी तथा श्री बंशीधर नगर की दूरी पूछी। जानकारी लेने के बाद वे आगे निकल गए।

# निजी स्कूलों ने लिया बदलाव का संकल्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : शिक्षा व्यवस्था में सुधार और निजी विद्यालयों के अधिकारों की रक्षा के संकल्प के साथ झारखंड स्टेट स्कूल्स एसोसिएशन का पलामू प्रमंडल स्तरीय महासम्मेलन बरवाडीह स्थित शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित हुआ। महासम्मेलन में पलामू, लातेहार और गढ़वा जिले के सीबीएसई, आईसीएसई से मान्यता प्राप्त तथा गैर-मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के संचालक एवं प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में निजी विद्यालयों की विभिन्न समस्याओं, सरकारी नीतियों, प्रशासनिक चुनौतियों तथा शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के उपायों पर चर्चा हुई। विद्यालय संचालकों ने संगठन को मजबूत करने और निजी विद्यालयों के हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।



झारखंड स्टेट स्कूल्स एसोसिएशन के पलामू प्रमंडलीय महासम्मेलन में विद्यालयों की समस्याओं और अधिकारों पर मंथन

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान

**एसोसिएशन** के अध्यक्ष अविनाश देव ने कहा कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में निजी विद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। संगठन का उद्देश्य केवल विद्यालयों के हितों की रक्षा करना नहीं, बल्कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक और संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने कहा कि संगठन की एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। निजी विद्यालयों की समस्याओं के समाधान, अधिकारों की रक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव के लिए निरंतर प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी विद्यालयों से एकजुट निजी विद्यालय, सशक्त शिक्षा व्यवस्था और विकसित झारखंड के संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### मुकेश कुमार सिन्हा बने प्रदेश संरक्षक

**महासम्मेलन** के दौरान अध्यक्ष अविनाश देव ने मुकेश कुमार सिन्हा को झारखंड स्टेट स्कूल्स एसोसिएशन का प्रदेश संरक्षक घोषित किया। उन्होंने कहा कि सिन्हा के अनुभव और मार्गदर्शन से संगठन को मजबूती मिलेगी। प्रदेश संरक्षक मुकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है।

# खराब वॉशिंग मशीन को लेकर उपभोक्ता फोरम में शिकायत

- घाघरा निवासी अमित कुमार ने आदित्य विजन पर सेवा में लापरवाही का लगाया आरोप

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : घाघरा निवासी अमित कुमार ने खराब वॉशिंग मशीन दिए जाने के मामले में गुमला जिला मुख्यालय स्थित उपभोक्ता फोरम में शिकायत वाद संख्या 37/2026 दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता ने पालकोट रोड स्थित आदित्य विजन से खरीदी गई वॉशिंग मशीन में खराबी आने के बाद उचित समाधान नहीं मिलने का आरोप लगाया है। अमित कुमार के अनुसार, उन्होंने पिछले वर्ष आदित्य विजन से हायर कंपनी की एक वॉशिंग मशीन नगद भुगतान कर खरीदी थी। खरीदारी के करीब दो महीने बाद ही मशीन खराब हो गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उन्होंने कई बार दुकान में इसकी शिकायत की, लेकिन दुकान के मैनेजर कौशल द्वारा बार-बार आश्वासन देने के बावजूद मशीन की मरम्मत नहीं कराई गई। शिकायतकर्ता ने कहा कि लंबे समय तक समस्या का समाधान नहीं होने के कारण उन्हें मानसिक एवं आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने न्याय की उम्मीद में उपभोक्ता फोरम का दरवाजा खटखटाया। अमित कुमार ने उपभोक्ता फोरम से मामले में उचित कार्रवाई करते हुए उन्हें राहत दिलाने की मांग की है।

## बॉक्सिंग एसोसिएशन पलामू की कार्यकारिणी बैठक में प्रतिभाओं को तराशने और ग्रामीण स्तर तक खेल के विस्तार पर मंथन

# पलामू में मुक्केबाजी के विकास का संकल्प, राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू में मुक्केबाजी की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से बॉक्सिंग एसोसिएशन पलामू की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। अध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में हुई बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। इस दौरान राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले पलामू के खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। बैठक में काशी हिंदू विश्वविद्यालय (BHU) मुक्केबाजी टीम के पूर्व कप्तान अनुपम तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए कठिन परिश्रम, अनुशासन, फिटनेस और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता को सफलता की कुंजी बताया।




### नियमित प्रशिक्षण और फिटनेस पर जोर

**जिला** सचिव अजय साहू ने कहा कि अनुशासन, नियमित प्रशिक्षण, फिटनेस और सकारात्मक सोच को दिनचर्या का हिस्सा बनाकर पलामू के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। बैठक में जिले में मुक्केबाजी के विस्तार, प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान, नियमित प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं में अधिक भागीदारी तथा ग्रामीण और प्रखंड स्तर तक मुक्केबाजी की पहुंच बढ़ाने पर चर्चा की गई।

### राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभाओं को पहुंचाना लक्ष्य : बिट्टू पाठक

**एसोसिएशन** के अध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि पलामू में मुक्केबाजी की प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत इन खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, उचित मार्गदर्शन और पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने की है। उन्होंने कहा, 'पलामू की मिट्टी में अपार प्रतिभा है। हमारा संकल्प है कि यहां के खिलाड़ियों को ऐसा मंच मिले, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पलामू का नाम रोशन करें। खिलाड़ियों का भविष्य मजबूत करना एसोसिएशन की प्राथमिकता है।' उन्होंने खिलाड़ियों से खेल को केवल पदक जीतने का माध्यम न मानकर अनुशासन, संघर्ष और व्यक्तित्व निर्माण का जरिया बनाने की अपील की।

### राष्ट्रीय खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

**कार्यक्रम** के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर पलामू का प्रतिनिधित्व करने वाले समीक्षा कुमारी, आकृति कुमारी, जयंती कुमारी, अंशु कुमारी, कंचन कुमारी, संजना कुमारी, राजनंदन यादव और अमित कुमार कुशवाहा को सम्मानित किया गया।

### 19 सितम्बर को होनेवाले एक दिवसीय धरना कार्यक्रम को लेकर झामुमो की तैयारी तेज

**मनिका (लातेहार)** : खान एवं खानिज संशोधन विधेयक के विरुद्ध झामुमो की प्रस्तवित 19 सितम्बर को होने वाली प्रखण्ड स्तरीय एकदिवसीय धरना कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर मनिका प्रखंड के झामुओं के नेता केंद्रीय कमेटी के सदस्य राजेंद्र लोहार एवं जिला किसान मोर्चा के जिला सचिव सिकेश्वर राम रविवार को विशुनबंध पंचायत के खीराखाड ग्राम में क्षेत्र के किसान एवं ग्रामीणों के साथ एक बैठक किया। आयोजित बैठक में झामुमो के किसान मोर्चा जिला सचिव सिकेश्वर राम ने उपस्थित किसान तथा ग्रामीण को बताया की केंद्र सरकार द्वारा लाई गई खान खानिज विधेयक जैसे काले कानून के विरोध में प्रखंड मुख्यालय में 19 सितंबर को होनेवाली एकदिवसीय धरना कार्यक्रम सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में झामुमो के किसान मोर्चा के कार्यकर्ता तथा ग्रामीण भाग लेने पाहुंचे। उक्त बैठक में काफी संख्या में ग्रामीण एवं किसान शामिल हुए। वहीं केंद्रीय कमेटी सदस्य राजेंद्र लोहार ने बताया की प्रस्तावित 19 सितंबर को प्रखंड स्तरीय होने वाले एकदिवसीय धरना कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर प्रखंड के विभिन्न पंचायत का दौरा कर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ उनकी बैठक लगातार जारी है।

## एक झलक

### प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा को पदोन्नति पर बधाई

**मेदिनीनगर :** पलामू के पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा को झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश पद पर पदोन्नति मिलने पर उनके कार्यालय पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने श्रीराम शर्मा के उज्ज्वल कार्यकाल, उत्तम स्वास्थ्य और सफल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि न्यायिक सेवा में उनके अनुभव, कर्तव्यनिष्ठा और नेतृत्व क्षमता का लाभ आगे भी न्यायिक व्यवस्था को मिलता रहेगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि न्यायपालिका और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय एवं आपसी सहयोग से न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने भविष्य में भी दोनों संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई।

### युवक का शव बरामद एक हिरासत में

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा थाना क्षेत्र के गोबरघुसी पंचायत अंतर्गत सारी गांव में रविवार सुबह कलवर्ट के नीचे युवक का खून से लथपथ शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 27 वर्षीय मनोहर माझी, पिता लम्बोदर माझी के रूप में हुई है। पुलिस को आशंका है कि युवक की धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई है। उसके सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं और घटनास्थल पर काफी खून भी पाया गया है। बताया गया कि मनोहर माझी शनिवार रात सारी गांव निवासी सुशील सिंह के घर आयोजित मनसा पूजा के रात्रि जागरण कार्यक्रम जांत मंगल में अन्य कलाकारों के साथ शामिल हुआ था। रात करीब दो बजे वह कार्यक्रम में शामिल टीम के 55 वर्षीय सदस्य दुर्लभ सिंह के साथ शराब पीने के लिए गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर बूढ़ीगोड़ा टोला स्थित महुआ शराब की भट्ठी पर गया था। शराब पीने के बाद दोनों पैदल वापस लौट रहे थे। इसके बाद मनोहर अपने घर नहीं पहुंचा, जबकि दुर्लभ सिंह नशे की हालत में अपने घर चला गया।

### पलामू में एक ही नम्बर की दो बाइक बरामद, दो गिरफ्तार

**पलामू :** पलामू जिले की नावाजयपुर थाना पुलिस ने एक ही रजिस्ट्रेशन नंबर की दो बाइक रखकर धोखाधड़ी करने के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने तुरादोहर गांव में छापेमारी कर दो हीरो स्प्लेंडर प्रो बाइक बरामद की हैं। दोनों बाइक पर एक ही रजिस्ट्रेशन नंबर (जेएच03 एम-4179) अंकित था। मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जबकि चोरी की बाइक बेचने का आरोपित फरार है।

---

### एसआईआर-2026 के सफल व पारदर्शी क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# योग्य मतदाता का नाम सूची में करें शामिल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी क्रियान्वयन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मरकच्चो प्रखंड कार्यालय सभागार में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी निर्मल सोरेन, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में एसआईआर-2026 के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति और आगामी गतिविधियों की समीक्षा की गयी।



बताया गया कि प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 5 अगस्त 2026 को किया जा चुका है। दावा एवं आपत्ति दर्ज कराने की अवधि 5 अगस्त से 15 सितंबर 2026 तक निर्धारित है, जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 19 अक्टूबर 2026 को किया जायेगा। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुनरीक्षण प्रक्रिया में कोई भी योग्य मतदाता मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे और किसी अयोग्य व्यक्ति का नाम सूची में शामिल न हो। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्राप्त सभी दावों एवं आपत्तियों का नियमानुसार सत्यापन कर समयबद्ध निष्पादन किया जाये। पात्र मतदाताओं को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के साथ मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि मिलने पर निर्धारित प्रावधानों के तहत सुधार सुनिश्चित किया जाये। बैठक में नए मतदाताओं को जोड़ने, दावों एवं आपत्तियों के निष्पादन, सुनवाई, सत्यापन और मैपिंग कार्यों की भी समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ व सम्बन्धित कर्मियों को मतदाताओं को आवश्यक सहयोग देते हुए सभी कार्य सुचारू एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया।

---

## तीज पर्व को लेकर चतरा चौक में दिखी चहल-पहल, खरीदारी को उमड़ी महिलाओं की भीड़



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** तीज पर्व को लेकर रविवार को चतरा चौक में दिनभर चहल-पहल देखने को मिली। नहाय-खाय की रस्म पूरी करने के बाद बड़ी संख्या में महिलाएं सोमवार को होने वाले तीज व्रत की तैयारी को लेकर खरीदारी करने बाजार पहुंचीं। महिलाओं ने फल, सब्जियां, पूजन सामग्री, श्रृंगार सामग्री सहित तीज पर्व में उपयोग होने वाले विभिन्न सामानों की जमकर खरीदारी की। पर्व को लेकर दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों को पूजन सामग्री और आवश्यक वस्तुओं से सजा रखा था। चतरा चौक सुबह से ही महिलाओं की भीड़ जुटने लगी, जिससे बाजार में काफी रौनक रही। खरीदारी के दौरान चौक पर चहल-पहल के साथ वाहनों की आवाजाही भी बढ़ी रही। तीज पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है।

---

# कोडरमा में दिनदहाड़े दुकानदार पर चाकू से जानलेवा हमला

### आक्रोशित लोगों ने एनएच-20 जाम कर आरोपी की बाइक फूंकी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** तिलैया थाना क्षेत्र के असनाबाद में रविवार दोपहर करीब 12 बजे दिनदहाड़े एक दुकानदार पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना में असनाबाद निवासी इम्तियाज अहमद उर्फ गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल कोडरमा से हजारीबाग रेफर किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शी सईद नसीम के अनुसार, वह इम्तियाज की दुकान के पास चाय पी रहे थे। इसी दौरान एक युवक दुकान से निकलकर तेजी से भागने लगा। कुछ ही देर बाद इम्तियाज खून से लथपथ दुकान से बाहर निकले और युवक का पीछा करने लगे। कुछ दूरी पर



पहुंचते ही वह सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने उन्हें निजी वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल ले जाते समय इम्तियाज ने गौरव कुमार नामक युवक पर चाकू से हमला करने का आरोप लगाया। घटना की सूचना मिलते ही तिलैया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस को दुकान के पास एक नए मोबाइल का डिब्बा और रसीद मिली, जिस पर गौरव कुमार सिंह का नाम दर्ज बताया गया। दुकान के काउंटर से उसके आधार कार्ड और पैन कार्ड की फोटोकॉपी भी मिलने की बात सामने आई है। पुलिस ने घटनास्थल से अन्य साक्ष्य भी जुटाए। दुकान से सड़क तक खून के निशान मिले हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी गौरव कुमार मोबाइल खरीदने दुकान पर आया था। उसने मोबाइल के साथ रेलवे टिकट बनवाने और सिम खरीदने की बात कही। भुगतान के समय कथित तौर पर उसने अचानक दुकानदार पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया है। इधर, इम्तियाज को हजारीबाग रेफर किए जाने की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। आक्रोशित लोगों ने रांची-पटना मुख्य मार्ग NH-20 को जाम कर दिया। इसी दौरान एक युवक ने घटनास्थल पर छूटी आरोपी की बाइक को सड़क पर लाकर आग के हवाले कर दिया। जाम की सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर सड़क से जाम हटवाया। स्थानीय लोगों ने घायल दुकानदार के परिवार को उचित मुआवजा देने तथा मामले में सख्त कार्रवाई के लिए लिखित आश्वासन की मांग की। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

---

### सेवादल कांग्रेस का स्वागत समारोह व जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

# संगठन की मजबूती कांग्रेस की प्राथमिकता : प्रकाश रजक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** गीतांजलि बैंक्विट हॉल, कोडरमा में नवनियुक्त सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजू सिंह के नेतृत्व में स्वागत समारोह एवं जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू सिंह ने की तथा संचालन फहीम खान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि महिला सेवादल की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनीशा तिर्की, अनुपम कुजूर एवं सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने कहा कि सेवादल कांग्रेस संगठन की रीढ़ है। कार्यकर्ताओं को अनुशासन, सेवा



और समर्पण के साथ संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा कि कांग्रेस की असली ताकत उसके जमीनी और समर्पित कार्यकर्ता हैं। संगठन की मजबूती बूथ स्तर से शुरू होती है। उन्होंने कहा कि सेवादल कार्यकर्ता गांव-गांव और बूथ-बूथ पहुंचकर जनता से सीधा संवाद स्थापित करें, उनकी समस्याओं को समझें और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि हर समय जनता के बीच रहकर उनकी आवाज बनने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राम लखन पासवान, पूर्व जिला महासचिव राजनीतिक पासवान, उमेश साहू, विजय सिंह एवं सरोज मेहता सहित कई कांग्रेस एवं सेवादल पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## गुरिया में शारदीय नवरात्र पूजा को लेकर बैठक चौथी बार अजीत कुमार गुप्ता बने अध्यक्ष



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत बभने पंचायत के गुरिया गांव स्थित मध्य विद्यालय परिसर में आगामी शारदीय नवरात्र पूजा के सफल आयोजन को लेकर रविवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी भोला प्रसाद ने की। जबकि संचालन दुर्गा प्रसाद शर्मा ने किया। बैठक में पिछले वर्ष की पूजा की समीक्षा करते हुए इस वर्ष पूजा को भव्य एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अजीत कुमार गुप्ता को लगातार चौथी बार दुर्गा पूजा समिति गुरिया का अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। समिति में जितेंद्र कुमार शर्मा व विकास कुमार साहू को उपाध्यक्ष, पवन कुमार रवि को सचिव तथा संतोष कुमार रवि, अंबुज कुमार विश्वकर्मा, प्रकाश कुमार विश्वकर्मा और सौरव कुमार रवि को सह सचिव की जिम्मेदारी दी गई। अमन कुमार रवि व आर्यन कुमार उर्फ गोलू कुमार कोषाध्यक्ष, जबकि धीरेन्द्र कुमार राणा, धनंजय भारती, छोटू चौधरी और कर्नल कुमार गुप्ता को मीडिया प्रभारी बनाया गया। पूजा के सफल संचालन के लिए चार अलग-अलग संभाग भी गठित किए गए। इनमें मूर्ति संभाग की जिम्मेदारी राकेश कुमार राणा, पूजा संभाग की विकास कुमार साव, डेकोरेशन संभाग की हेमराज कुमार पासवान तथा सांस्कृतिक संभाग की जिम्मेदारी संतोष कुमार रवि व नंदू मिस्त्री को सौंपी गई।

---

### चौहान क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सम्पन्न

# हुसिया ने हलमता को हरा कर जीता खिताब

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** इटखोरी प्रखंड अंतर्गत टोनाटाड़ पंचायत के टोनाटाड़ मैदान में आयोजित चौहान क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को रोमांचक माहौल में संपन्न हुआ। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया।



टूर्नामेंट के प्रथम पुरस्कार पर कब्जा जमाया। मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। हुसिया के खिलाड़ियों ने मिले अवसर का फायदा उठाते हुए निर्णायक गोल दागा और अंत तक अपनी बढ़त कायम रखी। इस फाइनल मुकाबला हुसिया और हलमता की टीम के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि कांग्रेस युवा नेता मुकेश पासवान, विशिष्ट अतिथि राजकिशोर सिंह, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी एवं प्रति ठाकुर ने संयुक्त रूप से मैदान में किक मारकर किया। मुख्य अतिथियों के पहुंचने पर युवाओं एवं ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। मैदान में मौजूद सैकड़ों दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में हुसिया की टीम ने एक गोल की बढ़त बनाकर शानदार जीत दर्ज की और अवसर पर मुख्य अतिथि मुकेश पासवान ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल आयोजनों से युवाओं की प्रतिभा को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में जिला परिषद प्रतिनिधि भरत साव, लक्ष्मी सिंह, सामादेव सिंह, योगेंद्र, संतोष साव, मनोज साव ठाकुर, सुरेंद्र सिंह, रामसरूप सिंह समेत सैकड़ों खेलप्रेमी एवं ग्रामीण मौजूद रहे। टूर्नामेंट को सफल बनाने में चौहान क्लब कमेटी के अध्यक्ष कुंदन सिंह, सचिव ताली राम एवं कोषाध्यक्ष आकाश सिंह सहित पूरी आयोजन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

# 16 सितम्बर से शुरू होगा दसलक्षण पर्युषण महापर्व

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** श्री दिगंबर जैन समाज के सानिध्य में 10 दिवसीय दसलक्षण पर्युषण महापर्व 16 सितंबर से शुरू होगा। इसे लेकर जैन समाज के लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस वर्ष महापर्व जैन संत परम पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं सानिध्य में मनाया जाएगा। महापर्व के पूर्व दिवस पर जैन मंदिर में भगवान पारसनाथ की 1008 प्रतिमाओं का प्रथम कलशाभिषेक और शांतिधारा की गई। इसके बाद चौबीस तीर्थंकरों की पूजा-अर्चना की गई। मुनि श्री ने अपने प्रवचन में रोट तीज पर्व की महिमा बताते हुए कहा कि मन में श्रद्धा हो तो उपवास, संयम और त्याग का पालन कठिन नहीं रहता। कार्यक्रम के दौरान राउरकेला से आए सचिन जैन चुड़ीवाल और लोकेश जैन तथा गया से आए आशीष-जूली जैन सहित अन्य भक्तों का विरागोदय वषायोग कमेटी की ओर से स्वागत किया गया। मुनि श्री को आहार कराने का सौभाग्य सुरेश-नरेंद्र जैन परिवार को प्राप्त हुआ। मुनि श्री ने सभी को मंगल आशीर्वाद दिया। संध्या में भव्य आरती के बाद णमोकार चालीसा का पाठ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। स्थानीय पंडित अभिषेक जैन शास्त्री ने आगामी भादो माह में होने वाले विरागोदय साधना संस्कार शिविर, दसलक्षण पर्व और सोलह कारण पर्व सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों की जानकारी दी। यह जानकारी कोडरमा मीडिया प्रभारी नवीन जैन और राज कुमार जैन ने दी।



---

### राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का पांचवां दिन

# ग्रामीणों को एड्स के प्रति किया जागरूक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन विभिन्न जागरूकता एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाया तथा जुंबा एक्सरसाइज का अभ्यास किया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने गांव में एड्स जागरूकता रैली निकाली एवं स्वयंसेवक अनिल कुमार ने ग्रामीणों को एड्स के कारण, बचाव एवं सावधानियों के प्रति जागरूक किया। शिविर के अंतर्गत गांव के बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों का



आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इसके पश्चात महात्मा गांधी समूह के स्वयंसेवकों द्वारा तैयार किए गए भोजन का सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से आनंद लिया। शिविर के द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने गांव के बच्चों के पेंटिंग एवं कला-शिल्प से संबंधित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों को करवाया तथा बच्चों को इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहित कुमार तिवारी, डी.एल.एड. विभागाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह एवं सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। शिविर की समस्त सामाजिक गतिविधियां एवं अन्य क्रियाकलाप जिला नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा की देखरेख में संपन्न हुए।

---

# डीवीसी की लापरवाही के खिलाफ सड़क पर उतरे ग्रामीण, थमे रहे कोयला वाहन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं होने से उड़ती धूल और बढ़ती परेशानी के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार सड़क पर फूट पड़ा। रविवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने हेरहंज प्रखंड के नवादा के पास कोयला लदे हाइवा वाहनों को रोककर विरोध जताया। ग्रामीणों ने सड़क पर उतरते ही कोयला परिवहन ठप हो गया और देखते ही देखते हाइवा की लम्बी कतार लग गई। इससे सड़क पर भीषण जाम लग गया। ग्रामीणों का कहना है कि डीवीसी की ओर से कोयला परिवहन के लिए लगातार भारी वाहनों का परिचालन कराया जा रहा है, लेकिन सड़क पर धूल नियंत्रण के लिए पानी का नियमित छिड़काव नहीं किया जा रहा है। वाहनों के गुजरते ही सड़क पर धूल का गुबार उठता है, जिससे आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों का सांस लेना तक मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने कहा कि घरों, दुकानों और सड़क किनारे की जमीन पर धूल की मोटी परत जम रही है। सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से इस समस्या की ओर डीवीसी और संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। हर दिन कोयले से लदे वाहनों की आवाजाही जारी है और धूल ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गयी है।

---

# महर्षि डायग्नोस्टिक सेंटर का हुआ शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** राजगढ़िया रोड स्थित महर्षि डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ 13 सितंबर को मुख्य अतिथि मयंक यादव, अधिवक्ता एवं समाजसेवी, के द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह धूमधाम से आयोजित हुआ। सेंटर में आधुनिक एवं विश्वस्तरीय मशीनों के माध्यम से मुंबई की पैथोलॉजिस्ट डॉ. मेघा तिवारी की देखरेख में विभिन्न जांच की जाएगी। संस्थान के संचालकों के अनुसार, अब तक जिन जांचों की रिपोर्ट बाहर से आने में करीब तीन दिन लगते थे, उनकी रिपोर्ट अब एक दिन में उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। महर्षि डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्देश्य मरीजों को आधुनिक तकनीक के साथ सटीक एवं विश्वसनीय जांच रिपोर्ट और बेहतर मरीज सेवा उपलब्ध कराना है। सेंटर में विभिन्न प्रकार की पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उद्घाटन समारोह में झुमरी तिलैया नगर परिषद अध्यक्ष रमेश हर्षधर, कोडरमा नगर पंचायत अध्यक्ष साजिद हुसैन, डोमचांच नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश वर्मा, वार्ड पार्षद नीरज कर्णी, कोडरमा चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष प्रदीप केडिया, भारत विकास परिषद झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रामप्रवेश पांडेय, पूर्व डीएसपी माधव राम भार्गव, किट्टी रामपाल, महेश दारुका, नरेंद्र झांझरी, सुरेश जैन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

---

# सेवा विस्तार खत्म, फिर भी काम कर रहे रेंजर-एसीएफ, चतरा मामले में पीसीसीएफ ने मांगा जवाब

- बिना आदेश दूसरे प्रक्षेत्र में काम कराने पर सवाल
- चार प्रक्षेत्रों में पदस्थापन नहीं, फिर भी चल रहा काम
- वित्तीय अधिकार के इस्तेमाल पर भी उठे सवाल? वन अग्रिम से राशि देने पर भी स्पष्टीकरण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** वन विभाग में सेवानिवृत्ति के बाद भी अधिकारियों से काम लेने और बिना सक्षम प्राधिकार के आदेश के वन क्षेत्र पदाधिकारियों (एफआरओ) को अतिरिक्त प्रक्षेत्र का प्रभार देने का मामला सामने आया है। ऐसे अधिकारियों द्वारा वित्तीय अधिकारों का इस्तेमाल किये जाने की शिकायतों को विभाग ने गंभीरता से लिया है। चतरा वन प्रमंडल से जुड़े मामले में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) ने क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक (आरसीसीएफ) से स्पष्टीकरण मांगा है।

**बिना आदेश दूसरे प्रक्षेत्र में काम कराने पर सवाल**

**पीसीसीएफ** ने आरसीसीएफ से पूछा है कि सक्षम प्राधिकार के आदेश के बिना किन परिस्थितियों में वन क्षेत्र पदाधिकारियों से उनके निर्धारित अधिकार क्षेत्र से बाहर काम कराया जा रहा है। ऐसे प्रक्षेत्रों में मजदूरी और सामग्री के भुगतान के लिए वन अग्रिम के माध्यम से राशि उपलब्ध कराने को लेकर भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने पूरे राज्य में सेवानिवृत्त सहायक वन संरक्षकों (एसीएफ) और वन क्षेत्र पदाधिकारियों (रेंजर) से सेवा अवधि समाप्त होने के बाद भी काम लिए जाने की शिकायतों की जांच कराने का निर्देश दिया है। विभागीय सचिव के आदेश के बाद अवर सचिव भनु चौधरी ने पीसीसीएफ को पत्र भेजकर ऐसे अधिकारियों से चिह्नित करने और तत्काल इस तरह की व्यवस्था पर रोक लगाने को कहा है।

**चार प्रक्षेत्रों में पदस्थापन नहीं, फिर भी चल रहा काम**

**चतरा** उत्तरी वन प्रमंडल के मामले में पीसीसीएफ कार्यालय ने 10 सितंबर को आरसीसीएफ और संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी से जवाब मांगा है। पत्र के अनुसार राजपुर वन प्रक्षेत्र, कुंदा वन प्रक्षेत्र, चतरा वनरोपण प्रक्षेत्र और हंटरगंज वनरोपण प्रक्षेत्र में संबंधित वन क्षेत्र पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं है। इसके बावजूद इन प्रक्षेत्रों का काम कराया जा रहा है। खास बात यह है कि सक्षम प्राधिकार की ओर से किसी दूसरे वन क्षेत्र पदाधिकारी को इन प्रक्षेत्रों का अतिरिक्त प्रभार देने का आदेश भी जारी नहीं किया गया है। इसके बावजूद काम कराये जाने को लेकर विभाग ने जवाब तलब किया है।

**वित्तीय अधिकार के इस्तेमाल पर भी उठे सवाल**

**अवर** सचिव के पत्र में कहा गया है कि ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि सेवा समाप्त हो चुके सेवानिवृत्त एसीएफ और वन क्षेत्र पदाधिकारियों से भी काम लिया जा रहा है। आरोप है कि ऐसे अधिकारी वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियों का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। विभाग ने इसे नियमों के अनुरूप नहीं माना है। पत्र में यह भी कहा गया है कि ऐसी स्थिति में भ्रष्टाचार, सरकारी धन के गबन और पद के दुरुपयोग की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। मामला केवल अतिरिक्त प्रभार देने तक सीमित नहीं है। पीसीसीएफ के पत्र में इन प्रक्षेत्रों में चल रहे कार्यों के लिए मजदूरों की मजदूरी और सामग्री खरीद के लिए राशि उपलब्ध कराने का भी उल्लेख है।

**वन अग्रिम से राशि देने पर भी स्पष्टीकरण**

**पीसीसीएफ** को दी गई जानकारी के अनुसार प्रतापपुर वन प्रक्षेत्र और हंटरगंज वन प्रक्षेत्र को वन अग्रिम के माध्यम से राशि उपलब्ध कराई गई है। पीसीसीएफ ने इस व्यवस्था पर भी सवाल उठाया है। पत्र में कहा गया है कि इस संबंध में उनके स्तर पर कोई प्रस्ताव नहीं आया है। ऐसे में बिना सक्षम आदेश के वन प्रमंडल पदाधिकारी वन क्षेत्र पदाधिकारियों को उनके निर्धारित अधिकार क्षेत्र से बाहर काम नहीं दे सकते और न ही वन अग्रिम उपलब्ध करा सकते हैं। इसी बिंदु पर संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा गया है।

**रेंजर-एसीएफ की कमी के कारण मिलता रहा सेवा विस्तार**

**वन** विभाग में रेंजर और एसीएफ की कमी को देखते हुए सरकार पहले सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को छह-छह माह का सेवा विस्तार देती रही है। हालांकि, वर्तमान में सरकार ने इस तरह का सेवा विस्तार देना बंद कर दिया है। इसके बावजूद सेवानिवृत्ति के बाद अधिकारियों से काम लिए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

**सुप्रीम कोर्ट की पीआईएल में भी उठा मामला**

**सेवा** विस्तार के बिना अधिकारियों से काम लेने और उन्हें खर्च के लिए राशि उपलब्ध कराने का मामला न्यायिक स्तर पर भी पहुंच चुका है। इससे संबंधित शिकायत सुप्रीम कोर्ट में दायर पीआईएल में भी की गई है। पीआईएल में आरोप लगाया गया है कि कुछ अधिकारियों को सेवा विस्तार नहीं मिलने के बावजूद खर्च के लिए राशि दी जा रही है और संबंधित अधिकारी उसका इस्तेमाल कर रहे हैं। शिकायत में कोल्हान के साथ-साथ संताल परगना प्रमंडल के कुछ अधिकारियों का भी उल्लेख किया गया है।

---

**शपथ पत्र**

मैं सोनी सुप्रिया बेक, पिता सजित भगत, उम्र 18 वर्ष, ग्राम देवाकी, पोस्ट देवाकी, थाना - घाघरा, जिला - गुमला झारखण्ड शपथ पूर्वक बयान करता/करती हूं कि :-

1. यह कि मैं उक्त ग्राम का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड नं॰ 8764 3853 9003 है, जिसमें गलती से मेरा नाम सोनी बेक (SONI BECK) दर्ज हो गया है, जो गलत है।
3. यह कि मेरा सही नाम सोनी सुप्रिया बेक (SONI SUPRIYA BECK) है, जो मेरे मैट्रिक के सभी प्रमाण पत्र में दर्ज है।

यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने आधार कार्ड में अपना नाम सुधार कर सोनी सुप्रिया बेक (SONI SUPRIYA BECK) करवाने हेतु कर रही हूं।

**सत्यापन**

मैं सोनी सुप्रिया बेक तसदीक करता। करती हूँ कि उपरोक्त बयान मेरे जानकारी में सही एवं सत्य है।

शपथ पत्र संख्या 8257/2026
दिनांक 04/08/2026

## एक झलक

### राघोपुर में जदयू महिला प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक संगठन मजबूती पर जोर

**सुपौल** : जिले के राघोपुर प्रखंड के सिमराही नगर पंचायत के वार्ड 17 में रविवार को जदयू महिला प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक जिलाध्यक्ष पूनम देवी के आवास पर हुई। इसमें संगठन को मजबूत करने, महिलाओं को सशक्त बनाने और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष पूनम देवी ने अतिथियों का शॉल, माला एवं बुके देकर स्वागत कर किया। बैठक को संबोधित करते हुए जदयू महिला प्रकोष्ठ की उत्तरी बिहार प्रभारी कुमारी खुशबू रानी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं को राजनीति और समाज में आगे बढ़ने का अवसर दिया है। पंचायतों एवं स्थानीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाया गया है। आज महिलाएं पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं उन्होंने कहा कि सरकार ने विकास और सुशासन को प्राथमिकता दी है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ महिलाओं, बुजुर्गों और जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत करने तथा सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने की अपील की। जदयू जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि चुनाव के समय दूसरे दलों के लोग भ्रम फैलाने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे में कार्यकर्ताओं को सतर्क रहकर पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों को जनता के सामने रखना होगा। महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं को सम्मान और अधिकार दिया है। उन्होंने महिलाओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

### गणेश चतुर्थी व विश्वकर्मा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**सुपौल** : गणेश चतुर्थी एवं विश्वकर्मा पूजा को लेकर वीरपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूजा एवं विसर्जन के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने पूजा समितियों और स्थानीय लोगों से पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। बैठक में बताया गया कि पूजा आयोजन के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति के पूजा या जुलूस आयोजित करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जुलूस के दौरान निर्धारित मार्ग, समय और प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करने का निर्देश दिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान हुड़दंग करने वाले एवं असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। सोशल मीडिया पर भी आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस प्रशासन की ओर से बताया गया कि पूजा और विसर्जन के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज दुनिया भारत का उदय देख रही है : सम्राट

एजेंसी



**पटना** : मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को यहा पटना में सहायक प्रध्यापकों के कार्यक्रम को समबोधित करते हुए कहा कि बिर्क्स शिखर सम्मेलन से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज दुनिया भारत का उदय देख रही है। भारत अब वैश्विक मुद्दों पर केवल अपनी बात रखने वाला देश नहीं, बल्कि दुनिया को दिशा देने और साझा समाधान प्रस्तुत करने वाली महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिर्क्स शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता ने इस बढ़ती वैश्विक भूमिका को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में शांति, सहयोग और संवाद की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। बिर्क्स देशों द्वारा बहुपक्षवाद, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और अधिक न्यायपूर्ण एवं संतुलित वैश्विक व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त किया जाना पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण संदेश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में आयोजित 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त, समावेशी और दूरदर्शी नेतृत्व की एक ऐतिहासिक मिसाल बनकर उभरा है। वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों और आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी कुशल कूटनीति से सभी सदस्य देशों को एक मंच पर लाकर सर्वसम्मति से 'नई दिल्ली घोषणापत्र को पारित कराया, जो भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव का प्रतीक है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की वकालत कर 'ग्लोबल साउथ' की आवाज को मजबूती से बुलंद किया। उनके नेतृत्व में ब्रिक्स ने वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए सुरक्षित और निरंतर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही, उन्होंने प्राचीन धरोहरों को मूल देशों में वापस लाने का संकल्प शामिल कराकर सांस्कृतिक संप्रभुता का सम्मान सुनिश्चित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में भारत और ब्राजील की स्थायी सदस्यता के समर्थन से वैश्विक शासन व्यवस्था में विकासशील देशों की बढ़ती भूमिका को बल मिला है। भारत लंबे समय से अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, लोकतांत्रिक और वर्तमान वैश्विक वास्तविकताओं के अनुरूप बनाने की आवश्यकता पर जोर देता रहा है। मुख्यमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ बिर्क्स देशों के स्पष्ट और दृढ़ रुख का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा और आतंकवाद के सभी रूपों एवं तरीकों के विरुद्ध कार्रवाई की प्रतिबद्धता आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता का महत्वपूर्ण संदेश है। आतंकवाद की फंडिंग, आतंकवादियों की सीमा पार आवाजाही और उन्हें सुरक्षित पनाहगाह उपलब्ध कराने वालों के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ती अनिश्चितता के बीच नियम आधारित, खुली और निष्पक्ष व्यापार व्यवस्था समय की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एआई, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, क्वांटम तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में बिर्क्स देशों के बीच सहयोग भविष्य की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा। भारत की तकनीकी क्षमता और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के अनुभव से विकासशील देशों को व्यापक लाभ मिल सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का बढ़ता प्रभाव प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का विषय है।

### महावीरी झंडा शोभायात्रा जुलूस के दौरान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा फारबिसगंज

**अररिया** : फारबिसगंज सांवलिया कुंज ठाकुरबाड़ी से रविवार को निकले महावीर झंडा शोभायात्रा जुलूस में जय श्री राम के नारों से शहर गुंजायमान रहा। फारबिसगंज में रामायण परिषद की स्थापना और सांवलिया कुंज ठाकुरबाड़ी के स्थापना दिवस के वार्षिकोत्सव पर निकले महावीर झंडा में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ों के हजारों श्रद्धालु लाठी डंडे और अस्त्र से लैस होकर भगवान महावीर के झंडे को थामे शोभायात्रा जुलूस में शिरकत की। जय श्री राम और बजरंगबली की जय,जय हनुमान आदि नारे जुलूस में लगते रहे। जयघोष एवं गाजे बाजे के साथ निकली महावीर झंडा शोभायात्रा जुलूस में 122 साल की पुरानी विरासत फिर से साकार हुई। रामायण परिषद के वार्षिकोत्सव व भगवान श्रीकृष्ण की छठी के उपलक्ष्य में शहर में ऐतिहासिक भव्य महावीरी झंडा शोभा यात्रा निकाला गया।

## पिछडा वर्ग संघर्ष समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष उदासन नाग की अध्यक्षता में रौनियार धर्मशाला में हुई बैठक

- पिछड़ी जातियों को सभी राजनीतिक पार्टियों ने दिया धोखा हक अधिकार की लड़ाई होगी तेज : उदासन नाग



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गुमला** : पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक पालकोट रोड स्थित है रौनियार धर्मशाला के सभागार में हुई जिसमें दो जिला सिमडेगा गुमला से आए हुए विभिन्न पिछडे समाज के साहू यादव रौनियार ठाकुर विश्वकर्मा सोनकर प्रजापति मुस्लिम समाज के अंसारी इदरीसी दर्जी एवं अन्य समाज के पदाधिकारी शामिल हुए और सभी ने पिछड़ा समाज को मजबूत करने के उद्देश्य से अपने-अपने विचार रखें पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के मजबूत कैसे हो उसके विषय पर चर्चा किया गया साथ ही जनगणना जो होने वाली है उसमें पिछड़ी जातियों का कॉलम नहीं रखा गया है इसलिए बैठक में पिछड़ी जातियों के लिए सरकार द्वारा कॉलम निर्धारित करने के लिए सरकार से मांग करने का निर्णय लिया गया साथ ही सरकार के द्वारा पिछड़ी जातियों को जनगणना में कॉलम नहीं देने पर जोरदार आंदोलन करने का निर्णय लिया गया जिसमें जनगणना का बहिष्कार साथ ही आने वाले जो भी चुनाव होगा उसका पिछड़ी जातियों के द्वारा बहिष्कार किया जाएगा बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी दिनांक 27 सितंबर 2026 को सिसई प्रखंड के रेडवा के चंद्रानी होटल में बैठक करने का निर्णय लिया गया है जिसमें गुमला सहित सिमडेगा खूंटी लोहरदगा एवं अन्य जिलों के प्रतिनिधि का बैठक रखा गया है उसी दिन मसाल जुलूस एवं रोड जाम करने का तिथि निर्धारित किया जाएगा।

### पत्रकार से मारपीट के खिलाफ आज सड़क पर उतरेंगे पत्रकार

**सहरसा** : सदर अस्पताल में खबर संकलन के दौरान प्रभात खबर डिजिटल के पत्रकार अभिषेक कुमार के साथ मारपीट, गाली-गलौज एवं लूटपाट की घटना के विरोध में जिले के पत्रकार अब सड़क पर उतरेंगे। जिला पत्रकार संघ ने घटना को पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर हमला बताते सोमवार को प्रतिरोध मार्च निकालने का निर्णय लिया है। सुबह 10 बजे वीर कुंवर सिंह चौक से समाहरणालय तक पत्रकारों का मार्च होगा। इसके बाद जिला प्रभारी मंत्री सह शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, डीआईजी डॉ. कुमार आशीष, जिलाधिकारी दीपेश कुमार और पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की जायेगी।

## परम्परागत हथियारों के साथ सड़कों पर उतरा आदिवासी समाज

- विश्व आदिवासी दिवस पर हजारों कदमों से गूंजा गुमला, आदिवासी एकता और ग्राम सभा के अधिकार का दिया संदेश



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गुमला** : विश्व आदिवासी दिवस के मद्देनजर रविवार को आदिवासी समुदाय की ओर से गुमला शहर में विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में आदिवासी महिला-पुरुष, युवक-युवतियां और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। हाथों में लाठी, टांगी, हंसुआ, तलवार, तीर-धनुष सहित अन्य पारंपरिक प्रतीक लिए लोग पूरे उत्साह और जोश के साथ आगे बढ़ रहे थे। जुलूस के दौरान पूरा शहर आदिवासी एकता और अधिकारों से जुड़े नारों से गूंजता रहा। जुलूस कचहरी परिसर से शुरू हुआ और जशपुर रोड, मेन रोड तथा थाना रोड होते हुए करीब पांच किलोमीटर की दूरी तय कर चंदाली पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। जुलूस में शामिल लोग आदिवासी दिवस जिंदाबाद, आदिवासी एकता जिंदाबाद, वीर बुधु भगत जिंदाबाद, बिरसा मुंडा जिंदाबाद, जतरा भगत जिंदाबाद, परगना-पड़ा व्यवस्था जिंदाबाद, ग्राम सभा जिंदाबाद जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे। वहीं आदिवासी जमीन और संवैधानिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर भी जोरदार नारे लगाए गए। संविधान और पारंपरिक व्यवस्था की रक्षा का संकल्प,जुलूस से पूर्व कचहरी परिसर में आदिवासी समाज के अगुवा एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की पहचान, संस्कृति, जल-जंगल-जमीन, परंपरा और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए संकल्प लेने का अवसर है। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज की अपनी समृद्ध सामाजिक एवं पारंपरिक व्यवस्था रही है। ग्राम सभा आदिवासी समाज की निर्णय प्रक्रिया का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए ग्राम सभा के अधिकारों और उसकी भूमिका को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि समाज को अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ शिक्षा, एकता और संगठन को भी मजबूत करना होगा।

## पटना उच्च न्यायालय के नवनियुक्त न्यायाधीश के रूप में वी. कामेश्वर राव ने ली शपथ

एजेंसी



**पटना** : बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने रविवार शाम लोकभवन में पटना उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश वी. कामेश्वर राव को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत समेत कई अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण के साथ ही न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव ने पटना उच्च न्यायालय के 49वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में जिम्मेदारी संभाली। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत सहित राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने छह अगस्त 2026 को हुई बैठक में दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश वी. कामेश्वर राव को पटना उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए जाने की अनुशंसा की थी।

मुआवजा दिये बिना जमीन पर काम शुरू होने की आशंका, भारतमाला परियोजना के खिलाफ ग्रामीणों ने की आवाज बुलंद

## छह प्रमुख मांगों के बिना नहीं होने देंगे काम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**गोला (रामगढ़)** : भारतमाला परियोजना के तहत प्रस्तावित सिक्स लेन हाईवे निर्माण को लेकर गोला प्रखंड क्षेत्र के लिपिया गांव में रविवार को ग्रामीणों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। ग्राम लिपिया के विपिभागढ़हा नामक स्थान पर महुआ पेड़ के नीचे दोपहर करीब एक बजे आयोजित बैठक में लिपिया, रकुवा सहित आसपास के गांवों के रैयत, ग्रामीण, पंचायत प्रतिनिधि एवं अन्य लोग शामिल हुए। बैठक में गैरमजरूआ खास जमीन समेत परियोजना के लिए अधिग्रहित की जा रही भूमि, मुआवजा और ग्रामीणों की सुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि वे विकास कार्यों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास के नाम पर रैयतों के अधिकारों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार, यदि भूमि अधिग्रहण से पहले संबंधित रैयतों को नियमानुसार उचित मुआवजा दिए बिना उनकी जमीन पर कब्जे या निर्माण की कार्रवाई की जा रही है, तो यह गंभीर जांच का विषय है। हालाँकि, पूरे मामले की वास्तविक स्थिति प्रशासनिक जाँच एवं संबंधित दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

**पहले उचित मुआवजा, फिर जमीन पर हो काम**

**बैठक** में ग्रामीणों ने झारखंड सरकार एवं प्रशासन के समक्ष छह प्रमुख मांगें रखीं। ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से कहा कि बिना उचित मुआवजा दिए किसी की जमीन का अधिग्रहण नहीं किया जाए। इसके अलावा जमीन में लगे पेड़-पौधों का उचित मुआवजा देने, ग्रामीणों की सुविधा के अनुसार ओवरब्रिज का निर्माण कराने, अधिग्रहित भूमि का उचित मुआवजा देने तथा प्रभावित रैयतों एवं ग्रामीणों को उनके कौशल के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की गई।

## बाढ़ के बीच मवेशियों तक पहुंचा चारा डीएम की तत्परता से पीड़ितों को मिली राहत

एजेंसी



**कटिहार** : कटिहार जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों में अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाने की कड़ी में रविवार को जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी के निर्देश पर उफनती गंगा नदी को नाव से पार कर गोबराही दियारा में पशुचारा पहुंचाया गया। कुरसेला प्रखंड अंतर्गत गंगा पार स्थित इस अत्यंत दुर्गम इलाके में बाढ़ पीड़ितों और उनके मवेशियों की समस्याओं को देखते हुए प्रशासन ने त्वरित गति से यह राहत सामग्री रवाना की। विदित हो कि गोबराही दियारा क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों का दर्द जानने और जमीनी हकीकत परखने के लिए बीते दिनों जिलाधिकारी स्वयं खेरिया घाट से गंगा की तेज लहरों के बीच नाव की सवारी कर गोबराही दुर्गा स्थान टोला पहुंचे थे। उन्होंने दुर्गा स्थान टोला और घाट टोला का सघन भ्रमण कर जलमग्न बस्तियों, विस्थापित परिवारों की स्थिति और पशुचारे की उपलब्धता का प्रत्यक्ष जायजा लिया था। इस दौरान उन्होंने प्रभावित ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को हर जरूरी सहायता बिना किसी देरी के उपलब्ध कराने का सख्त निर्देश दिया था।

## विकास कार्यों से गांवों की तस्वीर बदलने को प्रतिबद्ध है ममता देवी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**दुलमी(रामगढ़)** : दुलमी प्रखंड स्थानीय विधायक ममता देवी ने विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। विधायक ने बुधबाजार सीरू स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र परिसर में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। वहीं जरियो में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का शिलान्यास तथा ईचातू में रामघृत महतो के घर से रथू महतो के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक ममता देवी ने कहा कि क्षेत्र के गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों को लगातार धरातल पर उतारा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर आवागमन और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यकतानुसार योजनाओं का चयन कर कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचे, इसके लिए योजनाओं की गुणवत्ता और समय पर पूर्णता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आने वाले दिनों में भी दुलमी प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनहित से जुड़े विकास कार्यों को गति दी जाएगी। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रमुख रेणू देवी, मुखिया परमेश्वर पटेल, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र करमाली, कुँवर महतो, मुखलाल महतो, बाबूराम महतो, महेंद्र ओहदार, लिलेश्वर, छोटन कुमार, राजकुमार, उत्तम कुमार, शिवकुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### अग्निपीड़ित पांच परिवारों के बीच रेड क्रॉस ने बांटी राहत सामग्री

**सुपौल** : इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, सुपौल शाखा की ओर से रविवार को नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 में पिछले दिनों हुए भीषण अग्निकांड से प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया। रेड क्रॉस सोसायटी ने अग्निकांड पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए आगे बढ़ते हुए उन्हें आवश्यक घरेलू एवं उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराई। इस दौरान पांच पीड़ित परिवारों को किचेन सेट, तिरपाल, बाल्टी, मच्छरदानी, साड़ी, साबुन सहित अन्य राहत सामग्री प्रदान की गई। राहत सामग्री मिलने से अग्निकांड प्रभावित परिवारों ने राहत महसूस की। राहत वितरण कार्यक्रम में नगर परिषद के मुख्य पार्षद सह रेड क्रॉस पेट्रोन सदस्य राघवेन्द्र झा, पेट्रोन सदस्य विजय शंकर चौधरी, वाइस चेयरमैन सुब्रत मुखर्जी, सचिव राम कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष अभय तिवारी, प्रबंध समिति सदस्य नीलम कुमारी एवं चंद्रशेखर चौधरी मौजूद थे।

## राजेन्द्र सिंह बने रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**रांची:** दुर्गा पूजा को सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर रांची जिला दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया । जिसके लिए समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा को और बेहतर व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया है। जिसके लिए कमिटी गठित की गई जिसमे **मुख्य संरक्षक:** मुनचुन राय, हीरालाल साहू, अशोक पुरोहित, अशोक चौधरी,विक्की यादव, **मुख्य सलाहकार:** उदय प्रताप सिंह मुन्ना, मनोज पांडेय, **संरक्षक:** आलोक साहू, रमेश गुप्ता, राजेश ठाकुर, पंकज साहू, हेम सिंह, मनोज ठाकुर, उमेश कामदार, लल्लु सिंह, रवि रोहतगी, कुणाल अजमानी, **सह संरक्षक:** विश्वजीत बॉस, शैलेस्वर दयाल सिंह, अजय गुप्ता, **संयोजक** : राहुल अग्रवाल

**अध्यक्ष:** राजेंद्र सिंह

**कार्यकारी अध्यक्ष:** मनोज गुप्ता

**वरिष्ठ उपाध्यक्ष:** रमेश गोप, राहुल शर्मा, **सदस्यता प्रभारी:** राजकुमार महतो, **उपाध्यक्ष:** दीपक गुप्ता, प्रकाश साहू,राजू यादव, मनीष सिंह, राहुल गुप्ता, राकेश शर्मा, कमल गुप्ता, मुनीलाल साहू,संजय सोनी, अमरेन्द्र सिंह, वीरू साहू, विनोद गोप, रवि सिंह, मिनी सिंह, विजय गुप्ता, राजीव चौधरी, आशुतोष वर्मा, मोनू विवेक, शुभम सिन्हा, रवि रोहतगी, मनीष श्रीमाली, श्याम गुप्ता,आदित्य राज,धनंजय सिंह, संजय प्रसाद, अभिषेक चौधरी, कन्हैया लाल भारतीया, अंकित गुप्ता, प्रेम सिंह, मनीष यादव,बैजू सोनी, कौशल चौधरी, संदीप गुप्ता, महामंत्री: कुंदन सिंह, अरविंद साह **मंत्री:** आदर्श सिंह, आशीष रंजन,सोनू सरदार,प्रमोद श्रीवास्तव, किशन गोयल, बिपिन बर्मन,धनंजय कुमार, भोला चौधरी, एकाश कुमार, भोला शर्मा, रितेश द्विवेदी, किसलय सानू(सानू झा), नरेश पंडित, नवनीत कुमार, साहित्य पवन, भोला झा, राहुल सिंह, रिक्की यादव, संजय गुप्ता, धनंजय सिंह, राजेश वर्मा, सत्यम सत्यदर्शी, मनीष राय सेखर प्रसाद, राजकिशोर प्रसाद, साहित्य पवन, संदीप घोष, दीपक गुप्ता, आनंद कुमार, शशांक शर्मा, अमित वर्मा, आकाश वर्मा, अमित वर्मा, विश्वविजय गांगुली, अमित हर्षवीर, नारायण साव, उत्तम यादव, संजीव सिंह, अविनाश कुमार, प्रखर लोहिया, नमन भारतीय,किशन मोदी ।

## दो यूट्यूबरों के खिलाफ मामला दर्ज, सरकारी काम में बाधा डालने, रंगदारी मांगने और भू-माफिया से सांठगांठ का आरोप

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**विष्णुगढ़** : अंचल अधिकारी विष्णुगढ़ नित्यानंद दास ने थाना प्रभारी को पत्र सौंपकर कालकी टाइम्स नाम से सोशल मीडिया चैनल चलाने वाले चैतन्य भारती, संजय पाण्डेय और उनके सहयोगियों के विरुद्ध रंगदारी मांगने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, ब्लैकमेल करने और आपराधिक षड्यंत्र रचने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पत्रांक 705/2026 के माध्यम से दिए गए इस आवेदन के बाद हड़कंप मच गया है।

**आरोपी की आपराधिक पृष्ठभूमि का खुलासा**

**अंचल** अधिकारी ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि बिना निबंधन के दोनों यूट्यूबर फर्जी पत्रकारिता कर रहे हैं। सीओ के अनुसार चैतन्य भारती का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। उनपर विष्णुगढ़ थाने में पोक्सो एक्ट, आईटी एक्ट और आईपीसी की गंभीर धाराओं के तहत कांड संख्या 0136/2023 दर्ज है। इसके अलावा आरोपी के पिता किशोर कुमार मण्डल पर अंचल कार्यालय में गुंडागर्दी करने व एससी/एसटी एक्ट (कांड संख्या 03/2025) में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। इसमें गृह विभाग द्वारा कार्रवाई के निर्देश हैं। वहीं उसके भाई चंदन कुमार भारती पर भी दुष्कर्म व धोखाधड़ी (कांड संख्या 0202/2023) का मामला दर्ज है।

**बिरहोर जनजाति की भूमि विवाद से जुड़ा मामला**

**मामले** की पृष्ठभूमि बताते हुए अंचल अधिकारी ने स्पष्ट किया कि चलंगा मौजा स्थित बिरहोर जनजाति की 3.70 एकड़ बंदोबस्त भूमि को भू-माफिया द्वारा फर्जी हुकूमनामा के आधार पर अवैध रूप से दर्ज कराया गया था। मार्च 2025 में मामला संज्ञान में आने पर अंचल प्रशासन ने संदेहात्मक जमाबंदी रद्द करने का आदेश पारित कर इसे भूमि सुधार उप समाहर्ता को भेज दिया था। इस मामले में अंचल कार्यालय के स्तर पर कोई भी कार्य लंबित नहीं है।

नावाडीह रेलवे फाटक से गोविंदपुर तक सड़क निर्माण की राह हुई आसान

## विधायक ममता देवी के प्रयास से रेलवे ने शुरू की अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**गोला (रामगढ़)** : रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड अंतर्गत नावाडीह रेलवे फाटक से गोविंदपुर तक करीब तीन किलोमीटर सड़क निर्माण की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ा है। रामगढ़ विधायक ममता देवी की पहल और लगातार प्रयासों के बाद दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची मंडल ने प्रस्तावित सड़क के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), रांची कार्यालय द्वारा 2 सितंबर 2026 को जारी पत्र में बताया गया है कि प्रस्तावित सड़क का कुछ हिस्सा रेलवे की भूमि से होकर गुजरता है। ऐसे में सड़क निर्माण से पूर्व रेलवे प्रशासन से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक है। इसी क्रम में रेलवे ने आगे की प्रक्रिया शुरू करते हुए प्रस्तावित स्थल का संयुक्त निरीक्षण कराने का निर्णय लिया है। रेलवे की ओर से संबंधित अधिकारी को नामित किया गया है, जबकि ग्रामीण कार्य विभाग से भी एक अधिकारी अथवा प्रतिनिधि नामित करने का आग्रह किया गया है। दोनों विभागों के प्रतिनिधि संयुक्त रूप से स्थल का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद संयुक्त संभाव्यता सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार कर यह निर्धारित किया जाएगा कि रेलवे के निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं नियमों के अनुरूप सड़क का निर्माण संभव है या नहीं। सर्वेक्षण के आधार पर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह सड़क क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए काफी महत्वपूर्ण और बहुउद्देश्यीय साबित होने वाली है। सड़क का निर्माण होने से आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और उन्हें बाजार, विद्यालय, अस्पताल तथा अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में सहूलियत होगी। इसके साथ ही क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, नावाडीह रेलवे फाटक से गोविंदपुर तक सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से उठती रही है। ग्रामीणों की इस समस्या को विधायक ममता देवी ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों और रेलवे के समक्ष लगातार पहल की। विधायक के प्रयास से अब यह मामला कागजी मांग से आगे बढ़कर विभागीय प्रक्रिया के महत्वपूर्ण चरण तक पहुंच गया है। रेलवे द्वारा संयुक्त स्थल निरीक्षण और संभाव्यता सर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू किए जाने से ग्रामीणों में काफी उत्साह है। लोगों को उम्मीद है कि आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूरी होंगी और सड़क निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा।

## एक झलक

### एशियाई खेलों को लेकर उत्साहित हैं कप्तान श्रेयस अय्यर

**नयी दिल्ली** : भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा है कि वह जापान में 19 सितंबर से होने वाले एशियाई खेलों में टीम की कप्तानी करने को लेकर उत्साह से भरे हुए हैं और बेसब्री से इस अवसर का इंतजार कर रहे हैं। श्रेयस के अनुसार ये उनके लिए एक नया अनुभव होगा क्योंकि एशियाई खेलों का मंच काफी बढ़ा होता है। इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में भारतीय टीम अपने खिताब को बरकरार रखने उतरेगी। अय्यर ने कहा कि एशियाई खेलों में उन्हें देश के शीर्ष एथलीट्स से मिलने और उनके साथ बातचीत करने का भी मौका मिलेगा। भारतीय टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में मिले अनुभवों से भी एशियाई खेलों में लाभ होगा। टीम को इससे अपने को परखने का अवसर मिलेगा। अय्यर ने कहा, यह मेरे लिए और पूरी टीम के लिए निश्चित रूप से उत्साहजनक समय है, क्योंकि यह उनके लिए पहली बार होगा हालांकि टीम में कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं, जो पहले एशियन गेम्स में हिस्सा ले चुके हैं। इसलिए यह हमारे लिए काफी रोमांचक समय है।अय्यर ने इसमें मेजबान देश जापान के खिलाफ होने वाले संभावित मुकाबले को भी ऐतिहासिक बताया, जिसे एक विशेष अनुभव के तौर पर देखा जा रहा है।

### रूट चार मैदानों पर 1000 टेस्ट रन बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी बने

**एजबेस्टन** : इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान जो रूट ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टेस्ट में अपनी 62 रनों की नाबाद पारी से अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने के साथ ही एक बड़ा रिकार्ड भी अपने नाम किया है। वह चार अलग-अलग मैदानों पर 1000 टेस्ट रन पूरे करने वाले विश्व के तीसरे खिलाड़ी बल गये हैं। यहां तक कि ये रिकार्ड महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम भी नहीं है। इसके अलावा एजबेस्टन के मैदान पर ये ये अपलब्धि हासिल करने वाले वह विश्व के पहले खिलाड़ी हैं। एजबेस्टन से पहले, रूट ने लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और द ओवल में अपने 1000 रन पूरे किये थे। लॉर्ड्स में उनके नाम सबसे अधिक 2203 रन दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त, ओल्ड ट्रैफर्ड में 1128 रन और द ओवल में 1050 रन उन्होंने बनाये हैं। इस प्रकार उनके कुल 1018 रन हो गए हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में रूट से दक्षिण अफ्रीका के महान ऑलराउंडर जैक कैलिस और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने ही चार अलग-अलग मैदानों पर 1000 रन बनाये थे।

# भारत ने चीन को 1-0 से हरा कर जीता महिला जूनियर हॉकी एशिया कप




**एजेंसी**

**मोकी** : भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को मेजबान चीन को 1-0 से हराकर एएचएफ जूनियर एशिया कप 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने लगातार तीसरी बार महिला जूनियर एशिया कप का खिताब जीतकर खिताबी हैट्रिक पूरी की। साथ ही भारतीय टीम ने एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। भारत की जीत की नायिका सानिका चंद्रकांत माने रहीं, जिन्होंने मैच के 17वें मिनट में शानदार गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। उनका यह गोल अंत तक निर्णायक साबित हुआ। भारतीय टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हॉकी इंडिया ने भी इनाम की घोषणा की है। टीम की प्रत्येक खिलाड़ी को 3 लाख रुपये, जबकि सपोर्ट स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को 1.5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। फाइनल मुकाबले की शुरूआत बेहद सतर्क अंदाज में हुई। दोनों टीमों पर दबाव साफ नजर आया। चीन की जूनियर महिला हॉकी टीम ने गेंद पर ज्यादा कब्जा रखते हुए भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन भारतीय डिफेंस ने शानदार संयम दिखाया। पहले क्वार्टर में स्कोर 0-0 रहा। दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में ही भारत ने बढ़त हासिल कर ली। 17वें मिनट में सानिका ने शानदार गोल कर भारतीय टीम को बढ़त दिला दी। चीन को बराबरी का सबसे बड़ा मौका मैच के एकमात्र पेनल्टी कॉर्नर पर मिला, लेकिन उसका प्रयास गोल में बदल नहीं सका। हाफ टाइम तक भारत 1-0 से आगे रहा। तीसरे क्वार्टर में चीन ने बराबरी के लिए आक्रामक शुरूआत की और गोल करने का प्रयास किया, लेकिन गोल नहीं कर पाया। अंतिम क्वार्टर पूरी तरह भारतीय डिफेंस के नाम रहा। भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी सर्कल के आसपास बेहद अनुशासित और मजबूत रक्षात्मक खेल दिखाया। चीन ने लगातार बराबरी की कोशिश की, लेकिन भारतीय डिफेंस को भेदने में नाकाम रहा। आखिरी सीटी बजते ही भारत ने 1-0 की शानदार जीत के साथ ट्रॉफी अपने नाम कर ली। भारत ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया। टीम ने एलीट पूल में तीन जीत और एक ड्रॉ के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को 5-1 से हराया और फाइनल में चीन को 1-0 से मात देकर खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया।

## अमडीहा में फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू, इटहे ने जीत से खोला खाता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : बरवाडीह प्रखंड के मंगरा पंचायत अंतर्गत अमडीहा बाजार के खेल मैदान में रविवार को फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज हुआ। नवयुवक संघ की ओर से आयोजित वार्षिक बालक-बालिका फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन विधायक रामचंद्र सिंह ने किया। प्रतियोगिता को लेकर आसपास के गांवों के खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों में खासा उत्साह देखा गया।उद्घाटन के मौके पर विधायक ने मैदान में उतरकर खिलाड़ियों से परिचय लिया और उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि गांवों में होने वाली खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा सामने लाने का मौका देती हैं। खासकर फुटबॉल जैसे लोकप्रिय खेल में ग्रामीण क्षेत्र के कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी बेहतर भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत और अनुशासन के साथ खेलते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामना दी।विधायक ने कहा कि खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं है। इससे युवाओं में टीम भावना, अनुशासन और संघर्ष करने की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से आपसी सौहार्द और खेल भावना के साथ मैदान में उतरने की अपील की।टूनार्मेंट का पहला मैच ब्लैक टाइगर पलामू और लेस्लीगंज इटहे के बीच खेला गया। मुकाबले में दोनों टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। अंततः लेस्लीगंज इटहे की टीम ने एक गोल से मुकाबला अपने नाम कर लिया और प्रतियोगिता में जीत के साथ शुरूआत की।आयोजकों ने बताया कि टूनार्मेंट में पलामू प्रमंडल की दो दर्जन से अधिक बालक-बालिका टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन अवसर पर मुखिया विपिन बिहारी सिंह, यूथ कांग्रेस नेता विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, कांग्रेस नेता अवधेश मेहरा समेत कई लोग मौजूद थे।

**बैडमिंटन एशियन जूनियर चैम्पियनशिप**

## तन्वी पात्री ने जीता अंडर-17 का खिताब




**एजेंसी**

**चेंगदू (चीन)** : भारत की 15 वर्षीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पात्री ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप में लड़कियों के अंडर-17 सिंगल्स का खिताब अपने नाम कर लिया। ऑल-इंडियन फाइनल में तन्वी ने हमवतन शायना मणिमुथु को 11-15, 15-10, 15-12 से मात दी। ओडिशा की तन्वी के लिए यह जीत 2026 के शानदार सीजन में एक और बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इससे पहले पॉलीट्रॉन पोंटियानक इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन टूनार्मेंट के महिला एकल का खिताब जीता था। साल की शुरूआत में युवा खिलाड़ी ने बेंगलुरु में आयोजित ऑल इंडिया जूनियर अंडर-19 बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट में भी खिताब अपने नाम किया था। अब उन्होंने 2024 में जीते अंडर-15 एशियन खिताब के बाद अंडर-17 का खिताब अपनी झोली में डाल लिया है। तन्वी ने क्वार्टर फाइनल में चीन की लिन हेंग मेन को लगातार दो गेम में 15-8, 15-8 से मात दी। सेमीफाइनल में कड़ी चुनौती मिली, लेकिन निर्णायक गेम में संयम बनाए रखते हुए उन्होंने चीन की यू यिंग गुई को 15-9, 11-15, 15-11 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। दूसरी ओर, शायना मणिमुथु ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया था। शायना ने क्वार्टर फाइनल में जापान की युई इताबाशी को हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में उन्होंने एक अन्य जापानी शटलर एनोन ओकिमोटो को 15-13, 15-12 से मात दी थी। वर्ष 2025 में दीक्षा सुधाकर की ऐतिहासिक जीत के बाद पात्री की जीत ने लगातार दूसरे साल अंडर-17 एकल की ट्रॉफी भारत के नाम कर दी। पिछले साल अंडर-15 एशियन खिताब जीतने वाली मणिमुथु ने शानदार प्रदर्शन के साथ रजत पदक जीता।

## कटकमदाग में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल, नवादा बनी पुरुष वर्ग की विजेता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कटकमदाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव-2026 के तहत आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में खेला गया। टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखते हुए उन्हें खेल और शारीरिक गतिविधियों से जोड़ना है। आयोजन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर भी मिला। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में नवादा की टीम ने फतहा की टीम को 2-0 से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में जमुआरी की टीम विजेता बनी। दोनों वर्गों के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। फाइनल मुकाबले का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने किया। वहीं समापन समारोह में प्रसिद्ध समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह एवं भाजपा के कार्यकताओं ने विजेता टीमों और खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। फाइनल मुकाबला समाप्त होने के बाद मैदान में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। खिलाड़ियों के साथ बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण भी जीत की खुशी में शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और नाच-गाने के साथ ग्रामीणों ने खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाई।

### सीएसके के नये हेड कोच पर जल्द फैसला, हेमांग बदानी सबसे मजबूत दावेदार

**नयी दिल्ली** : चेन्नई सुपर किंग्स के नए हेड कोच को लेकर चल रहा सस्पेंस अब जल्द खत्म हो सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अगले एक से दो सप्ताह में फ्रेंचाइजी नए कोच के नाम की आधिकारिक घोषणा कर सकती है। पांच बार की आईपीएल चैंपियन टीम ने लंबे समय तक कोच रहे स्टीफन फ्लेमिंग से अलग होने के बाद नए नेतृत्व की तलाश शुरू कर दी है। इस दौड़ में पूर्व भारतीय बल्लेबाज हेमांग बदानी का नाम सबसे मजबूत दावेदार के तौर पर सामने आया है। चेन्नई सुपर किंग्स ने लगातार तीन सत्र प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रहने के बाद अपने कोचिंग ढांचे में बदलाव का फैसला किया। स्टीफन फ्लेमिंग के साथ लंबे समय से चला आ रहा सफल दौर समाप्त होने के बाद टीम अब नए नजरिए के साथ आगे बढ़ना चाहती है। टीम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कासी विश्वनाथन ने भी संकेत दिया था कि नए हेड कोच की तलाश की जिम्मेदारी महेंद्र सिंह धोनी को सौंपी गई है।

## कराटे प्रतियोगिता के लिए पसीना बहा रहे खिलाड़ी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : कराटे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद के साथ बरवाडीह के खिलाड़ी इन दिनों जमकर अभ्यास कर रहे हैं। रेलवे स्पोर्ट्स क्लब में रोजाना खिलाड़ियों का प्रशिक्षण चल रहा है। अभ्यास के दौरान खिलाड़ी कराटे की तकनीकों को निखारने के साथ अपनी फिटनेस पर भी ध्यान दे रहे हैं।प्रशिक्षण में विभिन्न स्कूल समेत आसपास के इलाकों के खिलाड़ी शामिल हैं। मुख्य प्रशिक्षक सेंसई मदन लाल की देखरेख में खिलाड़ियों को कराटे के विभिन्न दांव-पेंच, आत्मरक्षा के तरीके और मुकाबले के दौरान प्रतिद्वंद्वी पर बढ़त बनाने की तकनीक बताई जा रही है। प्रशिक्षण में खिलाड़ियों की गति, फुर्ती और एकाग्रता पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।प्रतियोगिता नजदीक आने के साथ खिलाड़ियों का उत्साह भी बढ़ा है। वे अभ्यास के दौरान पूरी मेहनत कर रहे हैं और अपनी कमजोरियों को दूर करने की कोशिश में जुटे हैं। प्रशिक्षक का कहना है कि जिला प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का महत्वपूर्ण अवसर है।लातेहार जिला कराटे संघ के सचिव जंग बहादुर सिंह के अलावा चंदन कुमार, रमेश कुमार और रंजन सिंह खिलाड़ियों की तैयारी में सहयोग कर रहे हैं। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि जिला प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रांची के खेलगांव में स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित की जाएगी। इसे लेकर खिलाड़ी अभी से लक्ष्य तय कर अभ्यास में जुटे हैं।

## दिल्ली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने जीते 09 गोल्ड




**9वीं कोडरमा जिला एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2026**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**तिलैया डैम (कोडरमा)**: दिल्ली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, तिलैया डैम के खिलाड़ियों ने 9वीं कोडरमा जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप -2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम जिलेभर में रोशन किया है। अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल भावना के दम पर विद्यालय के एथलीटों ने कुल 9 स्वर्ण पदक (Gold Medals) अपने नाम किए। इस शानदार प्रदर्शन के साथ दिल्ली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान (Runner-up) हासिल किया।

**कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन का परिणाम**

**विद्यालय** प्रबंधन के अनुसार, यह ऐतिहासिक सफलता विद्यार्थियों के दृढ़ संकल्प और खेल प्रशिक्षकों व शिक्षकों के निरंतर समर्पित प्रयासों का फल है। खेल के मैदान पर लहराता विद्यालय का परचम इस बात का प्रमाण है कि संस्थान शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में भी बच्चों को निखारने का काम कर रहा है।

**विजेताओं को बधाई व उज्ज्वल भविष्य की कामना**

**विद्यालय** परिवार की ओर से सभी विजेता एथलीटों, उनके अभिभावकों और कोचों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह जीत एक शुरूआत है ।



हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स में महिलाओं की 800 मीटर रेस जीतने के बाद उत्साहित होती हुई स्विटजरलैंड की एयूड्रे वेरो।

**पाकिस्तान टीम की टेस्ट कोचिंग पर माइक हेसन बोले...**

## मौका मिला, तो जिम्मेदारी सम्भालने को तैयार



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : सफेद गेंद के कोच माइक हेसन ने पाकिस्तान टेस्ट टीम की पूर्णकालिक कोचिंग की जिम्मेदारी मिलने की स्थिति में काम करने की इच्छा जताई है। हालांकि, हेसन ने स्पष्ट किया कि फिलहाल उनका पूरा ध्यान पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम पर है। हेसन को इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए तीसरे टेस्ट के लिए पाकिस्तान की टेस्ट टीम के साथ जोड़ा गया था। सीरीज के तीसरे टेस्ट से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बड़ा बदलाव करते हुए सरफराज अहमद को कोचिंग जिम्मेदारी से हटा दिया और सात खिलाड़ियों को भी घर भेज दिया। इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में पाकिस्तान का 0-3 से सफाया हो गया। क्रिकबज के अनुसार एजबेस्टन टेस्ट के बाद पत्रकारों से बातचीत में हेसन ने कहा कि उन्होंने अभी तक पाकिस्तान की टेस्ट टीम के पूर्णकालिक कोच बनने के बारे में गंभीरता से विचार नहीं किया है, लेकिन अगर ऐसा अवसर मिलता है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी।

**यूएस ओपन 2026**

## शेल्टन की फाइनल में ज्वेरेव से होगी खिताबी जंग



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : बेन शेल्टन अब यूएस ओपन 2026 का खिताब जीतकर इतिहास रचने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। अमेरिकी टेनिस स्टार शेल्टन का फाइनल में सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। अगर शेल्टन यह मुकाबला जीतते हैं, तो वह 23 साल बाद यूएस ओपन पुरुष एकल का खिताब जीतने वाले पहले अमेरिकी खिलाड़ी बन जाएंगे। फाइनल मुकाबले आज देर रात 11:30 बजे से खेला जाएगा। शेल्टन ने सेमीफाइनल में हमवतन फ्रांसेस टियाफो को हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब पहली ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी उनके बेहद करीब है और शेल्टन इस मौके को लेकर पूरी तरह उत्साहित हैं। जियोस्टार की ओर से साझा किए गए एक इंटरव्यू में शेल्टन ने फाइनल को लेकर कहा कि मैं पूरी तरह तैयार हूं। मैं कोर्ट पर अपना सब कुछ झोंक दूंगा। जीतूं या हारूं, मुझे अपने प्रदर्शन और अब तक किए गए सफर पर गर्व रहेगा। लेकिन यही मेरा सपना है। मैं इसी के लिए खेल रहा हूं। सपना अब मेरे सामने है और मैं निश्चित रूप से अपनी कोशिश में कोई कमी नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने आगे कहा कि वह तत्काल सफलता के बजाय खुद को लगातार बेहतर बनाने पर विश्वास करते हैं और एक बेहतर टेनिस खिलाड़ी बनने के लिए अभी उन्हें काफी आगे जाना है। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि अब लक्ष्य सिर्फ एक मैच दूर है और वह फाइनल में अपना सब कुछ देने के लिए तैयार हैं। अमेरिकी टेनिस के लिए ऐतिहासिक मौका शेल्टन की फाइनल तक पहुंचने की उपलब्धि पहले ही अमेरिकी टेनिस के लिए खास बन चुकी है। 2003 में एंडी रॉडिक के यूएस ओपन जीतने के बाद से कोई भी अमेरिकी पुरुष खिलाड़ी इस ग्रैंड स्लैम का पुरुष एकल खिताब नहीं जीत सका है। इसके अलावा शेल्टन यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले आर्थर ऐश के बाद पहले अश्वेत अमेरिकी पुरुष खिलाड़ी भी बन गए हैं। अपनी उपलब्धि के महत्व पर बात करते हुए शेल्टन ने अपने परिवार और उन सभी लोगों को श्रेय दिया, जिन्होंने उनके करियर में उनका साथ दिया। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए सब कुछ है। बहुत से लोगों ने मेरे लिए बहुत कुछ त्याग किया है, ताकि मैं आज इस स्थिति में पहुंच सकूं। जब मैं इस बारे में सोचता हूं तो मेरे मन में हमेशा उन लोगों के लिए आभार रहता है, जिन्होंने मेरा साथ दिया और मेरे पीछे खड़े रहे। शेल्टन ने कहा कि इतिहास का हिस्सा बनना शानदार है, लेकिन उनका काम अभी पूरा नहीं हुआ है।

**दिसम्बर में लातेहार में जुटेंगे झारखंड के सब-जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ी**

## 24वीं झारखंड राज्य सब-जूनियर वॉलीबॉल चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा लातेहार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले में वॉलीबॉल को बढ़ावा देने की दिशा में जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन ने महत्वपूर्ण पहल की है। रविवार को इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम में एसोसिएशन की वार्षिक आम बैठक कार्यकारी अध्यक्ष पंकज तिवारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी खेल गतिविधियों के साथ जिले में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर कई निर्णय लिए गए।बैठक में तय किया गया कि 24वीं झारखंड राज्य सब-जूनियर बालक-बालिका वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2026-27 का आयोजन लातेहार में किया जाएगा। प्रतियोगिता 16 से 20 दिसंबर 2026 तक प्रस्तावित है। इसमें राज्य के विभिन्न जिलों से बालक और बालिका वर्ग की टीमें हिस्सा लेंगी।राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी को लेकर बैठक में आयोजन स्थल, खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन, खेल मैदान सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन से सहयोग लेने और इसके बाद आयोजन समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का मानना है कि इस प्रतियोगिता से जिले के युवा खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिलेगा और उन्हें राज्य के अन्य जिलों के प्रतिभावान खिलाड़ियों के साथ खेलने का अनुभव हासिल होगा।बैठक में अप्रैल 2025 में हुई विशेष आमसभा की कार्यवाही को मंजूरी दी गई। इसके अलावा एसोसिएशन के सचिव प्रवीण मिश्रा ने वर्ष 2025-26 का सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतिवेदन में बताया गया कि इस दौरान लातेहार की टीमों ने सीनियर, यूथ, जूनियर और सब-जूनियर वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

## एक झलक

### शेयर बाजार में गणेश चतुर्थी की छुट्टी, एमसीएक्स पर दूसरे सत्र में होगा कारोबार

**नयी दिल्ली** : गणेश चतुर्थी के मौके पर घरेलू शेयर बाजार में कल छुट्टी रहेगी। इस कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में कल कोई कारोबार नहीं होगा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की तरह ही मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में भी गणेश चतुर्थी की छुट्टी होने की वजह से दिन के पहले सत्र में यानी सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक कारोबार नहीं होगा। हालांकि, एमसीएक्स में शाम पांच बजे से रात 11:30 तथा 11:55 बजे तक दूसरे सत्र में सामान्य कारोबार होगा। स्टॉक एक्सचेंज के अनुसार गणेश चतुर्थी की छुट्टी होने के कारण बीएसई में कल इक्विटी सेगमेंट, इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट, करेंसी डेरिवेटिव्स सेगमेंट्स, न्यू डेट सेगमेंट- रिपोर्टिंग, सेटलमेंट एंड ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म (एनडीएस-आरएसटी), ट्राई पार्टी रेपो सभी के लिए ट्रेडिंग हॉलिडे रहेगा। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीप्ट्स (ईजीआर), कमोडिटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में दिन के सत्र में कारोबार नहीं होगा, लेकिन इनके लिए शाम के सत्र में शाम पांच बजे से रात 11:30 तथा 11:55 बजे तक सामान्य कारोबार होगा।

### एनएसई और हीरो मोटर्स समेत 11 नये आईपीओ की लॉन्चिंग

**नयी दिल्ली** : मंगलवार यानी 15 सितंबर से शुरू हो रहा कारोबारी सप्ताह आईपीओ के लिहाज से ब्लॉकबस्टर रहने वाला है। नए हफ्ते में एनएसई और हीरो मोटर्स के आईपीओ समेत 11 नए पब्लिक इश्यू खुलने जा रहे हैं। इनमें से 5 मेनबोर्ड सेगमेंट से हैं। जबकि शेष छह कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं। इसके अलावा नए सप्ताह में पहले से खुले 8 आईपीओ में भी पैसे लगाने का मौका रहेगा। नए शुरू हो रहे सप्ताह में 19 कंपनियों के शेयर अपनी शुरूआत करने वाले हैं। इनमें से 11 कंपनियां मेनबोर्ड सेगमेंट की हैं। जबकि शेष 8 कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं।

सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 15 सितंबर को वामा वुवेनफैब का 49.54 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 17 सितंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 324 रुपये प्रति शेयर से लेकर 341 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 400 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 22 सितंबर को बीएसई एसएमई पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। ग्रे मार्केट में इसका प्रीमियम 28 रुपये पर चल रहा है। इसी दिन यानी 15 सितंबर को ही एसएमई सेगमेंट का दूसरा आईपीओ क्वांतो एग्रोवर्ल्ड भी खुलेगा, जिसका कुल साइज 31.02 करोड़ रुपये है। इसमें 17 सितंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। इस इश्यू का प्राइस बैंड 67 रुपये प्रति शेयर (फिक्स्ड प्राइस) और लॉट साइज 2,000 शेयरों का तय किया गया है। इसकी लिस्टिंग 22 सितंबर को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर संभावित है। इसका वर्तमान ग्रे मार्केट प्रीमियम 8 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। 15 सितंबर को ही खुलने वाला तीसरा इश्यू शक्ति पॉलीटार्प का है, जो करीब 26.93 करोड़ रुपये जुटाने बाजार में आ रहा है। 17 सितंबर तक खुली रहने वाली इस विंडो के लिए 56 रुपये प्रति शेयर से लेकर 59 प्रति शेयर का प्राइस बैंड और 2,000 शेयरों का लॉट साइज तय किया गया है।

# लगातार दूसरे सप्ताह सेलर बने रहे विदेशी निवेशक, इक्विटी मार्केट से हुई 13,138 करोड़ की निकासी

**नयी दिल्ली** : जुलाई और अगस्त में लगातार लिवाल (बायर) की भूमिका में बने रहने के बाद अब सितंबर के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) बिकवाल (सेलर) की भूमिका में नजर आ रहे हैं। सितंबर के पहले दो कारोबारी सप्ताह में ही भारतीय शेयर बाजार से 13,138 करोड़ रुपये की निकासी कर ली गई है। माना जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर लगातार बढ़ रही अनिश्चितता, कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और डॉलर के मजबूत होने से विदेशी निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित हुई है। यही वजह है कि विदेशी निवेशक दुनिया भर के ज्यादातर स्टॉक मार्केट में बिकवाली कर अपने पैसे की निकासी कर रहे हैं।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) 2026 में ज्यादातर समय तक बिकवाल (सेलर) की भूमिका में बने रहे हैं। फरवरी, जुलाई और अगस्त के अलावा 2026 के शेष सभी महीनों में विदेशी निवेशक लगातार बिकवाली करके घरेलू शेयर बाजार से अपना पैसा निकालते रहे हैं। खासकर, मार्च के महीने में विदेशी निवेशकों ने जोरदार बिकवाली की। इसके बाद जुलाई के पहले के लगातार तीन महीने यानी जून, मई और अप्रैल में भी एफपीआई घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली कर अपना पैसा निकालने में लगे हुए थे। हालांकि, जुलाई के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बिकवाली की तुलना में लिवाली अधिक की। इस महीने के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 20,199 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। इसी तरह अगस्त के महीने में भी विदेशी निवेशकों की लिवाली का आंकड़ा बिकवाली के आंकड़े से अधिक का रहा। इस महीने के दौरान एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 30,919 करोड़ रुपये का निवेश किया। साल 2026 में जुलाई और अगस्त में हुई खरीदारी के पहले सिर्फ फरवरी में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक खरीदार की भूमिका में नजर आए थे। फरवरी में एफपीआई ने कुल 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया था। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार जुलाई के पहले जून के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 49,340 करोड़ रुपये की निकासी की थी। अगर साल 2026 की शुरूआत से ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लिवाली और बिकवाली के आंकड़े की बात करें, तो जनवरी के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में 35,962 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी। फरवरी में एफपीआई ने बिकवाली की जगह लिवाली पर जोर दिया। इस महीने इन्होंने भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया। मार्च में एक बार फिर स्थिति बदल गई। इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने स्टॉक मार्केट में लगातार चौतरफा बिकवाली कर रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की निकासी की। अप्रैल में भी एफपीआई की ओर से हो रही बिकवाली का सिलसिला जारी रहा। इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 60,847 करोड़ रुपये के शेयर बेच डाले। इसके बाद मई के महीने में भी एफपीआई ने स्टॉक मार्केट में 32,963 करोड़ रुपये के शेयर बेच दिए। जून में भी एफपीआई ने घरेलू शेयर बाजार से 49,340 करोड़ रुपये की निकासी की। इसके बाद जुलाई में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 20,199 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया, जबकि अगस्त में एफपीआई ने घरेलू शेयर बाजार में 30,919 करोड़ रुपये डाले। इन आंकड़ों से साफ है कि 2026 में जनवरी से लेकर सितंबर के दूसरे सप्ताह तक के कारोबार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक ज्यादातर समय बिकवाल की भूमिका में ही बने रहे हैं। फरवरी, जुलाई और अगस्त में एफपीआई द्वारा की गई खरीदारी के बावजूद जनवरी से लेकर अभी तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक लिवाली और बिकवाली मिलाकर घरेलू शेयर बाजार से 2,35,517 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी कर चुके हैं। इसके पहले साल 2025 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने लिवाली और बिकवाली के आंकड़ों को मिला कर भारतीय शेयर बाजार से कुल 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी की थी।




## रोमी चौक पर Elesko टू-व्हीलर्स का भव्य आगाज, इलेक्ट्रिक स्कूटी के आधुनिक फीचर्स ने जीता लोगों का दिल

**कटकमसांडी (हजारीबाग)** : शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग के बीच हजारीबागवासियों को एक नया और आधुनिक विकल्प मिल गया है। रोमी चौक स्थित एमएच मोटर्स के Elesko टू-व्हीलर्स शोरूम का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन के मौके पर बड़ी संख्या में लोग, वाहन प्रेमी एवं स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। शोरूम के शुभारंभ को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। Elesko की आधुनिक इलेक्ट्रिक स्कूटी के विभिन्न मॉडलों ने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। आकर्षक डिजाइन, बेहतर बैटरी बैकअप, आसान संचालन और सुविधाजनक राइडिंग जैसे फीचर्स को लेकर लोगों में काफी उत्सुकता दिखाई दी। कंपनी की ओर से बेहतर रेंज और



आरामदायक सफर पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे रोजमर्रा के आवागमन के लिए इलेक्ट्रिक स्कूटी एक उपयोगी विकल्प बन सके। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के दौर में इलेक्ट्रिक स्कूटी को कम खर्च और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन का बेहतर विकल्प माना जा रहा है। कम रखरखाव, आसान संचालन और इलेक्ट्रिक तकनीक के कारण दोपहिया वाहन बाजार में इलेक्ट्रिक स्कूटी की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में हजारीबाग में Elesko का नया शोरूम खुलना शहरवासियों के लिए एक नई सुविधा के रूप में देखा जा रहा है। शोरूम के शुभारंभ के अवसर पर ग्राहकों को उपहार स्वरूप हेलमेट भी दिया जा रहा है। एमएच मोटर्स के संचालक मो. हसनैन ने कहा कि हेलमेट वितरण का उद्देश्य ग्राहकों को वाहन उपलब्ध कराने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित यात्रा हर वाहन चालक की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। शोरूम की प्रोपराइटर मो. हसनैन एवं उनकी पत्नी मुस्कान ने आगंतुकों का स्वागत किया और Elasko इलेक्ट्रिक स्कूटी के फीचर्स की जानकारी दी। मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस की सचिव मनीषा टोप्पो, रजी अहमद, परवेज आलम, अनवारुल हक (मुखिया, खुटरा), अशफाक आलम, इरशाद एवं असरफ सहित कई लोग मौजूद रहे।

## इंडियन बैंक जीवन बीमा एसेट मैनेजमेंट में उतरेगा

**चेन्नई** : सार्वजनिक क्षेत्र का इंडियन बैंक जीवन बीमा और संपत्ति प्रबंधन (म्यूचुअल फंड) कारोबार में उतरने की अपनी योजना को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। बैंक के एक प्रमुख अधिकारी ने बताया कि इन क्षेत्रों में प्रस्तावित अनुषंगी कंपनियों या संयुक्त उद्यमों के लिए जल्द ही निदेशक मंडल से मंजूरी ली जाएगी। अधिकारी ने पुष्टि की कि यह योजना पूरी तरह पटरी पर है। बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद, बैंक आवश्यक नियामकीय और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को शुरू करेगा। कुमार ने इस पूरी कवायद में सही साझेदार की पहचान को सबसे महत्वपूर्ण बताया, जिससे तेजी से कारोबार का विस्तार और संपत्ति सृजन हो सके। उन्होंने अनुमान जताया कि इस पूरी प्रक्रिया में लगभग एक साल का समय लग सकता है।

## ब्रिक्स नयी दिल्ली घोषणा पत्र भारतीय व्यापारियों और एमएसएमई के लिए वैश्विक अवसरों के नये द्वार खोलेगी : खंडेलवाल

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अध्यक्षता में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 में घोषित नई दिल्ली घोषणा पत्र भारत के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो भारतीय व्यापारियों, एमएसएमई, स्टार्टअप्स, निर्यातकों के लिए व्यापार, निवेश और व्यवसाय के नए अवसर सृजित करेगी। चांदनी चौक सांसद एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान सर्वसम्मति से जारी नई दिल्ली घोषणा पत्र पर यह बात कही। खंडेलवाल ने कहा कि यह घोषणा पत्र वैश्विक स्तर पर भारत के बढ़ते




प्रभाव और प्रधानमंत्री मोदी के उस सफल नेतृत्व का प्रमाण है, जिसके कारण भारत आज विश्व मंच पर एक सशक्त और विश्वसनीय आवाज बनकर उभरा है। कैट महामंत्री ने कहा कि व्यापार सुगमता, स्थानीय मुद्राओं में लेन-देन, डिजिटल भुगतान, तकनीकी सहयोग, मजबूत आपूर्ति श्रृंखला तथा आर्थिक साझेदारियों पर दिया गया जोर भारतीय व्यवसायों को ब्रिक्स सदस्य देशों के बाजारों में विस्तार का एक नया अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने निष्पक्ष एवं नियम-आधारित वैश्विक व्यापार व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता तथा संरक्षणवादी नीतियों के विरोध का स्वागत करते हुए कहा कि इससे भारत जैसे विकासशील देशों को लाभ मिलेगा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार को नई मजबूती मिलेगी। खंडेलवाल ने कहा कि यह घोषणा पत्र आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल के विजन के अनुरूप है तथा भारतीय निमार्ताओं, व्यापारियों और उद्यमियों को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जुड़ने के अधिक अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), नवाचार और फिनटेक पर विशेष जोर का स्वागत करते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में भारत तेजी से वैश्विक नेतृत्व की भूमिका भी निभा रहा है। साथ ही, आतंकवाद के विरुद्ध अपनाये गये सख्त रुख को भी उन्होंने भारत की लंबे समय से चली आ रही नीति को अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिलने का प्रमाण बताया। नई दिल्ली घोषणा पत्र की भावना के अनुरूप खंडेलवाल ने ब्रिक्स ट्रेड कनेक्ट मिशन शुरू करने का सुझाव दिया। जिससे इसके माध्यम से भारतीय व्यापारियों और एमएसएमई को बाजार संबंधी जानकारी, खरीदार-विक्रेता बैठकें, निर्यात सहायता और व्यावसायिक नेटवर्किंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# एनएसई आईपीओ से निवेशकों को मिलेगा निवेश का नया मौका

**मुंबई** : शेयर बाजार में निवेश करने वालों के लिए किसी बड़ी और जानी-पहचानी कंपनी में निवेश का मौका हमेशा खास होता है। अब नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया यानि एनएसई का आईपीओ निवेशकों के लिए ऐसा ही एक मौका लेकर आया है। एनएसई ने अपने आईपीओ के लिए 1,700 रुपए से 1,785 रुपए प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। यह आईपीओ 17 सितंबर से 21 सितंबर, 2026 तक खुला रहेगा, जबकि एंकर इन्वेस्टर्स के लिए बोली 16 सितंबर को लगेगी। निवेशक कम से कम 8 शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे और इसके




बाद 8 के मल्टीपल में शेयर ले सकेंगे। एनएसई ने 1994 में काम शुरू किया था और यह भारत में इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग शुरू करने वाला पहला एक्सचेंज था। आज यहां ट्रेडिंग के साथ क्लियरिंग, सेटलमेंट, इंडेक्स और मार्केट डेटा जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं। 2025 में ट्रेडिंग वॉल्यूम के आधार पर एनएसई दुनिया का सबसे बड़ा डेरिवेटिव्स एक्सचेंज रहा। 30 जून 2026 तक एनएसई से 13.23 करोड़ यूनिक इनवेस्टर्स जुड़े थे और 3,005 कंपनियाँ लिस्टेड थीं। जून 2026 तिमाही में एनएसई का रेवेन्यू 4,560 करोड़ रुपए और नेट प्रॉफिट 3,121 करोड़ रुपए रहा। इसके शेयर बीएसई पर लिस्ट कराने का प्रस्ताव है। एनएसई का आईपीओ निवेशकों को देश के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज के कारोबार में निवेश का मौका देगा। अब 17 सितंबर से शुरू होने वाले इस इश्यू पर निवेशकों की नजर रहेगी।

## क्रोमा लाया आईफोन 18 प्रो पर खास ऑफर, 12 हजार तक एक्सचेंज लाभ



**जमशेदपुर** : टाटा ग्रुप की कंपनी और देश के प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर क्रोमा ने आईफोन 18 प्रो और आईफोन 18 प्रो मैक्स की प्री-बुकिंग शुरू कर दी है। ग्राहक क्रोमा स्टोर, क्रोमा डॉट कॉम, टाटा नेउ ऐप और बिगबास्केट के जरिए फोन बुक कर सकते हैं। स्टोर पर 5,000 रुपये देकर, जबकि ऑनलाइन पूरी राशि का भुगतान कर प्री-बुकिंग की जा सकेगी। ग्राहकों को 12 हजार रुपये तक का एक्सचेंज बोनस भी मिलेगा। नई प्रो सीरीज में ए20 प्रो चिप, एप्पल का सी2 वायरलेस मॉडेम और फिजिकल वेरिएबल अपर्चर वाला 48 मेगापिक्सल फ्यूजन मेन कैमरा दिया गया है। प्री-बुकिंग 200 से अधिक शहरों में क्रोमा के 560 से ज्यादा स्टोर पर उपलब्ध है। इस बीच क्रोमा ने आईफोन 17 प्रो और 17 प्रो मैक्स पर भी विशेष कीमतों की घोषणा की है। आईफोन 17 प्रो 256 जीबी 69,990 रुपये और 512 जीबी 88,490 रुपये में उपलब्ध है। वहीं, आईफोन 17 प्रो मैक्स 256 जीबी 74,990 रुपये और 512 जीबी 94,990 रुपये में मिलेगा।

# सर्राफा बाजार में मामूली तेजी का रुख, भाव में उछाल से सोना-चांदी की बढ़ी चमक

**नयी दिल्ली** : घरेलू सर्राफा बाजार में रविवार की छुट्टी के दिन सर्राफा बाजार में मामूली तेजी का रुख बना रहा। भाव में उछाल आने के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजार में सोना आज 160 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 170 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। इसी तरह चांदी के भाव में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली मजबूती दर्ज की गई। कीमत में हुए इस बदलाव के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,54,580 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,54,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार करता रहा। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,41,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में मामूली तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम



के स्तर पर बिकती रही। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार कमजोरी का रुख बनने के कारण सोना और चांदी दोनों धातुओं के भाव में गिरावट आई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोना 220 रुपये प्रति 10 ग्राम तक फिसल गया। इसी तरह 22 कैरेट सोना साप्ताहिक आधार पर 200 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। चांदी भी कमजोर ग्लोबल संकेतों की वजह से पिछले सप्ताह के कारोबार में सस्ता हो गया। कीमत में आई कमजोरी के कारण चांदी का भाव साप्ताहिक आधार पर पांच हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक लुढ़क गया। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,54,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार करता रहा, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,54,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिकता रहा। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,54,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,54,580 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिकता रहा। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,54,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार करता रहा। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,54,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर था, जबकि 22 कैरेट सोना 1,41,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा था। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,54,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,54,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर थी, जबकि 22 कैरेट सोना 1,41,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा था। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,54,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,41,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिकता रहा।

## पेज एक के शेष

**ब्रिक्स में ग्लोबल साउथ का विश्वास बढ़ा, तकनीकी विकास समावेशी हो...**

में ब्रिक्स के सभी प्रयास लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सततता के पर केन्द्रित रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'आज विश्व में तनावों की संख्या लगातार बढ़ रही है और सामान्य जनजीवन पर व्यापक रूप से बहुत नकारात्मक असर हो रहा है। महामारियां, क्लाइमेट डिजास्टर्स और सप्लाई चेन डिस्ट्रप्शन ने दिखाया है कि आज के इंटर-कनेक्टेड वर्ल्ड में कोई भी संकट एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता। इसलिए हमने ब्रिक्स समिट में रिजिलियंस बढ़ाने पर विशेष बल दिया है।'

प्रधानमंत्री ने बताया कि ब्रिक्स में संक्रामक रोगों की रोकथाम और प्रतिक्रिया के लिए ब्रिक्स इंटीग्रेटेड अर्ली वार्निंग सिस्टम पर सहमति बनी है। आपदा प्रबंधन के लिए प्रारम्भिक चेतावनी डेटा एकीकरण दिशा-निर्देश तैयार किये गये हैं। ब्रिक्स लॉजिस्टिक्स सप्लाई चेन कोऑपरेशन फ्रेमवर्क हमारी सप्लाई चेन को अधिक विश्वसनीय और लचीला बनाने में सहायक होगा।

उन्होंने बताया कि ब्रिक्स इनक्यूबेटर नेटवर्क के तहत हमारे स्टार्ट-अप्स और इनक्यूबेटर्स को जोड़ा जायेगा। इनोवेटिव और स्केलेबल समाधानों को बढ़ावा देने के लिए हमने ब्रिक्स स्टार्टअप इनोवेशन फंड का प्रस्ताव रखा है। डिजिटल कृषि पर ब्रिक्स नेटवर्क किसानों के लिए नयी सूची तैयार करेगा। इसके माध्यम से एआई, भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी और डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को किसानों की वास्तविक जरूरतों से जोड़ा जायेगा। हमने ब्रिक्स कनेक्ट के माध्यम से कौशल, रोजगार क्षमता, कार्यबल में महिलाओं, सामाजिक सुरक्षा और क्षमता निर्माण को बढ़ावा दिया है।'

उन्होंने बताया कि छोटे उद्यमों को ज्ञान, वित्त और नये बाजारों से जोड़ने के लिए, ब्रिक्स एमएसएमई सहयोग पोर्टल की पहल की गयी है। हमारे शहरों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए ब्रिक्स अर्बन मोबिलिटी हब की स्थापना की गयी है। स्मार्ट ग्रिड और ऊर्जा भंडारण के लिए हमने ब्रिक्स डिजिटल उत्कृष्टता केन्द्र बनाया है। यह हमारी स्वच्छ ऊर्जा प्रणालियों को अधिक विश्वसनीय, कुशल और सुलभ बनाने में मदद करना चाहता है।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ब्रिक्स में विकसित समाधानों का लाभ ग्लोबल साउथ तक पहुंचना चाहिए। इन समाधानों को स्थानीय जरूरतों के अनुरूप ढालने के साथ सस्ता और आसानी से अपनाने योग्य बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारी प्रगति का लाभ पूरी मानवता को मिलना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता में प्रकृति को मां का दर्जा दिया गया है। विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के विकल्प नहीं, बल्कि पूरक हैं। इसलिए संतुलित विकास का रास्ता अपनाना जरूरी है।

**मोदी की कजाकिस्तान और फिलीपींस के राष्ट्रपतियों से द्विपक्षीय वार्ता...**

बैठक में दोनों देशों के प्राचीन सभ्यतागत सम्बन्धों को याद किया और हाल के वर्षों में भारत-कजाकिस्तान सम्बन्धों में हुई प्रगति पर संतोष जताया। दोनों नेताओं ने राजनीतिक, व्यापार, रक्षा एवं सुरक्षा, संपर्क, ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, उभरती तकनीक, रचनात्मक अर्थव्यवस्था और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की।

दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने आपसी हित और लाभ के लिए भारत-कजाकिस्तान रणनीतिक साझेदारी और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहरायी। साथ ही क्षेत्र में शांति, स्थिरता, विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सहयोग जारी रखने पर जोर दिया।

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर के साथ मुलाकात में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में फिलीपींस की भागीदारी का स्वागत किया। फिलीपींस वर्तमान में आसियान की अध्यक्षता कर रहा है। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति पर संतोष जताया और रणनीतिक साझेदारी के तहत सम्बन्धों को और व्यापक बनाने पर सहमति जतायी।

बैठक में रक्षा एवं सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश, अंतरिक्ष, रेल बुनियादी ढांचा, वित्तीय तकनीक, शिक्षा, पर्यटन, विज्ञान एवं तकनीक, नवाचार और लोगों के बीच संपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन में शामिल होने के फिलीपींस के निर्णय का भी स्वागत किया।

दोनों नेताओं ने अगस्त 2025 में राष्ट्रपति मार्कोस की भारत यात्रा के दौरान स्थापित रणनीतिक साझेदारी के तहत द्विपक्षीय सम्बन्धों को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। उन्होंने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया तथा रणनीतिक साझेदारी के सभी क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहरायी।

**प्रधानमंत्री मोदी की युगांडा की उपराष्ट्रपति जेसिका से द्विपक्षीय वार्ता...**

दोनों देशों के लिए शक्ति का बड़ा स्रोत है। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने एक रूपांतरित और समृद्ध युगांडा के निर्माण के लिए देश के 'विजन 2040' को भारत के निरन्तर समर्थन की प्रतिबद्धता दोहरायी। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने इस बात पर भी बल दिया कि दोनों देशों के बीच मजबूत जन-जन के सम्पर्क (पीपल-टू-पीपल टाइज) इस द्विपक्षीय साझेदारी को निरन्तर मजबूती प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए युगांडा की उपराष्ट्रपति का आभार व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विकासशील देशों की प्राथमिकताओं और चिन्ताओं को मजबूती से रेखांकित करने के लिए द्विपक्षीय समन्वय को और गहरा करने पर सहमति जतायी।

**प्रधानमंत्री ने मिस्र और इंडोनेशिया के नेताओं से बातचीत की...**

उन्होंने कहा कि उनकी गर्मजोशी, सकारात्मकता और आशावादिता हमेशा ही मन को मोह लेती है। भारत और इंडोनेशिया विभिन्न क्षेत्रों में अपनी साझेदारी को और मजबूत करते रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि भारत की मेजबानी में ब्रिक्स देशों की शिखर वार्ता नयी दिल्ली में हो रही है। प्रधानमंत्री वार्ता के इतर सम्मेलन में भाग लेने आए देशों के नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं।

इसी क्रम में विदेश मंत्री भी अपने समकक्षों से मुलाकात कर रहे हैं। उन्होंने आज सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद से मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर कहा कि क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों के साथ-साथ द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के विषयों पर विचार-विमर्श किया।

**केन्द्र सरकार ने 142 नये वृद्धाश्रम किये मंजूर...**

को सुरक्षित और सम्मानजनक आश्रय मिलेगा, जिन्हें पारिवारिक या सामाजिक स्तर पर देखरेख की आवश्यकता है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सचिव सुधांश पंत ने रविवार को बताया कि बुजुर्गों की गतिशीलता और आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए देशभर में 228 विशेष शिविर आयोजित किये गये। इन शिविरों के जरिये 4.91 लाख से अधिक लाभार्थियों को कवर किया गया और लगभग 23.93 लाख निःशुल्क सहायक जीवन उपकरण वितरित किये गये।

पंत के अनुसार, गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) और अल्प आय वर्ग के पात्र वरिष्ठ नागरिकों को व्हीलचेयर, कान की मशीन (हियरिंग एड्स), छड़ी (वॉकिंग स्टिक) और चश्मा प्रदान किये गये हैं। इन उपकरणों के मिलने से बुजुर्गों को रोजमर्रा की आवाजाही और संवाद में बड़ी राहत मिली है।

उन्होंने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रपति द्वारा 'सीनियर सिटीजंस वेलफेयर पोर्टल' शुरू किया गया है। यह पोर्टल वरिष्ठ नागरिकों से जुड़ी सरकारी योजनाओं, अधिकारों और सुविधाओं की सटीक जानकारी देनेवाला साझा मंच बन चुका है। सचिव ने कहा कि मंत्रालय का उद्देश्य सुलभ स्वास्थ्य व संस्थागत देखभाल के जरिये बुजुर्गों को स्वावलम्बी और सुरक्षित परिवेश प्रदान करना है।

**सूखाग्रस्त क्षेत्रों की कृषि के लिए 'दिल्ली घोषणापत्र' जारी...**

यह तीन दिवसीय आयोजन मूल रूप से पानी की कमी और सूखे की मार झेलने वाले कृषि क्षेत्रों के लिए एक ऐसा अंतरराष्ट्रीय मंच था, जहां दुनिया भर के वैज्ञानिकों, नीति निमार्ताओं और संस्थानों ने एक साथ बैठकर कम पानी में बेहतर पैदावार, जलवायु परिवर्तन से निपटने की तकनीक और किसानों की आजीविका सुरक्षित करने के ठोस उपायों पर मंथन किया।

समापन सत्र में कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) के सचिव तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट ने कहा कि सूखाग्रस्त क्षेत्रों की कृषि नीति में भविष्य की जरूरतों का समावेश होना चाहिए। इसके लिए एक मजबूत संस्थागत व्यवस्था की जरूरत है और आईसीएआर के राष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्र एवं नीति अनुसंधान संस्थान को इस क्षेत्र में भविष्य की कृषि सम्बन्धी कार्ययोजना तैयार करने का दायित्व दिया जायेगा। उन्होंने शोध, कृषि व्यवहार और नीतियों को जोड़ने वाली प्रयोगशालाएं विकसित करने पर भी बल दिया।

अंतरराष्ट्रीय अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय फसल अनुसंधान संस्थान (इक्रिसैट) के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने कहा कि सूखाग्रस्त क्षेत्र वैश्विक खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से रणनीतिक रूप से बेहद महत्त्वपूर्ण हैं। उन्होंने सम्मेलन के विचार-विमर्श को जमीन पर उतारने का आह्वान करते हुए कहा कि अवधारणाओं को वास्तविक क्रियान्वयन में बदलने के लिए विशेषज्ञता, वैज्ञानिक ज्ञान और आपसी साझेदारी को एक मंच पर लाना अनिवार्य है। सम्मेलन के दौरान इक्रिसैट ने एवियर लाइफ साइंसेज, राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम), विप्रो लिमिटेड और ओडिशा के अंगुल और रायगड़ा जिला प्रशासन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। कांग्रेस के सह-अध्यक्ष डॉ. डी.के. यादव और डॉ. स्टैनफोर्ड ब्लेड ने तीन दिवसीय सत्र की प्रमुख सिफारिशों को पटल पर रखा। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र के दक्षिण-दक्षिण सहयोग दिवस के अवसर पर विशेष सत्र आयोजित हुआ, जिसमें संयुक्त राष्ट्र महासचिव, खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के महानिदेशक और यूएनओएसएससी की निदेशक दिमा अल-खातिब के संदेश पढ़े गये। सत्र में इथियोपिया, सेनेगल, ब्राजील, चीन और भारत के प्रतिनिधियों ने सफल कृषि मॉडलों के विस्तार पर अपने अनुभव साझा किये। वैश्विक पुरस्कारों की परिवर्तनकारी उत्कृष्टता श्रेणी में लेबनान के आईसीएआरडीए, मेक्सिको के सीआईएमएमवाईटी और ओडिशा सरकार के 'ओडिशा आजीविका मिशन' को सम्मानित किया गया।

**केशलपुर कुम्हारपट्टी में जोरदार आवाज के साथ भू-धंसान, तीन की मौत...**

उत्खनन के कारण जमीन कमजोर हो रही है और आये दिन भू-धंसान की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि कोयला चोरी और अवैध उत्खनन रोकना बीसीसीएल प्रबंधन की जिम्मेदारी है, जबकि इसके लिए तैनात सीआईएसएफ भी प्रभावी कार्रवाई करने में विफल साबित हो रही है।

इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप पांडेय, माधो सिंह, अजय पासवान, राजाराम, रंजीत पांडेय, रोबिन पाल और सुबोध बर्मन समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## एक झलक

### पेट्रोल पर 100 रुपये प्रति लीटर की छूट

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को पेट्रोल की बढ़ती कीमतों से राहत देने के लिए एक विशेष योजना शुरू करने का ऐलान किया है। योजना के तहत मोटरसाइकिल चालकों, रिक्शा चालकों और 800 सीसी तक के वाहनों का इस्तेमाल करने वाले लोगों को पेट्रोल पर 100 रुपये प्रति लीटर की छूट दी जाएगी। मीडिया रिपोर्ट में प्रारंभिक जानकारी के तौर पर बताया जा रहा है कि पाकिस्तान सरकार की ओर से यह योजना खास तौर पर उन लोगों को राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई है, जिनके रोजमर्रा के काम और आमदनी का बड़ा हिस्सा निजी वाहन, मोटरसाइकिल या रिक्शा के इस्तेमाल से जुड़ा है। पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी से प्रभावित लोगों को इस योजना के जरिए सीधे राहत देने का प्रयास किया गया है। वर्तमान समय में पाकिस्तान में पेट्रोल के रेट 400 रुपये प्रति लीटर के करीब हैं, जिससे आम उपभोक्ता खासा परेशान है।

### सऊदी अरब ने हमलों के लिए इराक को जिम्मेदार ठहराया

**बगदाद** : सऊदी अरब की एक प्रमुख तेल पाइपलाइन पर हमले के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को जिम्मेदार ठहराए जाने के बीच इराक ने कहा है कि ये हमले उसके क्षेत्र से किए गए थे। इराक सरकार ने कहा कि पीएम अली अल-जैदी ने ईरान की सीमा से लगे मैसान प्रांत की अभियान कमान की जांच के आदेश दिए और उसके कमांडर को पद से हटा दिया। अधिकारियों ने जांच में पाया कि सऊदी पाइपलाइन पर हमले इसी प्रांत से किए गए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने हमलों के लिए इराक से आए ड्रोन को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि वह जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा, ताकि इराकी सरकार को 'आवश्यक कदम उठाने का अवसर' मिल सके।

### ईरान का फिर मिसाइल उत्पादन शुरू

**तेहरान** : अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमलों से ईरान के सैन्य और मिसाइल ढांचे को भारी नुकसान पहुंचने के बावजूद तेहरान ने अपनी मिसाइल क्षमता को दोबारा मजबूत करने की कोशिश शुरू कर दी है। रिपोर्टों के मुताबिक ईरान ने भूमिगत ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलों का उत्पादन फिर से शुरू कर दिया है। इसके लिए पुराने भंडार में मौजूद पुर्जों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अमेरिकी और पश्चिम एशियाई अधिकारियों के आकलन के मुताबिक उत्पादन अभी संघर्ष से पहले के स्तर तक नहीं पहुंचा है।

### इंडोनेशिया का वर्गो ट्रांसपोर्ट-8 जहाज लापता

**जकार्ता** : इंडोनेशिया के जावा सागर में रविवार को वर्गो ट्रांसपोर्ट-8 नाम का जहाज लापता हो गया। 243 लोगों को लेकर यह जहाज शनिवार सुबह सुराबाया से रवाना हुआ था, लेकिन अचानक इसका संपर्क टूट गया। इंडोनेशिया की खोज और बचाव एजेंसी ने जहाज की तलाश में सर्च एंड रेस्क्यू टीम भेजी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वर्गो ट्रांसपोर्ट-8 जहाज सुराबाया से बांजारमासिन जा रहा था।

# अपनी विरासत बचानेवाला राष्ट्र कभी नहीं मिटता : शाह

एजेंसी



**मुंबई** : केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को मुंबई में एशियाटिक सोसाइटी की ओर से आयोजित 'गणेश ज्ञानार्थी प्रदर्शनी' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र अपनी स्मृति, इतिहास, भाषा, परंपरा और मूल्यों की रक्षा नहीं कर सकता, उसका चाहे कितना भी सामर्थ्य क्यों न हो, पतन निश्चित है। वहीं, जो अपनी परंपरा और ज्ञान की रक्षा करता है, उसे सदियों की गुलामी के बाद भी कोई नष्ट नहीं कर सकता। भारत इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। अमित शाह ने कहा कि 'डीकोलोनाइजेशन' का अर्थ इतिहास को मिटाना नहीं, बल्कि भारतीय परिप्रेक्ष्य से इतिहास को फिर से पूर्ण और प्रामाणिक रूप में दुनिया के सामने रखना है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, अमित शाह ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि वह इस कार्यक्रम में गृह मंत्री के रूप में नहीं, बल्कि हजारों वर्षों से चली आ रही भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने के आंदोलन के एक सहभागी के रूप में आए हैं। उन्होंने कहा कि नालंदा के पुस्तकालय को जलाया जा सकता था और उससे महीनों तक धुआं उठ सकता था, लेकिन श्रुति और स्मृति के रूप में लोगों के मानस में रचे-बसे ज्ञान को कोई मिटा नहीं सका।

उन्होंने कहा कि सच्चा ज्ञान किसी विचारधारा का बंधक नहीं होता, बल्कि ज्ञान स्वयं में एक विचारधारा है। इसलिए एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना किसने और किस उद्देश्य से की, इस विवाद में उलझने के बजाय उपलब्ध ज्ञान भंडार का उपयोग भारत को महान बनाने में किया जाना चाहिए। अमित शाह ने कहा कि 'इंडोलॉजी' (भारतविद्या) का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा से अलग था, जिसका ध्येय विश्व कल्याण है। औपनिवेशिक काल में भारतविद्या का इस्तेमाल यहां की व्यवस्थाओं को समझने, लंबे समय तक शासन बनाए रखने और समाज में हीनभावना पैदा कर लोगों का आत्मविश्वास कमजोर करने के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि अब देश स्वतंत्र है और एशियाटिक सोसाइटी के ज्ञान भंडार का उपयोग विश्व एवं राष्ट्र कल्याण के लिए किया जाना चाहिए।

शाह ने भारत रत्न पंडित पांडुरंग वामन काणे के कार्यों पर आधारित 'काणे समग्र' के संकलन का सुझाव दिया, ताकि आने वाली पीढ़ियों को उचित मार्गदर्शन मिल सके।

गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एशियाटिक सोसाइटी को हरसंभव सहयोग दे रही है और आगे भी देती रहेगी। उन्होंने संस्था को भारत सरकार के 'ज्ञान भारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन' से पूरी तरह जोड़ने पर जोर दिया।

## गृह मंत्री आज हिन्दी दिवस और छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

**केन्द्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को मुंबई में हिंदी दिवस और छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन में राजभाषा हिंदी के विकास, भारतीय भाषाओं के साथ समन्वय, भाषा और तकनीक, अनुवाद तथा हिंदी के व्यापक प्रसार से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी। उद्घाटन सत्र में वर्ष 2025-26 के 'राजभाषा गौरव' और 'राजभाषा कीर्ति' पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, मंत्रालय का राजभाषा विभाग वर्ष 2021 से हर साल अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित कर रहा है। वाराणसी से शुरू हुई यह यात्रा सूरत, पुणे, नई दिल्ली और गांधीनगर के बाद इस वर्ष महाराष्ट्र पहुंची है। सम्मेलन में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्री, सांसदों, विद्वानों, साहित्यकारों, शिक्षाविदों और केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और उल्लेखनीय योगदान के लिए संस्थानों और व्यक्तियों को वर्ष 2025-26 के 'राजभाषा गौरव' और 'राजभाषा कीर्ति' पुरस्कार दिए जाएंगे। सम्मेलन में कई पुस्तकों और प्रकाशनों का लोकार्पण भी होगा। इनमें राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' पर केंद्रित राजभाषा विभाग की पत्रिका 'राजभाषा भारती' की विशेष स्मारिका, 'भारतीय ज्ञानतंत्र : स्रोत और स्वरूप', 'शिव अनादि हैं, अनंत हैं' और जेल के कैदियों की रचनाओं का संकलन 'अँधेरों से उजालों तक' प्रमुख हैं।

# पंजाब के बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति पूरी तरह पर्याप्त : कोयला मंत्रालय

एजेंसी




**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय कोयला मंत्रालय ने पंजाब के बिजली संयंत्रों में कोयले की कमी की खबरों का खंडन करते हुए रविवार को स्पष्ट किया कि राज्य के संयंत्रों को कोयले की पर्याप्त आपूर्ति की जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि बिजली उत्पादन में कमी के लिए कोयले की आपूर्ति को जिम्मेदार ठहराना पूरी तस्वीर पेश नहीं करता है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) पंजाब सहित पूरे देश में निर्बाध विद्युत उत्पादन के लिए कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मंत्रालय ने उन मीडिया रिपोर्टों पर स्पष्टीकरण जारी किया है, जिनमें 14 घंटे तक की बिजली कटौती और संयंत्रों में उत्पादन घटने का कारण कोयले की कमी बताया गया था। कोयला मंत्रालय के अनुसार, पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के तीन ताप विद्युत संयंत्र गुरु हरगोविंद टीपीएस (लहरा मोहब्बत), गोइंदवाल साहिब टीपीपी और रोपड़ टीपीएस (कुल क्षमता 2,300 मेगावाट) में 11 सितंबर तक कोयले का स्टॉक मानक आवश्यकता का लगभग 114 प्रतिशत था, जो पर्याप्त से भी अधिक उपलब्धता को दर्शाता है। इसके बावजूद, सितंबर माह में पीएसपीसीएल के संयंत्रों का प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) केवल लगभग 59 प्रतिशत रहा है। ऐसे में कम उत्पादन के लिए कोयले की अनुपलब्धता को कारण नहीं माना जा सकता।

मंत्रालय ने बताया कि केंद्र सरकार ने पीएसपीसीएल की कैप्टिव पचवारा सेंट्रल कोयला खदान से राज्य के स्वतंत्र बिजली संयंत्रों (आईपीपी) को कोयला भेजने की पहले ही अनुमति दी हुई है। हालांकि, अप्रैल से 11 सितंबर 2026 तक इस खदान से उत्पादन तो 83.67 प्रतिशत रहा, लेकिन प्रेषण (डिस्पैच) केवल 68.44 प्रतिशत ही हो सका। इसके चलते खदान पर लगभग 3.21 लाख टन कोयले का स्टॉक जमा पड़ा है, जिसे राज्य सरकार को अपने संयंत्रों के लिए जल्द उठाना चाहिए।

### मप्र में स्वाइन फ्लू से एक और मरीज की मौत

**भोपाल** : मध्य प्रदेश में एच1एन1 (स्वाइन फ्लू) के बढ़ते मामलों के बीच एक और मरीज की मौत हो गई। संक्रमण की चपेट में आए भोपाल के एक बुजुर्ग ने शनिवार रात निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। भोपाल में इस साल स्वाइन फ्लू से यह पहली और प्रदेश में एक माह में चौथी मौत हुई है। जानकारी के मुताबिक, भोपाल के ओल्ड मिनाल रेसीडेंसी निवासी राम सिंह (80) स्वाइन फ्लू से संक्रमित थे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, संक्रमण के चलते उन्हें गंभीर रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम और एक्यूट रेस्पिरेटरी फेलियर हो गया था। बुजुर्ग पहले से ही हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और टाइप-2 डायबिटीज जैसी बीमारियों से पीड़ित थे।

## मायावती ने ब्रिक्स घोषणा को बताया कूटनीतिक उपलब्धि

एजेंसी



**लखनऊ** : बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने नई दिल्ली में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान जारी 'नई दिल्ली घोषणा पत्र' को महत्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन और ईरान को लेकर अमेरिकी नीतियों, बढ़ती वैश्विक तनातनी, संघर्ष और व्यापारिक टैरिफ के कारण पैदा हुए आर्थिक संकट के बीच ब्रिक्स देशों का 140 पैराग्राफ वाला घोषणा पत्र सर्वसम्मति से जारी होना आपसी समझ और कूटनीतिक सूझबूझ का परिचायक है। रविवार को लखनऊ में आयोजित प्रेसवार्ता में मायावती ने कहा कि ब्रिक्स देशों के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत करने की इच्छा उम्मीद जगाने वाली है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स करेंसी के विकास की दिशा में आगे बढ़ना भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। फलस्तीन के मुद्दे का उल्लेख करते हुए बसपा प्रमुख ने कहा कि दो-देश समाधान और 1967 की सीमाओं के आधार पर स्वतंत्र फलस्तीन राष्ट्र के समर्थन के साथ आतंकवाद से हर स्तर पर निपटने की प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण है।

## हर बात रिश्ते के बारे में नहीं होती : जैस्मिन



**मुंबई** : हाल ही में टीवी अभिनेत्री जैस्मिन भसीन अपने पहले टैटू 'आई एम इनफ' की तस्वीर और उससे जुड़ा अनुभव साझा किया था। सोशल मीडिया यूजर्स ने इसके बाद उनके पोस्ट को अभिनेता और उनके बॉयफ्रेंड अली गोनी के साथ जोड़ना शुरू कर दिया। देखते ही देखते दोनों के ब्रेकअप की अटकलें लगने लगीं। अब जैस्मिन ने खुद इन खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए स्पष्ट किया है कि उनके हर पोस्ट का संबंध उनके रिश्ते से नहीं होता। जैस्मिन ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए उन मीडिया पेजों पर नाराजगी जाहिर की, जिन्होंने उनके टैटू वाले पोस्ट को ब्रेकअप का संकेत बताया था। अभिनेत्री ने कहा कि उनकी जिंदगी में आने वाला हर 'क्रिप्टिक मैसेज' उनके रिश्ते के बारे में नहीं होता। कई बार एक महिला केवल अपने बारे में भी बात कर रही होती है। उन्होंने मीडिया पेजों पर सिर्फ व्यूज और ध्यान आकर्षित करने के लिए पोस्ट का अलग अर्थ निकालने का आरोप लगाया।

अभिनेत्री ने कहा कि कई बार कपल की तस्वीरों का इस्तेमाल कर ऐसी खबरों का माहौल बनाया जाता है, जिससे ज्यादा लोगों का ध्यान आकर्षित हो।

## वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा में भारत निभा रहा अग्रणी भूमिका : डॉ. जितेन्द्र सिंह

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने रविवार को कहा कि भारत हाल के वर्षों में उत्पादन की मात्रा के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा टीका उत्पादक और वैश्विक आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है। देश का विविध रोग परिदृश्य और तेजी से बढ़ती वैज्ञानिक क्षमताएं मिलकर टीका अनुसंधान, महामारी की तैयारियों और वैश्विक स्वास्थ्य से जुड़े जैव-चिकित्सीय समाधानों के विकास के लिए अद्वितीय मंच प्रदान करते हैं। भारत महामारी की पूर्व तैयारियों के मामले में एक दशक पुरानी सीमाओं से बहुत आगे निकल चुका है और भविष्य की महामारियों से निपटने के लिए दुनिया की तैयारियों में निर्णायक योगदान देने में पूरी तरह सक्षम है। डॉ. जितेन्द्र सिंह यहां इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) और 'महामारी की तैयारियों के लिए नवाचार गठबंधन' (सेपी) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सेपी संचालक मंडल एवं निवेशक परिषद के उच्चस्तरीय स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। एक दशक बाद नई दिल्ली में आयोजित इस बैठक को भारत-सेपी साझेदारी का अहम पड़ाव

### कल मुम्बई कूच करेंगे मनोज जरांगे

**मुंबई** : मराठा आरक्षण आंदोलन के लिए मुंबई में पुलिस की अनुमति नहीं मिलने के बावजूद मराठा नेता मनोज जरांगे ने रविवार को स्पष्ट किया कि आंदोलन किसी भी हालत में नहीं रुकेगा। उन्होंने कहा कि वे रविवार से सलाइन और पानी लेना भी बंद कर देंगे और पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 सितंबर को जालना से मुंबई के लिए रवाना होंगे। जरांगे ने कहा कि 19 सितंबर को मुंबई के आजाद मैदान पहुंचकर वे वहां आंदोलन और भूख हड़ताल जारी रखेंगे। जालना में 29 अगस्त से मराठा आरक्षण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे जरांगे ने पत्रकारों से कहा कि सरकार कथित तौर पर साजिश के तहत उनके मुंबई आंदोलन को रोकना चाहती है।

# रेलवे ने अगस्त में दर्ज की 5.4 प्रतिशत की माल ढुलाई वृद्धि, 14 अमृत भारत ट्रेन सेवाएं हुईं नियमित

एजेंसी



**नयी दिल्ली** : भारतीय रेलवे ने अगस्त महीने के दौरान यात्री कनेक्टिविटी और माल ढुलाई क्षमता दोनों में उल्लेखनीय विस्तार दर्ज किया है। अगस्त माह में रेलवे ने कुल 137.9 मिलियन टन माल की ढुलाई की, जो अगस्त 2025 के 130.9 मिलियन टन की तुलना में 5.4 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही इस अवधि में रेलवे के माल ढुलाई राजस्व में 6.27 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

रेल मंत्रालय के अनुसार, पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लौह अयस्क की लोडिंग में 12.1 प्रतिशत, क्लिंकर में 10.4 प्रतिशत, घरेलू कंटेनर ढुलाई में 9.2 प्रतिशत और कोयले की ढुलाई में 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा तैयार इस्पात (फिनिश्ड स्टील) में 4.9 प्रतिशत, खनिज तेल में 3.1 प्रतिशत, उर्वरक में 1.6 प्रतिशत और अन्य शेष वस्तुओं की लोडिंग में 8.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

उद्योगों को अंतिम छोर तक तेज और सुगम माल ढुलाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अगस्त माह में 5 नए गति शक्ति कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) चालू किए गए। साथ ही 31 अगस्त तक देश भर में चालू गति शक्ति टर्मिनलों की कुल संख्या बढ़कर 149 पहुंच गई है। ये नए टर्मिनल गुजरात के शिवलखा, तमिलनाडु के नल्ली, उत्तर प्रदेश के शक्तिनगर, मध्य प्रदेश के देवराग्राम और ओडिशा के ब्रजराजनगर में स्थापित किए गए हैं।

इसके अलावा आम यात्रियों को किफायती और आरामदायक यात्रा विकल्प उपलब्ध कराने के लिए अगस्त में 14 विशेष अमृत भारत सेवाओं को नियमित ट्रेनों में परिवर्तित किया गया। साथ ही देश में नियमित अमृत भारत सेवाओं की कुल संख्या बढ़कर 86 हो गई है।





सन्देश

हिंदी हमारे देश की सबसे समृद्ध और व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। यह न केवल संवाद का माध्यम है, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और भावनाओं की अभिव्यक्ति का भी प्रमुख साधन है। हिंदी न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान है, बल्कि यह देश की एकता, अखंडता और भावनात्मक एकजुटता का भी सशक्त माध्यम है। यह वह भाषा है जिसने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हमें एक सूत्र में बांधा और आज भी देश के कोने-कोने में संवाद का सेतु बनी हुई है।

हमारा झारखंड राज्य सांस्कृतिक विविधता और भाषायी समृद्धि से परिपूर्ण है। यहाँ बोली जानेवाली संथाली, मुंडारी, हो, खोरठा, नागपुरी, कुड़ुख आदि जनजातीय / क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों के बीच हिंदी संवाद और समन्वय की भूमिका बखूबी निभा रही है। यह हम सबके लिए गर्व की बात है कि हिंदी ने हमारी भाषायी विविधता को एक साझा मंच प्रदान किया है।
आज के युग में हमें हिंदी को केवल बोलचाल तक सीमित नहीं रखना है, बल्कि इसे शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, प्रशासन और रोजगार के क्षेत्रों में भी आगे बढ़ाना है। झारखंड में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार, शोध और विकास के लिए राज्य सरकार संकल्पित है, और इसके लिए आवश्यक कदम लगातार उठाए जा रहे हैं।

हिंदी दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि हमें अपनी मातृभाषा का सम्मान करना है। इस अवसर पर राज्य के युवाओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों, साहित्यकारों, सभी बुद्धिजीवियों और शिक्षण संस्थानों से आग्रह है कि वे हिंदी भाषा के संरक्षण, संवर्धन और समृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

आइए, हम सब मिलकर इस हिंदी दिवस पर यह संकल्प लें कि हिंदी को जन-जन की भाषा बनाने की दिशा में हम सभी अपनी भूमिका निभाएँगे।

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड

PR- 389453 (Personnel Administrative Reforms and Raj Bhasa) 26-27